CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 28°C
न्यूनतम : 24°C

नई दिल्ली, शुक्रवार 1 अगस्त 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 120 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com


विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | श्रावण शुक्ल पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2082 | 6 सफर 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**स्कूलों के विलय पर योगी सरकार का यूटर्न**

पेज 2



**ओवल टेस्ट: गिल ने तोड़ा गावस्कर का रिकॉर्ड**

खेल टाइम्स



**सियाम की परछाइयां: मंदिर, युद्ध और वैश्विक शतरंज**

सम्पादकीय



**हो सकता है, भारत को तेल बेचे पाक: ट्रम्प**

पेज़ 12

# मालेगांव विस्फोट मामले में साध्वी प्रज्ञा समेत सभी आरोपी बरी

**मुंबई, वार्ता**



- एनआईए कोर्ट का फैसला, विस्फोट में छह लोग मारे गए थे और 101 अन्य घायल हुए थे, कोई विश्वसनीय और ठोस सबूत नहीं
- फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती देंगे पीड़ित परिवारों के वकील

**सितम्बर** 2008 के मालेगांव विस्फोट मामले में गुरुवार को मुंबई की एक विशेष अदालत ने पूर्व भाजपा सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर और लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित सहित सभी सात आरोपियों को बरी कर दिया। इस विस्फोट में छह लोग मारे गए थे और 101 अन्य घायल हुए थे।

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के मामलों की सुनवाई के लिए नियुक्त विशेष न्यायाधीश एके लाहोटी ने अभियोजन पक्ष के मामले और की गई जांच में कई खामियां बताईं। उन्होंने कहा कि आरोपियों को संदेह का लाभ मिलना चाहिए। विस्फोट के सभी छह पीड़ितों के परिवारों को दो-दो लाख रुपये और सभी घायलों को 50-50 रुपये का मुआवजा दिया जाएगा। पीड़ित परिवारों के वकील एडवोकेट शाहिद नदीम ने कहा कि बम विस्फोट की पुष्टि कोर्ट ने कर दी है। हम इस बरी करने के फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती देंगे। हम स्वतंत्र रूप से अपील दायर करेंगे। 29 सितम्बर 2008 को मुंबई से लगभग 200 किलोमीटर दूर मालेगांव शहर में एक मस्जिद के पास एक मोटरसाइकिल पर बंधे विस्फोटक उपकरण में विस्फोट होने से छह लोगों की मौत हो गई थी। धमाके में 100 से अधिक घायल हुए थे। न्यायाधीश ने फैसला पढ़ते हुए कहा कि मामले को संदेह से परे साबित करने के लिए कोई विश्वसनीय और ठोस सबूत नहीं है। मामले में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के प्रावधान लागू नहीं होते। कोर्ट ने यह भी कहा कि यह साबित नहीं हुआ है कि विस्फोट में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल प्रज्ञा ठाकुर के नाम पर पंजीकृत थी, जैसा कि अभियोजन पक्ष ने दावा किया है। यह भी साबित नहीं हुआ है कि विस्फोट कथित तौर पर बाइक पर लगाए गए बम से हुआ था। अदालत ने कहा कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता। कोई भी धर्म हिंसा का समर्थन नहीं कर सकता। अदालत केवल धारणा और नैतिक -**शेष पृष्ठ दो पर**

# लैंडस्लाइड से केदारनाथ यात्रा रुकी गाजियाबाद में सोसाइटी का बेसमेंट धंसा

**नई दिल्ली।** यूपी के गाजियाबाद में रात भर की बारिश में पूरा शहर जलमग्न हो गया।

## 2500 लोग फंसे

क्रॉसिंग रिपब्लिक के पास सुशांत एक्वापोलिस सोसाइटी का बेसमेंट करीब 15 फीट धंस गया। बेसमेंट में खड़ी 4 गाड़ियां मलबे में दबकर क्षतिग्रस्त हो गईं।

दूसरी तरफ, उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में मुनकटिया के पास बुधवार को लैंडस्लाइड हुई। इससे केदारनाथ जाने वाला पैदल रास्ता बंद हो गया, यात्रा 4 दिन के लिए स्थगित कर दी गई। सड़क के अचानक बंद होने से गौरीकुंड में लगभग 2,500 तीर्थयात्री फंस गए हैं।

## दिल्ली-एनसीआर में मध्यम बारिश का अनुमान

**नई दिल्ली।** दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में अगले दो दिन के दौरान हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार लोनी देहात, हिंडन वायुसेना स्टेशन, गाजियाबाद, इंदिरापुरम, छपरौला, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गुरुग्राम, फरीदाबाद और बल्लभगढ़ के इलाकों में बारिश का अनुमान है। सुबह न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस रहा और दिन का अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की उम्मीद है। पिछले कई दिनों में राजधानी में हुई भारी बारिश से दिल्लीवासियों को अनेक स्थानों पर जलभराव और यातायात जाम की समस्या का सामना करना पड़ा।

# बचकानी हठ पर उतरे ट्रम्प, टैरिफ की जिद के साथ बोले- 'भारत-रूस अपनी अर्थव्यवस्था को साथ ले डूबें'

**वाशिंगटन, वार्ता**



- अमेरिकी राष्ट्रपति ने इंडिया को डेड इकोनॉमी बताया
- कहा: मुझे क्या, आज से 25 प्रतिशत टैरिफ लगेगा

**भारत पर** 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत और रूस को डेड इकोनॉमी बताया। उन्होंने कहा कि भारत और रूस अपनी अर्थव्यवस्था को साथ ले डूबें, मुझे क्या। एक दिन पहले ट्रम्प ने भारत पर 1 अगस्त से 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान किया था। अभी अमेरिका की तरफ से भारतीय सामानों पर औसतन करीब 10 प्रतिशत टैरिफ लगता है। इसके बढ़ने से अमेरिकी बाजार में भारतीय सामान के दाम बहुत बढ़ जाएंगे।

डेड इकोनॉमी उस स्थिति को कहते हैं जब किसी देश की अर्थव्यवस्था पूरी तरह ठप हो जाए या बिल्कुल सुस्त पड़ जाए। इसमें व्यापार, उत्पादन, नौकरियां और लोगों की कमाई लगभग रुक सी जाती है। विकास रुक जाता है और लोग आर्थिक तंगी में फंस जाते हैं। डेड इकोनॉमी कोई आधिकारिक आर्थिक टर्म नहीं है। ये एक बोलचाल का शब्द है, इसलिए इसे मापने का कोई सटीक पैमाना भी नहीं है। हालांकि इसे समझने के लिए कुछ आर्थिक संकेतकों का इस्तेमाल किया जा सकता है-जैसे जीडीपी, महंगाई, बेरोजगारी दर और व्यापार घाटा। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया ट्रुथ सोशल पर 30 जुलाई को ऐलान किया कि भारतीय सामानों पर अमेरिका में 25 प्रतिशत टैरिफ लगेगा। रूस से व्यापार के चलते भारत पर टैरिफ के अलावा पेनल्टी भी लगेगी। हालांकि ट्रम्प ने यह नहीं बताया कि पेनल्टी कितनी होगी। उन्होंने कहा कि 25 प्रतिशत टैरिफ और पेनल्टी दोनों 1 अगस्त, 2025 से लागू होंगे। ट्रम्प के 29 जुलाई को किए गए सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा था कि भारत हमारा दोस्त है, लेकिन हमने पिछले कई सालों में उनके साथ ज्यादा कारोबार नहीं किया, क्योंकि उनके टैरिफ बहुत ज्यादा हैं, शायद दुनिया में सबसे ज्यादा।

## ट्रम्प ने सही कहा इंडियन इकोनॉमी मर चुकी: राहुल



- इकोनॉमी को पीएम मोदी ने मारा, ये बात पीएम और वित्त मंत्री को छोड़कर सबको पता है

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के भारतीय अर्थव्यवस्था को डेड इकोनॉमी (मृत अर्थव्यवस्था) बताने पर कहा-मुझे खुशी हुई कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने फैक्ट बताया है। राहुल ने कहा कि पूरी दुनिया जानती है कि भाजपा ने अडानी की मदद के लिए भारतीय अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर दिया है। ट्रम्प सही कह रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी और वित्त मंत्री को छोड़कर सभी जानते हैं कि भारत की इकोनॉमी डेड है।

## सरकार राष्ट्रीय हितों की रक्षा करेगी: पीयूष गोयल



**नई दिल्ली।** वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को संसद में कहा कि भारत के निर्यात पर सीमा शुल्क लगाने की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ताजा घोषणाओं की सरकार समीक्षा कर रही है और वह राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए हर आवश्यक कदम उठाएगी। श्री गोयल ने अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार के संबंध में राष्ट्रपति ट्रम्प की घोषणाओं पर राज्य सभा में स्वत: दिए गए एक वक्तव्य में कहा कि सरकार अपने देश के किसानों, मजदूरों और सूक्ष्म, लघु तथा मझोले उद्यमों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

## मोदी दोस्त बनाते हैं, बदले में क्या मिला, टैरिफ मुद्दे पर पीएम जवाब दें: प्रियंका

**नई दिल्ली।** संसद मानसून सत्र के 9वें दिन बिहार वोटर वेरिफिकेशन और अमेरिका के टैरिफ लगाने वाले मुद्दे पर विपक्ष ने हंगामा किया। लोकसभा और राज्यसभा 3-3 बार स्थगित हुईं। दरअसल अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को भारत पर 1 अगस्त से 25 फीसदी टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। इस पर विपक्ष ने सदन और संसद के बाहर विरोध-प्रदर्शन किया। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने टैरिफ पर जो कहा उसे सबने देखा है। प्रधानमंत्री मोदी हर जगह जाते हैं, दोस्त बनाते हैं और फिर हमें बदले में यही मिलता है।

## लोकसभा की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्षी दलों ने बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण मामले को लेकर गुरुवार को भारी हंगामा किया जिसके कारण सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने दो बार के स्थगन के बाद चार बजे तीसरी बार जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू की, विपक्षी दलों के सदस्य हंगामा और नारेबाजी करते हुए सदन के बीचोंबीच आ गए। हंगामे के बीच ही वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने अमेरिकी टैरिफ पर संसद में बयान दिया और कहा कि भारत और अमेरिका के बीच वार्ता जारी है, लेकिन भारत अपने घरेलू उद्योगों की रक्षा करेगा।

## मुंबई एयरपोर्ट पर आठ करोड़ की ड्रग्स जब्त

**मुंबई।** मुंबई कस्टम डिपार्टमेंट के एविएशन अधिकारियों ने 8 करोड़ रुपये की ड्रग्स जब्त की है। यह कार्रवाई 29 और 30 जुलाई को हुई। इसमें 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। कस्टम ऑफिसर ने छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर बैंकॉक से आई फ्लाइट नंबर वीजी-760 से तीन संदिग्ध पैसेंजर्स को रोका था। इनके सामान की जांच के दौरान 1. 990 किग्रा गांजा मिला, जिसकी बाजार में करीब 2 करोड़ रुपये की कीमत है। मुंबई एयरपोर्ट के ही एक दूसरे मामले में बैंकॉक की फ्लाइट नंबर 6ई1060 से एक पैसेंजर के पास 6.22किग्रा गांजा बरामद किया। इसकी बाजार कीमत 6 करोड़ रुपये है।

## सेना उप प्रमुख सुब्रमणि सेवानिवृत

**नई दिल्ली।** सेना उप प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि 39 वर्ष की उल्लेखनीय सेवा के बाद गुरुवार को सेवानिवृत्त हो गए। सेना में उनकी विशिष्ट यात्रा राष्ट्रीय रक्षा अकादमी से शुरू हुई और दिसम्बर 1985 में उन्हें गढ़वाल राइफल्स में कमीशन दिया गया। असाधारण शैक्षणिक क्षमता वाले अधिकारी के रूप में उन्होंने किंग्स कॉलेज, लंदन से स्नातकोत्तर की डिग्री और मद्रास विश्वविद्यालय से रक्षा अध्ययन में एम.फिल की डिग्री प्राप्त की।

## पनीरसेल्वम ने राजग को कहा अलविदा

**चेन्नई।** तमिलनाडु में आसन्न विधानसभा चुनावों से पहले भाजपा नीत गठबंधन को गुरुवार को उस समय झटका लगा, जब ऑल इंडिया द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के पूर्व नेता और तीन बार मुख्यमंत्री रहे ओ पनीरसेल्वम राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) से अलग हो गए। श्री पनीरसेल्वम का राजग छोड़ने का फैसला ऐसे समय में आया है, जब पिछले सप्ताह राज्य के दौरे पर आए पीएम मोदी ने उन्हें मिलने के लिए कथित तौर पर समय नहीं दिया। उन्होंने 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा के सहयोगी के रूप में रामनाथपुरम निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ा, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा। श्री पनीरसेल्वम ने राजग छोड़ना उन खबरों की पृष्ठभूमि में आया है, जिनमें कहा गया था कि वह अभिनेता-राजनेता विजय की उभरती हुई तमिलझगा वेत्री कषगम (टीवीके) के साथ गठबंधन कर सकते हैं। इससे पहले, हालांकि दिन में श्री पनीरसेल्वम की सुबह की नियमित सैर के दौरान मुख्यमंत्री और द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) अध्यक्ष एमके स्टालिन से मुलाकात हुई थी।

# भारत-अरब अमीरात व्यापक रणनीतिक साझेदारी की मजबूती को प्रतिबद्ध

- पीएम मोदी ने शेख मोहम्मद बिन जायद से की फोन पर बात

**नई दिल्ली।** भारत और संयुक्त अरब अमीरात ने द्विपक्षीय व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई है।

प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि पीएम मोदी ने बुधवार देर रात संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति महामहिम शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से टेलीफोन पर बात की। दोनों नेताओं ने भारत और अमीरात के बीच द्विपक्षीय व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मज़बूत करने प्रतिबद्धता दोहराते हुए द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति का सकारात्मक मूल्यांकन किया।

# किसान संपदा का बजट 6,520 करोड़ हुआ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सरकार ने प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना-(पीएमकेएसवाई) के लिए 1920 करोड़ रुपये के अतिरिक्त कुल 6520 करोड़ रुपये के परिव्यय को मंजूरी दी है।

सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की यहां हुई बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। उन्होंने कहा कि आज 15वें वित्त आयोग 2021-22 से 2025-26 की अवधि में चल रही पीएमकेएसवाई के लिए 1920 करोड़ रुपये के अतिरिक्त परिव्यय के साथ ही इस अवधि के लिए कुल 6520 करोड़ रुपये के परिव्यय को मंजूरी दी गई है।

## सरकार ने दी रेलवे की 11,169 करोड़ रुपये की चार परियोजनाओं को मंजूरी

**नई दिल्ली।** सरकार ने देश भर में आवागमन एवं माल परिवहन के बुनियादी ढांचे के विस्तार को गति देने के लिए गुरुवार को छह राज्यों में विभिन्न रेल खंडों पर अतिरिक्त लाइनों के निर्माण के लिए कुल 11,169 करोड़ रुपये की चार परियोजनाओं को मंजूरी दी।

# तेलंगाना में दलबदलू विधायकों को SC का अल्टीमेटम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



- अदालत ने विधायकों की अयोग्यता पर तेजी से निर्णय लेने का निर्देश विधानसभा अध्यक्ष को दिया

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने तेलंगाना में दलबदल करने वाले भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के विधायकों की अयोग्यता पर तेजी से निर्णय लेने का निर्देश विधानसभा अध्यक्ष को दिया है।

कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि यह फैसला तीन महीने के भीतर हो जाना चाहिए, वरना लोकतंत्र को नुकसान पहुंच सकता है। कोर्ट का यह आदेश तब आया है जब कांग्रेस में शामिल हुए 10 बीआरएस विधायकों के खिलाफ अयोग्यता याचिकाओं पर सात महीने बाद भी कोई फैसला नहीं हुआ। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि यदि स्पीकर समय पर कार्रवाई नहीं करते तो यह 'ऑपरेशन सफल, मरीज मृत' वाली स्थिति होगी। कोर्ट ने कहा कि यह मामला 10वीं अनुसूची से जुड़ा है, जिसमें दलबदल की स्थिति में स्पीकर को त्वरित फैसला लेना होता है। कोर्ट ने स्पीकर से कहा कि वे विधायकों को प्रक्रिया में देरी नहीं करने दें और यदि ऐसा होता है, तो उनके खिलाफ प्रतिकूल निष्कर्ष निकाल सकते हैं। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि राजनीतिक दलबदल देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए गंभीर खतरा हैं। अगर इसे रोका नहीं गया तो यह पूरी प्रणाली को अस्थिर कर सकता है। कोर्ट ने संसद से भी आग्रह किया कि वह विचार करे कि क्या दलबदल मामलों में स्पीकर को ही निर्णय देने का मौजूदा तंत्र उचित है या इसमें बदलाव की जरूरत है।

# कबूतरों को दाना चुगाने पर बॉम्बे हाईकोर्ट की रोक

**मुंबई, वार्ता**



- कहा: यह सेहत के लिए भी खतरा
- बीएमसी को दाना डालने वालों पर एफआईआर करने की परमिशन दी

**बॉम्बे हाईकोर्ट** ने कहा कि कबूतरों के झुंड को दाना डालना सार्वजनिक रूप से परेशानी पैदा करने वाला है। यह मुद्दा जन स्वास्थ्य से जुड़ा है और सभी उम्र के लोगों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर और संभावित खतरा है।

जस्टिस जीएस कुलकर्णी और जस्टिस आरिफ डाक्टर की बेंच ने पशु प्रेमियों की दायर याचिका पर सुनवाई की। कोर्ट ने मुंबई नगर निगम को दाना डालने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का भी निर्देश दिया। इसके अलावा कोर्ट ने बीएमसी को शहर के कबूतरखानों में कबूतरों के जमावड़े को रोकने के लिए सभी जरूरी कदम उठाने और कड़े उपाय लागू करने का निर्देश भी दिया। दरअसल, 3 जुलाई को इसी मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने बीएमसी को किसी भी पुराने विरासती कबूतरखाने को ध्वस्त करने से रोक दिया था, लेकिन कहा था कि दाना डालने की अनुमति नहीं दे सकती। पल्लवी पाटिल, स्नेहा विसारिया और सविता महाजन ने याचिका में दावा किया था कि बीएमसी का यह काम पशु क्रूरता निवारण अधिनियम का उल्लंघन करता है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि अनुमति न मिलने के बावजूद लोग कबूतरखानों में कबूतरों को दाना डालना जारी रखे हुए हैं। अब यह स्थिति और भी जटिल हो गई है, क्योंकि पिछले आदेश में याचिकाओं को खारिज कर दिया गया था। नगर निगम के अधिकारियों को अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने से रोका जा रहा है। कानून की अवहेलना की जा रही है। हम बीएमसी को ऐसे किसी भी व्यक्ति और समूहों के खिलाफ मुकदमा चलाने की अनुमति देते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### मोदी-ट्रम्प दोस्ती का खामियाजा देश भुगत रहा: अजय

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के भारत पर 25 परसेंट टैरिफ लगाने की कड़ी निदा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दोस्ती का खामियाजा देश भुगत रहा है। राय ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा- ट्रम्प ने भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ ठोक दिया, साथ ही पेनल्टी भी लगा दी। नरेंद्र मोदी की 'दोस्ती' का खामियाजा देश भुगत रहा है। पीएम मोदी ने ट्रम्प का प्रचार किया और लपक-लपककर गले मिले। फोटो खिचवाकर सोशल मीडिया में ट्रेंड कराया था। आखिर में ट्रम्प ने भारत पर टैरिफ ठोक दिया। भारत की विदेश नीति पूरी तरह फेल हो चुकी है।

### प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का समय बढ़ाने की गुजारिश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की तिथि को 31 जुलाई से बढ़ाकर 15 अगस्त तक करने की मांग की है, ताकि अधिक से अधिक किसानों को लाभ मिल सके। शाही ने बताया कि उन्होंने नई दिल्ली में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान से भेंट कर उत्तर प्रदेश के किसानों से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत फसलों के बीमा की अंतिम तिथि 31 जुलाई से बढ़ाकर 15 अगस्त करने का आग्रह किया, ताकि अधिकाधिक किसान इसका लाभ ले सकें। कृषि मंत्री ने बताया कि जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए कीटनाशकों के स्थान पर जैव कीटनाशकों को प्रोत्साहित करने पर विस्तार से चर्चा की।

# करोड़ों सनातनियों से माफी मांगे कांग्रेस: योगी

## मुख्यमंत्री ने माले गांव विस्फोट में सभी आरोपियों के बरी होने पर दी प्रतिक्रिया

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ जनप्रतिनिधियों एवं शहीदों के गांवों की सड़कों के निर्माण को प्राथमिकता मिले

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने माले गांव विस्फोट में सभी आरोपियों के बरी होने के बाद कांग्रेस पर निशाना साधते हुए माफी मांगने की मांग की है।

योगी ने गुरुवार को अपने ट्वीट में लिखा- मालेगांव विस्फोट प्रकरण में सभी आरोपियों का निर्दोष सिद्ध होना 'सत्यमेव जयते' की सजीव उद्घोषणा है। यह निर्णय कांग्रेस के भारत विरोधी, न्याय विरोधी और सनातन विरोधी चरित्र को पुनः उजागर करता है, जिसने 'भगवा आतंकवाद' जैसा मिथ्या शब्द गढ़कर करोड़ों सनातन आस्थावानों, साधु-संतों और राष्ट्रसेवकों की छवि को कलंकित करने का अपराध किया है। कांग्रेस को अपने अक्षम्य कुकृत्य को सार्वजनिक रूप से स्वीकार करते हुए देश से माफी मांगनी चाहिए।

महाराष्ट्र के मालेगांव ब्लास्ट केस में एनआईए स्पेशल कोर्ट ने साध्वी प्रज्ञा समेत सातों आरोपियों को बरी कर दिया है। इस केस में सात मुख्य आरोपी थे। इनमें पूर्व भाजपा सांसद साध्वी प्रज्ञा ठाकुर, कर्नल प्रसाद पुरोहित, रमेश उपाध्याय, अजय राहिरकर, सुधाकर चतुर्वेदी, समीर कुलकर्णी और सुधाकर धर द्विवेदी शामिल थे। वहीं मुख्यमंत्री योगी लोक निर्माण विभाग को निर्देशित करते हुए कहा है कि जनप्रतिनिधियों एवं शहीदों के गांवों की सड़कों के निर्माण को प्राथमिकता पर रखें। योगी ने कहा कि जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रस्तुत किए गए सड़क, दीर्घ सेतु, लघु सेतु, आरओबी और आरयूबी, धर्मार्थ स्थलों की सड़कें, फ्लाईओवर निर्माण से सम्बन्धित प्रस्तावों पर जनप्रतिनिधियों द्वारा दिए गए वरीयताक्रम के आधार पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

### गुलामी के युग में भी भक्ति और शक्ति से तुलसीदास ने जाग्रत रखी जनचेतना

**चित्रकूट।** धार्मिक नगरी चित्रकूट में संत तुलसीदास के जयंती समारोह (तुलसी जयंती) में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 500 वर्ष पूर्व जब इस गांव की स्थिति शायद साधनों के अभाव और कठिनाइयों से ग्रस्त रही होगी, ऐसे समय में एक दिव्य आत्मा ने जन्म लिया और बाल्यावस्था में ही प्रभु श्रीराम के चरणों में स्वयं को समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि उस कालखंड में जब अकबर का साम्राज्य विस्तार पर था और दरबार में जगह पाने की होड़ थी, तब तुलसीदास जी ने रामबोला के रूप में खुद को किसी दरबारी की सेवा में नहीं बल्कि केवल प्रभु श्रीराम की भक्ति में समर्पित किया।

# ट्रम्प की चुनौती को आत्मनिर्भरता में तब्दील करे मोदी सरकार: मायावती

लखनऊ, वार्ता



आयात शुल्क पर अमेरिका द्वारा 25 फीसदी की बढ़ोतरी को देश की अर्थव्यवस्था के लिए नयी चुनौती बताते हुए बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती ने उम्मीद जाहिर की कि केन्द्र सरकार इस चुनौती को आत्मनिर्भरता में तब्दील करने में सफल होगी और राष्ट्र हित से कोई समझौता नहीं करेगी।

सुश्री मायावती ने एक्स पर लिखा- मित्र देश बताने के बावजूद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भारतीय आयात पर कल दिनांक 1 अगस्त से 25 प्रतिशत शुल्क तथा रूस से तेल आयात करने पर पेनाल्टी लगाने की भी नई उभरी चुनौती को केन्द्र सरकार इसे अवसर एवं आत्मनिर्भरता में बदलकर देश की अर्थव्यवस्था को प्रभावित नहीं होने देगी, तथा इसको लेकर देश को दिए गए इस आश्वासन पर कि किसान, छोटे व मंझोले उद्योग और राष्ट्रहित से कोई समझौता नहीं करेगी, इस पर सरकार खरी उतरकर दिखाएगी भी, ऐसी देश को आशा। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया की सबसे बड़ी जनसंख्या वाला अधिकतर ग़रीबों और मेहनतकश लोगों का देश है, जिसे हर हाथ को काम देने वाली श्रम शक्ति के बल पर देश को आगे बढ़ाने की नीति बनाकर उस पर सही से अमल किया जाए, तो देश निश्चय ही आत्मनिर्भरता के साथ-साथ 'सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय' वाला सुखी व सम्पन्न देश बन सकता है, जिसमें ही संविधान के मानवतावादी एवं कल्याणकारी उद्देश्य के हिसाब से जन व देशहित पूरी तरह से निहित है व यह सुरक्षित भी रह सकता है। गौरतलब है कि अमेरिका ने भारत पर 25 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने की घोषणा की है और रूस से सैन्य उपकरण तथा तेल खरीदने पर जुर्माना लगाने की बात भी कही है।

# विदेश नीति व्यक्तिगत संबंधों पर नहीं होनी चाहिए: सैलजा

चंडीगढ़, वार्ता



■ अमेरिका भारत पर व्यापारिक मोर्चे पर दबाव बनाएगा


कांग्रेस महासचिव एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा ने अमेरिका द्वारा भारत पर लगाए गए 25 प्रतिशत टैरिफ और दंडात्मक शुल्क पर कहा कि आज एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि भाजपा सरकार की तथाकथित 'व्यक्तिगत कूटनीति' और अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर मौन रहकर सम्मान पाने की रणनीति पूरी तरह विफल रही है।

सांसद सैलजा ने गुरुवार को कहा कि भारत की चुप्पी ऐसे ही रही, तो आने वाले समय में अमेरिका भारत पर व्यापारिक मोर्चे पर दबाव बनाएगा। हमारी विदेश नीति व्यक्तिगत संबंधों पर नहीं, बल्कि आत्मसम्मान और राष्ट्रीय हितों पर आधारित होनी चाहिए। सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि कांग्रेस स्पष्ट करना चाहती है कि राष्ट्रहित केवल विदेशी नेताओं के साथ मंच साझा करने या भव्य शोभायात्राओं से सुरक्षित नहीं होता, बल्कि एक निडर, संतुलित और दूरदर्शी विदेश नीति से ही हमारे हित सुरक्षित हो सकते हैं। यह वही नीति है जिसे भारत ने इंदिरा गांधी के नेतृत्व में दृढ़ता के साथ अपनाया था, जब भारत ने न केवल अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा की, बल्कि विश्व मंच पर सम्मान भी अर्जित किया।

## मर्जर का काम एक सप्ताह में कर लिया जाना है पूरा

# स्कूलों के विलय पर योगी सरकार का यू टर्न

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ एक किमी से ज्यादा दूरी वाले और 50 से ज्यादा विद्यार्थियों वाले स्कूलों का नहीं होगा विलय

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री संदीप सिंह ने कहा कि एक किमी से अधिक दूरी वाले विद्यालयों का विलय नही होगा, वहीं जिन उच्च प्राथमिक स्कूलों की दूरी तीन किमी से अधिक होगी, उनका भी विलय नही होगा।

सिंह ने गुरुवार को यहां एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि इसके साथ ही जिन स्कूलों में छात्रों की संख्या 50 या इससे अधिक है, उनका भी विलय नही होगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के परिप्रेक्ष्य में उत्तर प्रदेश में अति न्यून संख्या वाले विद्यालयों की निकटस्थ विद्यालयों के साथ ही पेयरिग की जा रही है। एक सप्ताह में मर्जर का काम पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह अफवाह फैलाई जा रही है कि बच्चों की शिक्षा को सरकार खत्म कर रही है, यह ग़लत है। विद्यालयों की पेयरिग उत्तर प्रदेश निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार नियमावली-2011 (यथा संशोधित 2017) के अनुसार प्राथमिक विद्यालयों की पेयरिग आबादी से 1 किमी की दूरी के अन्तर्गत तथा उच्च प्राथमिक विद्यालयों की पेयरिग आबादी से 3 किमी के अन्तर्गत किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। विद्यालयों की पेयरिग करते समय यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि छात्र-छात्राओं की विद्यालय तक सुगम पहुंच को अवश्य ध्यान में रखा जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि विद्यालय तक पहुंचने में किसी प्रकार का अवरोध यथा-रेलवे कॉसिंग, नदी-नाले, हाई-वे आदि संबंधी प्रतिकूल स्थिति न हो। मंत्री ने कहा कि पेयरिंग का उद्देश्य बच्चों के उन्नत भविष्य के लिए बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करना है। कोई भी विद्यालय बंद नहीं किया जा रहा है। उक्त के दृष्टिगत विद्यालयों का यू-डायस कोड भी यथावत रखा गया है। यदि किसी जिले में पेयरिग के संबंध में विसंगति की स्थिति है, तो इसे दूर किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। इस संबंध में निरन्तर समीक्षा की जा रही है तथा छात्र हित में आवश्यकतानुसार पूर्व विद्यालय में पुनः संचालन के निर्देश भी दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही शिक्षकों एवं रसोईयों के पद कम अथवा समाप्त नहीं किए जा रहे हैं। पेयरिग का उद्देश्य यह भी है कि 50 तक के छात्र नामांकन वाले विद्यालयों में 3 शिक्षक (शिक्षामित्र सहित) की तैनाती सुनिश्चित करायी जा रही है, जिससे कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित हो सके।

### बीएचयू के नए कुलपति बने प्रो. अजीत कुमार चतुर्वेदी

**वाराणसी।** काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के नए कुलपति के रूप में प्रो. अजीत कुमार चतुर्वेदी की नियुक्ति की गई है। उपसचिव श्रेया भारद्वाज द्वारा इस संबंध में एक पत्र जारी किया गया है। नई दिल्ली के शास्त्री भवन से बीएचयू के रजिस्ट्रार को नियुक्ति से संबंधित जानकारी प्रेषित की गई है। प्रो. अजीत कुमार चतुर्वेदी वर्तमान में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिग विभाग में अपनी सेवाएंदे रहे हैं। वे इससे पहले आईआईटी रुड़की के निदेशक भी रह चुके हैं।



सेंसेक्स 80695.15
निफ्टी 24768.35



सोना रु. 100502
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 115500
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में गिरावट, निफ्टी 24800 अंक से नीचे उतरा

मुंबई, वार्ता



अमेरिका के भारत पर 25 प्रतिशत आयात शुल्क और जुर्माना लगाने की घोषणा के बाद गुरुवार को घरेलू शेयर बाजारों में बिकवाली हावी रही, हालांकि रुपए में आई मजबूती ने बाजार को ज्यादा नहीं गिरने दिया।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 296.28 अंक यानी 0.36 प्रतिशत टूटकर 81,185.58 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टाक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 86.70 अंक (0.35 प्रतिशत) नीचे 24,768.35 अंक पर रहा। लगातार दो दिन की तेजी के बाद बाजार में गिरावट आई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय उत्पादों पर 25 प्रतिशत आयात शुल्क और रूस से सैन्य उपकरण और तेल खरीदने के कारण जुर्माना लगाने की घोषणा की थी। इसके बाद सुबह शेयर बाजारों में बिकवाली शुरू हो गई। सेंसेक्स 786.36 अंक लुढ़ककर 80,695.50 अंक पर खुला और नीचे 80,695.15 अंक तक उतर गया। एफएमसीजी कंपनियों हिंदुस्तान यूनिलिवर और आईटीसी के साथ इटरनल कोटक महिंद्रा बैंक और आईसीआईसीआई बैंकों के शेयरों में लिवाली से सेंसेक्स इससे ज्यादा नहीं टूटा। दोपहर बाद यह हरे निशान में भी गया, लेकिन आखिरी घंटे में मुनाफा वसूली से फिर तेजी से गिरा। बुधवार की तुलना में 300 अंक से अधक चढ़कर एक समय यह 81,803.27 अंक पर भी पहुंच गया था।

अमेरिकी डॉलर की तुलना में रुपए में सात दिन बाद लौटी तेजी से बाजार की गिरावट सीमित रही। सेंसेक्स में हिंदुस्तान यूनिलिवर का शेयर 3.48 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। इटरनल में 1.40 प्रतिशत और आईटीसी में 1.01 प्रतिशत की तेजी रही। टाटा स्टील में 2.20 फीसदी की गिरावट रही। सनफार्मा का शेयर 1.69 फीसदी, अडानी पोर्ट्स का 1.50 और रिलायंस इंडस्ट्रीज का 1.39 प्रतिशत की गिरावट में रहा। निफ्टी-50 भी पिछले कारोबारी दिवस के मुकाबले 212.80 अंक नीचे 24,642.25 अंक पर खुला। इसका दिन का निचला स्तर 24,642.25 अंक रहा, जबकि ऊपर यह 24,956.50 अंक तक मजबूत हुआ।

### आईसीएआई ने विवादों का त्वरित समाधान करेगा अंतर्राष्ट्रीय एडीआर केंद्र

**नई दिल्ली।** भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट संस्थान (आईसीएआई) ने विवादों के त्वरित समाधान के लिए आईसीएआई अंतर्राष्ट्रीय एडीआर केंद्र (आईआईएसी) की स्थापना की घोषणा की है। केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने बुधवार शाम यहां उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि वैकल्पिक विवाद समाधान (एडीआर) भारत में कोई बाहर से आयी हुई सोच नहीं है, भारतीय सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा है। आईसीएआई अंतर्राष्ट्रीय एडीआर केंद्र की शुरुआत के रूप में हम देश को त्वरित, न्यायपूर्ण और कम खर्चीले विवाद समाधान के वैश्विक केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में कदम बढ़ा रहे हैं। आईसीएआई के अध्यक्ष चरणजोत सिंह नंदा ने कहा कि मौजूदा उभरती कारोबारी पारिस्थितिकी में प्रभावी विवाद समाधान कोई प्रक्रियात्मक औपचारिकता नहीं है, यह एक रणनीतिक आवश्यकता है और आईआईएसी का लक्ष्य विश्वसनीयता और दक्षता के साथ इन आवश्यकताओं की पूर्ति करना है।

# यूपी मार्ट पोर्टल से एमएसएमई सेक्टर को मिलेगी नई उड़ान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र को नई ऊर्जा देने की दिशा में एक और क्रांतिकारी कदम बढ़ाया है। उद्योग स्थापित करने के इच्छुक उद्यमियों के लिए अब मशीनरी की तलाश और सही सेवा प्रदाताओं तक पहुंच बनाना पहले जैसा मुश्किल नहीं रहेगा।

सरकार ने इसके लिए 'यूपी मार्ट पोर्टल' विकसित किया है, जो एक समर्पित और बहुउद्देशीय प्लेटफॉर्म के रूप में कार्य करेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने युवा कॉन्क्लेव का उद्घाटन करने के साथ ही यूपी मार्ट पोर्टल की भी शुरुआत की। इसका उद्देश्य स्टार्टअप्स के लिए आवश्यक उपकरणों तक पहुंच को आसान बनाना है। सीएम युवा योजना के नोडल अधिकारी और ज्वॉइंट कमिश्नर इंडस्ट्रीज सर्वेश्वर शुक्ला के अनुसार इस पोर्टल पर राज्य भर के मशीनरी सप्लायर, फ्रेंचाइज़ी ओनर, सर्विस प्रोवाइडर और तकनीकी विशेषज्ञ एकत्रित होंगे। कोई भी उद्यमी यहां लॉग-इन करके अपने व्यवसाय की जरूरत के अनुसार मशीनरी की खोज कर सकेगा और ऑनलाइन संपर्क एवं कोटेशन प्राप्त कर सकेगा। उन्होंने बताया कि यूपी मार्ट पोर्टल का उद्देश्य उद्यमियों के समय, श्रम और संसाधनों की बचत करना है। इससे 'ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस' को भी बढ़ावा मिलेगा और राज्य में उद्योगों की स्थापना की रफ्तार तेज होगी। सरकार का यह डिजिटल नवाचार राज्य के युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करेगा और प्रदेश की औद्योगिक विकास यात्रा को नई दिशा देगा। राज्य के मशीनरी आपूर्तिकर्ताओं के लिए यह एक सुनहरा अवसर है। वे पोर्टल पर अपना ऑनलाइन पंजीकरण कर, प्रदेश भर के ग्राहकों तक अपनी पहुंच बना सकेंगे। इससे उनका व्यापार बढ़ेगा और एमएसएमई सेक्टर में मांग और आपूर्ति का संतुलन बेहतर होगा।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**मालेगांव...**

साक्ष्य के आधार पर किसी को दोषी नहीं ठहरा सकती। इसके लिए ठोस सबूत होना जरूरी है। कोर्ट ने कहा कि अभियोजन पक्ष ने साबित किया कि मालेगांव में विस्फोट हुआ था, लेकिन यह साबित नहीं कर पाया कि उस मोटरसाइकिल में बम रखा गया था। अदालत इस निष्कर्ष पर पहुंची है कि घायलों की संख्या 101 नहीं, बल्कि केवल 95 थी। कुछ मेडिकल प्रमाणपत्रों में भी हेराफेरी की गई थी। कोर्ट ने कहा कि श्रीकांत प्रसाद पुरोहित के आवास में विस्फोटकों के भंडारण या संयोजन का कोई सबूत नहीं मिला। पंचनामा करते समय जांच अधिकारी की ओर से घटनास्थल का कोई स्केच नहीं बनाया गया था। घटनास्थल से कोई फिंगरप्रिंट, डंप डेटा या अन्य कोई जानकारी एकत्र नहीं की गई थी। नमूने गड़बड़ थे, इसलिए रिपोर्ट निर्णायक और विश्वसनीय नहीं हो सकी। विस्फोट में कथित रूप से शामिल बाइक का चेसिस नंबर स्पष्ट नहीं था। अभियोजन पक्ष यह साबित नहीं कर सका कि विस्फोट से ठीक पहले वह साध्वी प्रज्ञा के पास थी। कोर्ट ने कहा कि इस मामले में यूएपीए लागू नहीं किया जाएगा, क्योंकि नियमों के अनुसार मंजूरी नहीं ली गई थी। इस मामले में यूएपीए के दोनों मंजूरी आदेश दोषपूर्ण हैं। अभियोजन पक्ष ने अभिनव भारत संगठन को एक सामान्य संदर्भ के रूप में इस्तेमाल किया था। इस बात का कोई सबूत नहीं है कि अभिनव भारत के धन का इस्तेमाल आतंकवादी गतिविधियों के लिए किया गया था। हमने एडीजी एटीएस को आरोपी सुधाकर चतुर्वेदी के घर में विस्फोटक रखने के मामले की जांच शुरू करने का आदेश दिया है। इससे पहले सुबह सातों आरोपी दक्षिण मुंबई स्थित सत्र न्यायालय पहुंचे, जहां कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। आरोपी जमानत पर बाहर थे। मामले के आरोपियों में प्रज्ञा ठाकुर, पुरोहित, मेजर (सेवानिवृत्त) रमेश उपाध्याय, अजय राहिरकर, सुधाकर द्विवेदी, सुधाकर चतुर्वेदी और समीर कुलकर्णी शामिल थे। उन सभी पर यूएपीए और भारतीय दंड संहिता तथा शस्त्र अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत आतंकवादी कृत्य करने का आरोप लगाया गया था। अभियोजन पक्ष का दावा था कि स्थानीय मुस्लिम समुदाय को आतंकित करने के इरादे से दक्षिणपंथी चरमपंथियों ने विस्फोट की योजना बनाई थी। फैसले के बाद साध्वी प्रज्ञा ने कहा कि मैंने शुरू से ही कहा था कि जिन्हें भी जांच के लिए बुलाया जाता है, उनके पीछे कोई न कोई आधार जरूर होना चाहिए। मुझे जांच के लिए बुलाया गया और मुझे गिरफ्तार करके प्रताड़ित किया गया। इससे मेरा पूरा जीवन बर्बाद हो गया। मैं एक साधु का जीवन जी रही थी, लेकिन मुझ पर आरोप लगाए गए और कोई भी हमारे साथ खड़ा नहीं हुआ। मैं जिंदा हूं, क्योंकि मैं एक संन्यासी हूं। उन्होंने एक साजिश के तहत भगवा को बदनाम किया। आज भगवा की जीत हुई है, हिंदुत्व की जीत हुई है और ईश्वर दोषियों को सजा देगा। हालांकि, भारत और भगवा को बदनाम करने वालों को आपने गलत साबित नहीं किया। लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद श्रीकांत पुरोहित ने कहा कि मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे उसी दृढ़ विश्वास के साथ अपने देश और अपने संगठन की सेवा करने का मौका दिया, जैसा मैं इस मामले में फंसने से पहले कर रहा था। मैं इसके लिए किसी भी संगठन को दोष नहीं देता। जांच एजेंसियों जैसे संगठन गलत नहीं हैं, बल्कि संगठनों के अंदर के लोग ही गलत कर रहे हैं। मैं आपको व्यवस्था में आम आदमी का विश्वास फिर से बहाल करने के लिए धन्यवाद देता हूं।

# पर्यावरण की अलख जगाने के लिए राजभवन कर्मियों की साइकिल यात्रा

लखनऊ, वार्ता



धरती को हरा भरा रखने के संकल्प के साथ राजभवन के कर्मचारियों ने बाराबंकी जिले तक 110 किमी साइकिल चलाई और लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण का महत्व समझाया।

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से राजभवन से बाराबंकी जिले के लिए 30 जुलाई से शुरू हुई 'एक पेड़ मां के नाम 2-0' साइकिल रैली दो दिनों में लगभग 110 किलोमीटर की यात्रा पूर्ण कर आज राजभवन में आकर समाप्त हुई। राजभवन के अधिकारियों व कर्मचारियों की यह साइकिल रैली लखनऊ से प्रारंभ होकर बाराबंकी जिले के देवा व बंकी होते हुए आज दूसरे दिन कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, हरख पहुंची। विद्यालय की प्रभारी साधना सिंह के साथ शिक्षा विभाग और प्रशासन के अधिकारी एवं विद्यालय के विद्यार्थियों ने रैली दल का पारंपरिक स्वागत किया तथा पौधरोपण, स्वच्छता एवं संवाद सत्र में भाग लिया। इस दौरान तीन कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में कुल 600 पौधों का सामूहिक वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान, छात्राओं से संवाद और हस्ताक्षर जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। विद्यालय परिसरों में नीम, जामुन, मौलश्री, सहजन, छितवन, बॉटल ब्रश, अमरूद आदि प्रकार के पौधे लगाए गए। राजभवन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने विद्यालय की छात्राओं से उनके कक्षाओं में जाकर संवाद किया। छात्राओं के अनुशासन, शिक्षामें रुचि और आत्मविश्वास की सराहना की गई। अधिकारियों ने बालिकाओं को जीवन में आगे बढ़ने, पर्यावरण संरक्षण करने तथा स्वच्छता को अपनी दिनचर्या में शामिल करने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। विद्यालयों में पर्यावरण, स्वच्छता और शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया, जिसमें छात्राओं, शिक्षकों एवं अधिकारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।


शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# दिल्ली पुलिस के नए बॉस होंगे आईपीएस एसबी.के. सिंह

- 1988 बैच के आईपीएस शशि भूषण कुमार
- रिटायरमेंट के छह महीने पहले मिला है पदभार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली होमगार्ड्स के महा. निदेशक के पद पर तैनात एजीएमयूटी कैडर के 1988 बैच के आईपीएस शशि भूषण कुमार (एसबीके) सिंह को दिल्ली पुलिस आयुक्त के पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वे दिल्ली पुलिस के 26वें पुलिस आयुक्त होगें।

उनके रिटायरमेंट में सिर्फ छह महीने बचे हैं। उनके अनुभव और सेवा को ध्यान में रखते हुए उन्हें ये जिम्मेदारी सौंपी गई है। वे गृहमंत्रालय के अगले आदेश तक इस पद पर बने रहेगें। मूलरूप से बिहार के रहने वाले और उन्होंने दिल्ली यूनिवर्सिटी के सेंट स्टीफंस कॉलेज से 1983 से 1987 तक भौतिक विज्ञान में बीएससी (ऑनर्स)की पढ़ाई की है। बता दें कि आईपीएस संजय अरोड़ा का कार्यकाल बीते 30 जुलाई को खत्म हो गया। संजय अरोड़ा का विदाई समारोह किंग्सवे कैंप के न्यू पुलिस लाइंस परेड ग्राउंड में हुआ। वीरवार शाम चार बजे आईपीएस एसबीके सिंह ने पुलिस मुख्यालय में कार्यभार संभाला। भारतीय पुलिस सेवा के 1988 बैच के वरिष्ठ अधिकारी एसबीके सिंह ने अपने 30 वर्षों के करियर में दिल्ली पुलिस, रॉ, अरुणाचल प्रदेश, पुदुचेरी जैसी कई अहम जगहो पर अपनी सेवाएं दी. तकनीक, ईमानदारी और रणनीतिक दृष्टिकोण के लिए पहचाने जाने वाले सिंह वर्तमान में डीजी, होम गार्ड्स (दिल्ली पुलिस) के पद पर कार्यरत हैं। एसबीके सिंह एक प्रोफेशनल और अनुभवी आईपीएस अफसर हैं।

उन्हें पुलिसिंग और एडमिनिस्ट्रेशन दोनों का गहरा अनुभव है। उन्होंने अपने करियर में दिल्ली समेत कई राज्यों में अहम पोस्ट पर काम किया है और बड़े-बड़े मामलों को हैंडल करके उनको सुलझाया भी है। दिल्ली राजधानी होने के कारण यहां पर लॉ एंड ऑर्डर बनाए रखने की हमेशा से चुनौती रही है,जिसको उन्होंने पहले भी काफी समझदारी से सामना किया।

## आईआईटी दिल्ली का दीक्षांत समारोह दो अगस्त को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आईआईटी दिल्ली का 56वां वार्षिक दीक्षांत समारोह दो अगस्त २०२५ दिन शनिवार को आयोजित किया जाएगा। इस समारोह में प्रोफेसर रंगन बनर्जी, निदेशक, आईआईटी दिल्ली, संस्थान की गतिविधियों, उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं पर एक संक्षिप्त रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। इसके बाद, हरीश साल्वे (अध्यक्ष, बोर्ड ऑफ गवर्नर्स, आईआईटी दिल्ली) का संबोधन होगा। मुख्य दीक्षांत समारोह डोगरा हॉल में होगा, जहां संस्थान पदक और पुरस्कार वितरित किए जाएंगे। इस समारोह में, डॉ. टेसी थॉमस, पूर्व महानिदेशक, एयरोनॉटिकल सिस्टम्स, डीआरडीओ, मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी।

# 9वें सिख गुरु श्री गुरु तेग बहादुर के शहीदी दिवस पर तीन दिवसीय कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ९वें सिख गुरु श्री गुरु तेग बहादुर जी के ३५०वें शहीदी दिवस को लाल किले में आयोजित एक भव्य ३ दिवसीय कार्यक्रम के माध्यम से मनाएगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में इस कार्यक्रम की तैयारियों पर उच्च-स्तरीय बैठक हुई। बैठक में दिल्ली के कला एवं संस्कृति मंत्री कपिल मिश्रा, पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा, प्रमुख सिख नेता, धार्मिक संगठन और समुदाय के अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए।

बैठक में पद्मश्री एवं राज्यसभा सांसद विक्रमजीत सिंह, पूर्व सांसद तरलोचन सिंह, एसएस कोहली, चरण सिंह (पंजाब एंड सिंध बैंक), डीएसजीएमसी चेयरमैन हरमीत सिंह कालका तथा दिल्ली-एनसीआर व अन्य राज्यों के गुरुद्वारा कमेटी सदस्य मौजूद रहे। सीएम रेखा गुप्ता ने कहा, "श्री गुरु तेग बहादुर जी का शहीदी दिवस भारत के सर्वोच्च आदर्शों ख्र आजादी, न्याय और करुणा ख्र का प्रतीक है। यह कार्यक्रम दिल्ली की ओर से उन मूल्यों के प्रति दिल से दी गई श्रद्धांजलि है।

हमारा उद्देश्य इतिहास को याद करना ही नहीं बल्कि गुरु साहिब का शाश्वत संदेश हर पीढ़ी तक पहुँचाना है।"उन्होंने कहा कि यह आयोजन देश का सबसे बड़ा और दिल्ली का पहला ऐसा कार्यक्रम होगा जहां सभी धर्मों के लोग मिलकर गुरु साहिब के सर्वोच्च बलिदान को सम्मान देंगे।

वरिष्ठ सिख नेता और पर्यावरण मंत्री शमनि. जंदर सिंह सिरसा ने कहा, "पहली बार दिल्ली में गुरु साहिब के जीवन और शिक्षाओं पर आधारित इतना बड़ा और इमर्सिव आयोजन होगा। लाल किले में लाइट एंड साउंड शो आयोजित किया जाएगा, जिसमें पूरी तरह सिख इतिहास और दर्शन को दर्शाया जाएगा।" कला, संस्कृति और भाषा मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा, "यह कार्यक्रम दिल्ली का कर्तव्य है ख्र गुरु साहिब के एकता, साहस और धार्मिकता के संदेश को समर्पित श्रद्धांजलि।

# मेट्रो की मजेंटा व पिंक लाइन ट्रेनों से ऑपरेटर का केबिन हटाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** इन दिनों बिना चालक वाली मेट्रो ट्रेन में महिलाएं दिल्ली का विहंगम नजारा देख पा रही हैं। मेट्रो ने ट्रेन के अगले कोच के ऑपरेटर केबिन को हटा दिया है तो अब महिलाएं ट्रेन के आगे निहारते हुए सफर का आनंद ले रही हैं।ये अनुभव महिलाओं के लिए बिलकुल नया है। अभी तक कोच में दो तरफ लगे शीशों से ही अगल-बगल का नजारा देखने को मिलता था लेकिन अब महिलाएं कुछ इस तरह का एहसास करते हुए सफर कर रही हैं जैसे वही ट्रेन को चला रही हों। यह अनोखा अनुभव पुरुष यात्रियों के लिए संभव नहीं है क्योंकि दिल्ली मेट्रो का पहला कोच महिलाओं के लिए आरक्षित है। इस कारण बिना चालक वाली मेट्रो के रोमांचक सफर का असली अनुभव महिलाओं को मिल रहा है। महिलाएं इस सफर के अनुभव को सहेजने के लिए सेल्फी ले रही हैं। अपने बच्चों को भी चालक वाली जगह पर खड़े कर सफर का नजारा दिखा रही हैं। मौजूदा समय में दिल्ली मेट्रो की मजेंटा और पिंक लाइन पर चलने वाली लगभग सभी ट्रेनों से ऑपरेटर का केबिन हटा दिया गया है। बताया जा रहा है कि आने वाले समय में मेट्रो के अन्य कॉरिडोर पर भी बिना चालक वाली ट्रेनें ही दौड़ेंगी।

चालक रहित ट्रेनों का बेड़ा चरणबद्ध तरीके से बढ़ाया जाएगा। अभी मजेंटा और पिंक लाइन पर चालक रहित ट्रेनें संचालित हो रही हैं। इसमें पहले तो ट्रेन ऑपरेटर तैनात किए जाते थे लेकिन अब पूरी तरह स्वचालित ट्रेनें चलाई जा रही हैं। इसके लिए ट्रेन के कोच से चालक के केबिन को भी हटा दिया गया है। इससे यात्रियों को बैठने के लिए और जगह मिलेगी। चालक रहित ट्रेन संचालन पहली बार दिसंबर २०२० में मजेंटा लाइन (जनकपुरी पश्चिम से बॉटेनिकल गार्डन) पर शुरू किया गया था।



दिल्ली पुलिस कमिश्नर संजय अरोड़ा पुलिस मुख्यालय में आईपीएस एसबीके सिंह को कार्यभार सौंपते हुए।

## एक नजर

### झमाझम बारिश से मौसम हुआ सुहावना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दल्ली-एनसीआर में झमाझम बारिश से मौसम सुहावना हो गया है। बीती रात करीब १० बजे से शुरू हुआ बारिश का सिलसिला खबर लिखे जाने तक जारी है। आज सुबह से कहीं हल्की बारिश की फुहारें तो कहीं झमाझम बारिश देखने को मिल रही है। दिल्ली के कई इलाकों में रात से रुक-रुककर बारिश हो रही है। बारिश से जहां एक तरफ लोगों को गर्मी से राहत मिली वहीं दूसरी तरफ सड़कें तालाब बन गईं। जगह-जगह जलभराव होने से लोगों का परेशानी का सामना करना पड़ा रहा है। बारिश के चलते सड़कों पर वाहनों की रफ्तार थम गई है। कई इलाकों में सड़कें तालाब तो गलियां और अंडरपास झीलों में तब्दील हो गए। इससे लोगों को उमस से राहत मिली। जगह-जगह लोग बारिश का आनंद लेते भी नजर आए। इस दौरान अधिकतम तापमान सामान्य से १.९ डिग्री सेल्सियस कम ३२.३ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जबकि न्यूनतम तापमान सामान्य से १.८ डिग्री सेल्सियस कम २५.२ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग की मानें तो दिल्ली और एनसीआर के इलाकों में ४ अगस्त तक कमोबेश ऐसा ही मौसम रहने का अनुमान है।

### सत्येंद्र जैन की ओर से बांसुरी स्वराज के खिलाफ पुनरीक्षण याचिका कोर्ट से खारिज

**नई दिल्ली।** भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज को आम आदमी पार्टी के नेता सत्येंद्र जैन की ओर से उनके खिलाफ मानहानि मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट में जैन की पुनरीक्षण याचिका को खारिज किया।इससे पहले ट्रायल कोर्ट ने २० फरवरी को सत्येंद्र जैन की ओर से बांसुरी स्वराज के खिलाफ दायर आपराधिक मानहानि की शिकायत को खारिज कर दिया था और मामले का संज्ञान लेने से इन्कार कर दिया था।आरोप है कि एक टीवी इंटरव्यू के दौरान बांसुरी की टिप्पणियों ने उनकी प्रतिष्ठा को धूमिल किया है। उन्होंने दावा किया है कि बांसुरी स्वराज की टिप्पणियां उन्हें बदनाम करने और अनुचित राजनीतिक लाभ हासिल करने के लिए थी। जैन के अनुसार, स्वराज ने झूठा दावा किया कि उनके आवास से तीन करोड़, १.८ किलोग्राम सोना और १३३ सोने के सिक्के बरामद किए गए। उन्होंने सफाई देते हुए कहा कि ये आरोप निराधार और उनकी छवि को खराब करने के लिए राजनीति से प्रेरित थे। जैन ने दावा किया कि स्वराज ने जैन को भ्रष्ट और धोखेबाज कहकर और बदनाम किया है।

### रोडरेज में दो दोस्तों को पीटा

**नई दिल्ली।** गाजीपुर पेपर मार्केट में कुछ युवकों ने बुधवार रात रोडरेज में दो दोस्तों को पीटा। एक युवक पर चाकू से वार कर उसकी हत्या कर दी गई। चार से पांच आरोपियो ने वारदात को अंजाम दिया। मृतक की पहचान विकास के रूप में हुई है। इसका दोस्त सुमित घायल है। उसका एलबीएस अस्पताल में इलाज चल रहा है। गाजीपुर थाना पुलिस हत्या का केस दर्जकर जांच में जुटी है।

### एनडीएमसी शिकायत निवारण के लिए आयोजित करेगी सुविधा शिविर

**नई दिल्ली।** नागरिक-केंद्रित प्रशासन के प्रति अपनी निरंतर प्रतिबद्धता के तहत, नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी), ०२ अगस्त को एनडीसीसी कन्वेंशन सेंटर, जय सिंह रोड (पालिका केंद्र के पास) में सुबह १०:३० बजे से दोपहर १२:३० बजे तक अपना मासिक सुविधा शिविर आयोजित करेगी।यह सुविधा शिविर एनडीएमसी की एक ऐसी प्रमुख आउटरीच पहल है, जिसे विभिन्न नगरपालिका सेवाओं को व्यवस्थित, सुलभ और उत्तरदायी तरीके से समुदाय के करीब लाने के लिए डिजाइन किया गया है।

यह सुविधा शिविर नागरिकों, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए), मार्केट ट्रेडर्स एसोसिएशन (एमटीए) और एनडीएमसी कर्मचारियोंख्रसेवारत और सेवानिवृत्त दोनोंख्रको शिकायतों के समाधान और विभिन्न नागरिक मामलों पर सुविधा और जानकारी प्राप्त करने के लिए एक वन-स्टॉप प्लेटफार्म प्रदान करता है। यह सुविधा शिविर हर महीने के पहले शनिवार को आयोजित किया जाता है और यह पारदर्शी, जवाबदेह और सहभागी शहरी प्रशासन का एक आदर्श बन गया।

# हज 2026 के लिए फॉर्म भरने की तिथि बढ़ाई

- अब सात अगस्त तक भरे जा सकते हैं ऑनलाइन फॉर्म

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** हज-२०२६ के लिए ऑनलाइन आवेदन फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि को बढ़ाकर अब 7 अगस्त 2025 तक कर दिया गया है। इस संदर्भ में दिल्ली स्टेट हज कमेटी की चेयरपर्सन कौसर जहाँ ने त्वरित प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि हज आवेदकों की ओर से लगातार मिल रही दरख्वास्तों और सभी राज्य हज समितियों की सिफारिशों के आधार पर फॉर्म भरने की समय-सीमा बढ़ाना एक स्वागत योग्य फैसला है। अब वे सभी इच्छुक आवेदक जो किसी कारणवश अब तक आवेदन नहीं कर सके हैं, इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाते हुए शीघ्रता से अपने फॉर्म भरें। इसके लिए दिल्ली स्टेट हज कमेटी के कार्यालय, हज मंजिल में हज फॉर्म भरने की सुविधा पहले की तरह जारी रहेगी।

हज कमेटी के एग्जीक्यूटिव ऑफिसर अशफाक अहमद आरिफी ने जानकारी देते हुए बताया कि हज कमेटी ऑफ इंडिया के सीईओ द्वारा स्टेट हज कमेटियों के एग्जीक्यूटिव ऑफिसरों के नाम जारी परिपत्र के माध्यम से हज फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि में विस्तार की मंजूरी की सूचना मिलने के बाद दिल्ली स्टेट हज कमेटी की ओर से यह जानकारी विभिन्न माध्यमों से हाजियों तक पहुंचाई गई है। उन्होंने आगे बताया कि अब हज फॉर्म भरने की अवधि में आगे कोई विस्तार संभव नहीं होगा और ७ अगस्त की अंतिम तिथि के बाद जल्द ही हाजियों के चयन के लिए ऑनलाइन कुर्रा (लॉटरी) की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।

कुर्रा में चयनित होने वाले हाजियों को २० अगस्त २०२५ तक १,५२,३०० की अग्रिम राशि तत्काल जमा करानी होगी। आरफी द्वारा जारी आधिकारिक जानकारी के अनुसार, अब तक दिल्ली स्टेट हज कमेटी में कुल ३८९२ हज आवेदन फॉर्म जमा किए जा चुके हैं।

# हॉर्न बजाकर वेटर को बुलाने पर की दो युवकों की पिटाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** द्वारका सेक्टर १० में ७-८ लोगों ने दो लोगों पर बीयर की बोतलों और पत्थरों से हमला किया। इसमें एक युवक की गलती बस इतनी थी कि उसने नाइट किचन से वेटर को बुलाने के लिए अपनी स्विफ्ट कार का हॉर्न बजाया था। दिल्ली पुलिस के एक बयान के अनुसार, पहली घटना २७ जुलाई को द्वारका सेक्टर १० में लगभग ढ़ाई बजे हुई, जब एक बीएमडब्ल्यू और एक थार में बैठे सात या आठ लोगों ने दो युवकों मनोज और कुणाल पर हमला कर दिया।

हमलावरों ने कथित तौर पर बीयर की बोतलें और पत्थर फेंके। आरोपियों ने पीड़ितों के कार के शीशे भी तोड़ दिए और उन्हें बुरी तरह से पीटा। बाद में मनोज और कुणाल दोनों को इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। एक अधिकारी ने बताया कि एक अन्य घटना में, २५ जुलाई को मुनिरका क्षेत्र में रास्ते को लेकर हुई मारपीट के बाद अवधेश राय नामक व्यक्ति को बेहोश कर दिया गया। दिल्ली पुलिस के अनुसार, ष्मुनिरका इलाके में अवधेश राय नाम के एक व्यक्ति को कुछ लोगों ने पीट-पीटकर बेहोश कर दिया, ताकि वह अपने पीछे हॉर्न बजा रहे एक दोपहिया वाहन सवार को जल्दी से रास्ता दे सके। घटना २ जुलाई को दोपहर के आसपास हुई।

पुलिस ने कहा, ष्राय द्वारा समझाने के बावजूद, एक महिला के साथ आए बाइक सवार ने हॉर्न बजाना और गालियां देना जारी रखा। मामला इतना बढ़ गया कि बाइक सवार और उसके साथियों ने अवधेश राय की बुरी तरह पिटाई कर दी। इस बीच, पुलिस ने दोनों घटनाओं में मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच कर रही है।



दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह दिल्ली गुजराती समाज द्वारा आयोजित जामुन के सीड बॉल वितरण कार्यक्रम में भाग लेते हुए।

# यमुना घाट पर 135000 जामुन के सीड बॉल वितरित किए गए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने दिल्ली गुजराती समाज द्वारा आयोजित १,३५,००० जामुन के सीड बॉल वितरण कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर शाहदरा (उत्तरी) क्षेत्र के अध्यक्ष पुनीत शर्मा,शाहदरा (उत्तरी) क्षेत्र के उपायुक्त अभिषेक मिश्रा,अशोक ठाकुर अध्यक्ष नैफेड,दिल्ली नगर निगम के कर्मचारियों सहित दिल्ली गुजराती समाज के विभिन्न पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। दिल्ली के माननीय महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने इस अवसर पर राष्ट्रनिर्माण को दिशा देने के लिए गुजराती समाज के योगदान की सराहाना की। महापौर ने कहा कि गुजराती समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के चलते इतने करीब से मां यमुना का आशीर्वाद लेने का अवसर प्राप्त हुआ और यमुना में इतना साफ पानी पहले कभी नहीं देखा था।

उन्होंने कहा कि जब ये बीज यहां पेड़ बनकर लहलहाएँगे तब इनसे प्राप्त हरियाली और ऑक्सीजन मिलेगी तो आने वाली पीढ़ी को इसका लाभ मिलेगा एवं इस शुभ कार्य का थोड़ा सा पुण्य हमें भी मिलेगा। सरदार राजा इकबाल सिंह ने अवसर के सफल आयोजन के लिए गुजराती समाज के पदाधिकारियों एवं दिल्ली नगर निगम के कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। दिल्ली के माननीय महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि दिल्ली की ट्रिपल इंजन की सरकार दिल्ली को साफ एवं स्वच्छ बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि हमारे लिए साफ यमुना एक नारा नहीं बल्कि हमारे लिए प्रतिबद्धता है। महापौर ने कहा कि जब ये बीज पेड़ बन जाएंगे तो यमुना के प्रदूषण को कम करने में मददगार सिद्ध होंगे।

# ग्राम रावता के जलभराव का जल्द होगा उपाय

- रावता में कम से कम 300 एकड़ खेत तो ऐसे हैं जो साल के धिकांश महीने पानी से भरा रहता है।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के गांव रावता में खेतों में पानी भरने से खेती मुश्किल हो गई है। नजफगढ़ ड्रेन के ओवरफ्लो होने से यह समस्या और बढ़ जाती है। ग्रामीण नाले की सफाई और बांध बनाने की मांग कर रहे हैं ताकि उन्हें इस मुसीबत से छुटकारा मिल सके।

हर साल मानसून का आगमन रावता गांव के किसानों के लिए आने वाली मुस. ीबत की आहट है। वर्षा के आते ही गांव के खेत जल से लबालब भर जाते हैं। पानी इतनी मात्रा में लगातार जमा रहता है कि यह खेती करने के लायक ही नहीं रहती है।

रावता में कम से कम ३०० एकड़ खेत तो ऐसा है जो साल के अधिकांश महीने पानी से भरा रहता है। इस साल जब वर्षा का दौर शुरू हुआ तो हर बार की तरह खेत पानी में डूबने लगे। आखिर ऐसा कब तक होगा। इस समस्या से किसानों को कब छुटकारा मिलेगा। हाल ही में गांव का दौरा क्षेत्रीय सांसद कमलजीत सहरावत ने दक्षिणी पश्चिमी जिलाधिकारी (डीएम), कापसहेड़ा के एसडीएम व मटियाला के विधायक व सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग के अधिकारियों के साथ मिलकर किया।

रावता के ग्रामीणों का कहना है कि यह समस्या करीब ढाई दशक से है, जो समय के साथ कम होने के बजाय बढ़ रही है। गांव के किनारे से नजफगढ़ ड्रेन गुजरता है। ढांसा रेग्यूलेटर से शुरू होकर यह ड्रेन यमुना में जाकर गिरता है। किसी जमाने में यह साहिबी नदी हुआ करती थी। करीब छह दशक पहले जब दिल्ली बाढ़ की चपेट में आई थी, तब इसके दोनों ओर बांध बना दिया गया। लेकिन रावता के नजदीक करीब ढाइ किलोमीटर के हिस्से में केवल एक ही किनारे पर बांध है। जिस किनारे पर बांध नहीं है उसका कुछ हिस्सा दिल्ली व कुछ हिस्सा हरियाणा में आता है।

समय के साथ जब शहरीकरण बढ़ा, इलाके की आबादी बढ़ी तो जलनिकासी एक बड़ी समस्या बनी। तब शहरी बरसाती नालों का निकास नजफगढ़ नाले में कर दिया गया। इधर दिल्ली देहात के भी जो गांव इस क्षेत्र में है, उसके नालों की निकास भी इसी ड्रेन में कर दी गई। जब पानी की मात्रा ड्रेन में बढ़ती है तो यही पानी ओव. रफ्लो होकर खेतों में फैल जाता है। वर्षा के समय यह स्थिति पूरी तरह विकराल रूप ले लेती है।

# निशांची का फर्स्ट लुक पोस्टर पेश किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** एमेजॅन एमजीएम स्टूडियोज इंडिया ने आज अपनी आगामी थियेट्रिकल रिलीज निशांची का धमाकेदार फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज किया है। अजय राय और रंजन सिंह द्वारा जार पिक्चर्स के बैनर तले, फ्लिप फिल्म्स के साथ मिलकर प्रोड्यूस की गई ये फिल्म एक रोमांचकारी क्राइम ड्रामा है, जिसे अनुराग कश्यप ने डायरेक्ट किया है। निशांची से ऐश्वर्य ठाकरे एक्टिंग में डेब्यू कर रहे हैं, और वो फिल्म में डबल रोल निभा रहे हैं। अनुराग कश्यप की रॉ और देसी स्टोरीटेलिंग स्टाइल के साथ साथ मेनस्ट्रीम सिनेमा का तड़का भी इस फिल्म में देखने को मिलेगा। निशांची दो भाइयों की कहानी है, जो दिखने में एक जैसे हैं लेकिन जिंदगी में बिल्कुल अलग रास्तों पर चलते हैं, और जिनके फैसले उनकी तकदीर तय करते हैं।

यह फिल्म जबरदस्त एक्शन, इमोशन्स और दिल खोलकर हंसाने वाले पलों का वादा करती है। इसमें वेदिका पिंटो, मोनिका पंवार, मोहम्मद जीशान अय्यूब और कुमुद मिश्रा जैसे दमदार कलाकार भी अहम किरदारों में नजर आएंगे। निशांची १९ सितंबर २०२५ को थियेटर्स में रिलीज होने वाली है।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# सुंदरदीप वर्ल्ड स्कूल में 'स्पेक्ट्रम' अंतरसदनीय प्रतियोगिताओं का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** सुंदरदीप वर्ल्ड स्कूल में 'स्पेक्ट्रम' नामक अंतर-सदनीय प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों ने अपनी विविध प्रतिभाओं का शानदार प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस आयुक्त आलोक प्रियदर्शिनी रहे। उन्होंने अपने प्रेरक संबोधन में छात्रों को शिक्षा के महत्व और भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहने पर जोर दिया। प्रियदर्शिनी ने बच्चों को बताया कि कैसे समर्पण और कड़ी मेहनत से वे अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं और समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। उनके साथ सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक और वर्तमान प्रो-वाइस चांसलर, पीयूष श्रीवास्तवन भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रबंधन समिति की सदस्य शैली अग्रवाल की गरिमामयी उपस्थिति रही। पीयूष श्रीवास्तवन और शैली अग्रवाल जी दोनों ने भी अपने मूल्यवान विचार साझा किए।




छात्रों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। प्रतियोगिताओं के निर्णायक मंडल में शिक्षा और प्रबंधन जगत की जानी-मानी हस्तियां शामिल थीं, जिनमें डॉ. दीपा, डॉ. आर.डी. गुप्ता, डॉ. हरवीर सिंह, डॉ. स्वाति, और मीनाक्षी प्रमुख थीं। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार की रोचक और ज्ञानवर्धक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें 'टाइमलाइन टाइटन्स', 'काव्य अमृत', 'सोल एंड ट्विस्ट', 'नंबर निन्जाज', 'साइंटिफिक सॉल्यूशन', 'लाइफ विद AI', 'लेट्स स्पीक फ्रेंच', 'ब्रश एंड बियॉन्ड' और 'नृत्य शक्ति' प्रमुख थीं।

इन प्रतियोगिताओं में शहर के कई विद्यालयों के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या सपना अहलावत ने सभी बच्चों का उत्साह बढ़ाया और उनकी कड़ी मेहनत की सराहना की। यह आयोजन छात्रों को अपनी प्रतिभा निखारने और रचनात्मकता प्रदर्शित करने का एक उत्कृष्ट मंच प्रदान करने में सफल रहा।

## कांग्रेस संगठन का गांव-गांव जोड़ने का संकल्प



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** एडवोकेट तरुण कुमार शर्मा को फरीदनगर, पतला और निवाड़ी नगर पंचायतों की संगठनात्मक कमेटियों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह निर्णय पार्टी के जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा द्वारा लिया गया।वे वर्तमान में गाजियाबाद जिले के गांव-गांव जाकर बैठकों, जनसंपर्क अभियानों और जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से पार्टी को फिर से जमीनी स्तर पर मजबूत करने में जुटे हुए हैं। एडवोकेट शर्मा ने कहा कि कांग्रेस केवल एक राजनीतिक पार्टी नहीं, बल्कि भारत की सामाजिक समरसता का प्रतीक हं। उन्होंने राहुल गांधी द्वारा की गई भारत जोड़ो यात्रा का विशेष उल्लेख करते हुए कहा कि यह केवल यात्रा नहीं, बल्कि 4000 किलोमीटर लंबी एक राष्ट्रीय चेतना थी। उन्होंने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है उसका वह ईमानदारी से निर्वहन करेंगे।

## सिल्वरलाइन प्रैस्टिज स्कूल द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** रोटरी के वृक्षारोपण अभियान के अन्तर्गत रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद स्मार्ट सिटी एवं इंटरेक्ट क्लब ऑफ सिल्वरलाइन प्रैस्टिज स्कूल ने संयुक्त रूप से वृक्षरोपण कार्यक्रम सिल्वरलाइन प्रैस्टिज स्कूल में आयोजित किया गया। इस अवसर पर रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद स्मार्ट सिटी की प्रैसिडेन्ट रो0 भारती गर्ग एवं सैक्रेटरी रो0 प्रवीन गोयल द्वारा इंटरेक्टर्स के नये बोर्ड सदस्यों एवं इंटरेक्टर्स इंटरेक्ट पिन पहनाई गयी। सिल्वरलाइनर्स द्वारा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता एवं वृक्षारोपण के महत्व पर आधारित मनमोहक नाट्य, नृत्य एवं गीतों की प्रस्तुति दी। इसके उपरान्त सभी ने मिलकर पौधारोपण कार्यक्रम को



पूरा किया। जिसमें 100 से अधिक पौधे लगाये गये। डा0 सुभाश जैन ने कहा कि यह वृक्षारोपण कार्यक्रम ग्रीन यूचर की दिशा में एक सामूहिक प्रयास का प्रतीक है। ऐसे आयोजनों में सक्रिय रूप से भाग लेने और एक हरित भविष्य की दिषा में कदम उठाने के लिए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया जाता रहा है। प्रैसीडेन्ट भारती गर्ग ने कहा कि रोटरी द्वारा इस वृक्षारा. पण का उद्देष्य पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।

क्लब द्वारा सिल्वरलाइन प्रैस्टीज स्कूल में आयोजित वृक्षारोपण अभियान बेहद सफल रहा। संयुक्त रूप से आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में स्कूल के चेयरमैन एवं पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डा0 सुभाश जैन, बबीता जैन, क्लब अधयक्ष भारती गर्ग एवं आषीश गर्ग , क्लब सचिव 2025-26 प्रवीन गोयल, सीमा गोयल, पूर्व अधयक्ष दीपक कुमार अग्रवाल, रीनम अग्रवाल, योगेष कुमार गोयल, अल्का गोयल, डा0 राकेष छारिया, दीपा छारिया, विकास गुप्ता, मीनू गुप्ता, राकेष गुप्ता, डा0 अरूणा सिंघल, साक्षी जिन्दल शर्मा, विकास शर्मा, सारंग अग्रवाल, रीना अग्रवाल, अधीर गर्ग, अनीष गुप्ता, नरेश कुमार गर्ग, पूनम गर्ग, मनोज अग्रवाल, अनु अग्रवाल, देवेन्द्र मित्तल इत्यादि, स्कूल के वाइस चेयरमैन नमन जैन, मोनिका जैन, डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन प्रणव जैन, प्रधानाचार्या डा0 गीता जोषी, शिक्षकगण, इंटरेक्टर्स एवं विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

## मोदी आर्क इलेक्ट्रोड्स कम्पनी में हुआ नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** उमेश कुमार मोदी ग्रुप द्वारा पुर्ननिर्मित मोदी आर्क इलेक्ट्रोड्स कम्पनी, मोदीनगर में कर्मचारी राज्य बीमा निगम, मोदीनगर एवं यथार्थ हॉस्पीटल, नोएडा द्वारा संयुक्त रूप से कर्मचारियों के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर आयोजित किया गया।


जिसमें फैक्टरी के 200 कर्मचारियों ने भाग लिया तथा उनका ईसीजी, बीपी शुगर व फैफडों, सीओपीडी/पीएफटी आदि का परीक्षण किया गया और बीमारियों के आधार पर दवाईयों वितरित की गयी। कर्मचारियों को यह भी सलाह दी गयी कि वे अपने अच्छे स्वास्थ्य के लिए किन-किन बातों का ध्यान रखें। इस 'स्वास्थ्य जाँच



शिविर' में ईएसआई हॉस्पीटल, मोदीनगर से डॉ सविता वर्मा, दीपाली श्रीवास्तव चीफ फर्मासिस्ट, इन्द्रपाल सिंह- फर्मासिस्ट, शिवम शर्मा - फर्मासिस्ट, गुरू प्रसाद फर्मासिस्ट, अंकुर कुमार, महीपाल-कर्मचारी एवं यथार्थ हॉस्पीटल, नोएडा से डा० गोविन्द्र सिंह, जीविन्दर खारी- सीनियर नर्सिंग स्टाफ, नेहा- सीनियर नर्सिंग स्टाफ, दिगविजय कुमार- सीनियर पीएफटी, मोनू - कर्मचारी आदि उपस्थित रहे। इस नि:शुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन कम्पनी के वाई पी सिंह- प्लांट हैड, राहुल कौशिक- एचआर हैड, अमर सिंह चौहान, सन्तोष कुमार सिंह व सुब्रत मुखर्जी के द्वारा किया गया।

गाजियाबाद में जलभराव से बाढ़ जैसे हालात

## पार्षद आरिफ मलिक ने 'ग्रेटर गाजियाबाद' को बताया मजाक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** गाजियाचाद में हो रही भारी चारिश के बाद वार्ड नंबर 93 स्थित केला भट्टा क्षेत्र में बाढ़ जैसे हालात उत्पन्न हो गए हैं। इलाके में जलनिकासी की भारी समस्या के चलते लोगों के घरों और दुकानों में पानी भर गया है, जिससे जनजीवन अस्त- व्यस्त हो गया है। इस संकट को लेकर वार्ड पार्षद पति एवं समाजवादी पार्टी यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय सचिव आरिफ मलिक ने गाजियाचाद नगर निगम की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। आरिफ मलिक ने कहा कि यह स्थिति उस श्ग्रेटर गाजियाबादश की है, जिसका नाम लेकर मुख्यमंत्री योगी अदित्यनाथ ने शहर के विकास का दावा किया था। लेकिन हकीकत यह है कि गाजियाबाद के सबसे पुराने और संवेदनशील इलाकों में से एक केला भट्टा में जल निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है। पूरा शहर का पानी इसी क्षेत्र से होकर गुजरता है, इसके बावजूद निगम और प्रशासन आंखें मूंद हुए हैं। स्थानीय निवासियों ने बताया कि इलाके में सड़कों पर घुटनों तक पानी भरा है, दुकानों में हजारों का नुकसान हो चुका है और मकानों में नमी व गंदगी फैल रही है। लोगों को रोजमर्रा की जरूरतों के लिए घर से निकलना भी मुश्किल हो गया है।

आरिफ मलिक ने यह भी पूछा, अगर इस जलभराव में कोई अनहोनी हो जाए, तो उसका जिम्मेदार कौन होगा? प्रशासनिक लापरवाही से जनता त्रस्त है। ग्रेटर गाजियाबाद का सपना दिखाने वालों को पहले जमीनी सच्चाई देखनी चाहिए। स्थानीय लोगों ने नगर निगम से जल्द से जल्द राहत कार्य शुरू करने और जलनिकासी की स्थायी व्यवस्था की मांग की है। अब देखना यह है कि प्रशासन इस गंभीर समस्या को कितनी तत्परता से संज्ञान में लेकर कदम उठाता है।

बाढ़ जैसे हालात में रात को ही लोगों के बीच पहुंचे आरिफ मलिक बाढ़ जैसे हालात में रात को ही लोगों के बीच पहुंचे आरिफ मलिक गाजियाबाद के केला पट्टा क्षेत्र में बुधवार रात हुई भारी बारिश के बाद भारी जलभराव से बाढ़ जैसे हालात बन गए। नालों की सफाई न होने और जल निकासी की व्यवस्था ठप पड़ जाने के कारण घरों और दुकानों में गंदा पानी घुस गया, जिससे क्षेत्रवासियों का जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया। आरिफ मलिक ने नगर निगम और प्रशासन की लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए कहा, यह कोई प्राकृतिक आपदा नहीं, बल्कि सिस्टम की विफलता है।

## पीएचसी भोजपुर पर हुआ दिव्यांग प्रमाणपत्र कैम्प का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भोजपुर पर दिव्यांग प्रमाणपत्र बोर्ड कैंप का सफल आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर क्षेत्र की माननीय विधायक मंजू सिवाच एवं ब्लॉक प्रमुख सुचेता सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। बीडीओ पीयूष राय भी मौजूद रहे। कैंप में दिव्यांगजनों का चिकित्सकीय परीक्षण कर 30 से अधिक प्रमाण पत्र वितरित किए गए, जिससे लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं, पेंशन, एवं अन्य सामाजिक सुरक्षा लाभों के लिए सहायता मिल सकेगी। कार्यक्रम में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. रवि शर्मा, रियासत अली, स्वास्थ्य विभाग की टीम जनपद टीम, एवं अन्य सम्मानित जनप्रतिनिधि व कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कैंप का उद्देश्य दिव्यांगजनों को स्थानीय स्तर पर प्रमाणन सुविधा प्रदान करना एवं उन्हें सशक्त बनाना रहा।

## तीज मिलन समारोह का आयोजन

**हल्दौर।** मौहल्ला खेड़ा स्थित पवन ठाकुर के आवास पर नारी शक्ति फ्रेंड्स कॉलोनी समूह के तत्वावधान में तीज मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ हरी चूड़ियां पहनाकर व तिलक लगाकर हुआ, जिसमें महिलाओं ने पूरे उत्साह और उल्लास के साथ भाग लिया। समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण, भारतीय परंपराओं के संरक्षण तथा आपसी सौहार्द का सुंदर संदेश भी दिया गया। निर्णायक मंडल की सदस्य उर्मिला देवी व पवन ठाकुर ने प्रिया रस्तौगी को तीज क्वीन के खिताब से सम्मानित किया, जबकि सुमन सिंह को प्रथम रनर-अप घोषित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राखी लोईवाल ने की, जबकि संचालन का दायित्व दीपमाला व ईशा मारवाड़ी ने संयुक्त रूप से निभाया।

## प्रस्तावित विद्युत दरों में बढ़ोतरी व कटौती पर व्यापारियों ने की चिंता व्यक्त



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय जिलाधिकारी को उत्तर प्रदेश जिला उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष प्रीतम लाल के नेतृत्व में जिला मुख्यालय पर प्रदेश में बेतहाशा हो रही बिजली की कटौती एवं उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग द्वारा प्रस्तावित लगभग 45% बढ़ाई जा रही विद्युत दरों को ना बढ़ाई जाने एवं फिक्स चार्ज को समाप्त किए जाने एवं ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा द्वारा व्यापारियों बनियों के ऊपर की गई टिप्पणी के संबंध में माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को संबोधित ज्ञापन द्वारा भेजा गया। प्रीतम लाल ने बताया कि प्रदेश के सभी जनपदों मे जिला मुख्यालय पर ज्ञापन सौंपा जा रहा है जिला अधिकारी की अनुपस्थिति में अपर जिलाधिकारी नगर विकास कश्यप को ज्ञापन सोपा।

वर्तमान में प्रदेश में लगातार हो रही बिजली कटौती एक गंभीर समस्या है जिस व्यापारी एवं आम जनमानस को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है बिजली कटौती के कारण व्यापारिक गति. विधियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है और उनकी आजीविका भी प्रभावित हो रही है इस समस्या के लिए आवश्यक उचित कदम उठाए जाने की आवश्यकता है, साथ ही अवगत कराना है उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग द्वारा आपके समक्ष बिजली की तरह एवं फिक्स चार्ज बढ़ाने का प्रस्ताव दिया गया है प्रस्ताव स्वीकृत होने की दिशा में मध्यम वर्गीय एवं निम्न वर्गीय परिवारों के हितों पर बुरा प्रभाव पड़ेगा और गरीबी रेखा के नीचे आने वाले उपभोक्ता को ६३ की जगह चार रुपए प्रति यूनिट देनी होगी प्रस्तावित की गई दरों में 1 किलोवाट पर आधारित 100 यूनिट 8 रुपए 40 पैसे जो कि वर्तमान में 6.60 पैसे हैं इस मुताबिक लगभग 45% विद्युत दर बढ़ जाएगी।

## श्याम बगीची परिवार ने किया झूला महोत्सव का भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** श्री श्याम बगीची परिवार द्वारा श्री बालाजी एवं श्री खाटू श्याम मंदिर, श्याम मार्ग, नेहरू युवा केंद्र परिसर में सावन झूला महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हर्ष गुप्ता व उनका परिवार एवम समस्त श्री श्याम बगीची परिवार द्वारा बाबा की ज्योत प्रज्जवलन से महोत्सव का शुभारंभ हुआ। इंदौर से पधारे शिवम रावल, मथुरा से वेद रसिक और दिल्ली से पधारे शिवम-पारस ने अपने सुंदर भजनों से भक्तजनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सावन, राधा-कृष्ण और श्याम बाबा के भजनों को सुनकर भक्तजन झूम उठे।

इस दौरान आशीर्वाद देने के लिए महंत नारायण गिरि महाराज, यति नरसिंहानंद



महाराज, मक्खन लाल, पंडित वासुदेव तिवारी, पंडित शशि कांत शास्त्री, पंडित प्रमोद शर्मा और पंडित मुक्ति राम किराला उपस्थित हुए। इसके अलावा, डॉ. अनिल अग्रवाल पूर्व राज्यसभा सांसद, महापौर सुनीता दयाल, विधायक नंद किशोर गुर्जर, वरिष्ठ भाजपा नेता जय भगवान गोयल, समा. जसेवी प्रेमचंद गुप्ता, रवि प्रकाश गुप्ता, प्रमोद अग्रवाल और श्याम अग्रवाल द्वारा पहुंचकर बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस महोत्सव में श्री बालाजी मंदिर समिति ट्रस्ट (रजिस्टर), श्री श्याम परिवार समिति (रजिस्टर), श्री खाटू श्याम कुटुंब सेवा परिवार, श्री काल भैरव कांवड़ सेवा परिवार, श्री श्याम कृपा परिवार, श्री नारी रक्षा सेना भारत संगठन, श्री श्याम लाड़ली परिवार और शहर की अन्य संस्थाओं द्वारा सहयोग किया गया।

श्याम बगीची परिवार ने सभी सहयोगी संस्थाओं, भक्तजनों और अतिथियों का आभार व्यक्त किया है। इस अवसर पर प्रशांत गर्ग, विजय गर्ग, ललित गर्ग, दीपक अग्रवाल, शोभित बंसल, गोविंद कंसल, अतुल भूषण, शुभम गर्ग, तरुण अरोड़ा, लक्की गर्ग, अखिल कंसल, संजय गोयल, पुनीत अग्रवाल, आयुष अग्रवाल, मनोज गुप्ता, गौरव सिंगल, विरेंद्र सिंगल, रिंकू गौतम, अरविंद वत्स, वैभव जैन, तुषार गुप्ता, मनीष गोयल, अंशुल सिंघल, राकेश करण, विशाल गर्ग, सौरव गुप्ता, कुलदीप अग्रवाल और वरुण राजपूत आदि उपस्थित रहे।

## लायंस क्लब गाजियाबाद संकल्प ने धूमधाम से मनाया तीज का पर्व

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के लायंस क्लब गाजियाबाद संकल्प से जुड़ी एक खबर सामने आई हैं। दरअसल क्लब के द्वारा तीज का उत्सव आयोजित किया गया था। जो बेहद ही हर्षोल्लास से मनाया गया। इस दौरान कपड़ों के लिए तीज के अनुसार रंगों का चुनाव किया गया था। इस दौरान स्वादिष्ट व्यंजनों के भी इंतेजाम किये गए और महिलाओं ने अनेक प्रकार के गेम खेले और अपनी प्यारी-प्यारी तस्वीरें खिंचवाई। चूड़ियों की खनक, बिंदिया की चमक, मेंहदी की महक और प्यार की मिठास के साथ लायंस क्लब गाजियाबाद संकल्प के द्वारा तीज के इस उत्सव को मनाया गया। इस दौरान महिलाएं काफी खुश नजर आई। उत्सव में वह त्योहार के अनुसार हरे और गुलाबी रंग की खूबसूरत पोशाकें पहनकर आई, जिसमें वह स्वर्ग से उतरी अपसराएं लग रही थी। इस दौरान महिलाओं ने गेम खेलें और अपनी कला का परिचय दिया जिसमें किसी ने नृत्य किया तो किसी ने गाना गाया। स्वादिष्ट पकवानों ने इस त्योहार में और मिठास घोल दी। इस दौरान अध्यक्ष लायन वन्दना स्वरूप द्वारा सभी सदस्य को सुंदर-सुंदर उपहार दिए गए, होस्ट प्रियंका सहगल और रेनू के द्वारा सभी सदस्यों का मनोरंजन कराया गया। इसके बाद सभी ने एक दूसरे को तीज के उपलक्ष में बधाइयां दी। अध्यक्ष वंदना स्वरूप, सचिव नेहा रैना और कोषाध्यक्ष नलिनी नंदा ने इस कार्यक्रम को खूबसूरत बनाने में अहम भूमिका निभाई।

क्रासिंग रिपब्लिक में मिट्टी धंसने से कार क्षतिग्रस्त होने की सूचना

# प्राधिकरण उपाध्यक्ष ने लिया संज्ञान, किया मौके का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने क्रासिंग रिपब्लिक में देररात्रि में भारी वर्षा होने के कारण एनएच 24 से साहबेरी की तरफ जाने वाला नाला ओवर फलो होने से नाले का पानी अंसल सुशांत एक्वापोलिस इंटीग्रेटिड टाउनशिप के अंदर आने के कारण ग्रुप हाउससिंग भूखंड पर निर्मित एप्पल टावर के बेसमेंट में लगभग 25-25 फिट के एरिया में 15 फिट की गहराई में मिटटी धंस जाने से 15 फिट गहरा गडढा हो गया,जिससे वहां खडी गाडियां गडढे में चली जाने की घटना संज्ञान में आते ही अधीनस्थ अधिकारियों/ कर्मचारियां के साथ मौके का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान पाया गया कि टावर एप्पल 7 के बेसमेंट साईड खुला हुआ है, एवं मिटटी कटाव को रोकने हेतु रिटेरिंग वाल का विकासकर्ता/ निर्माणकर्ता द्वारा नहीं किया गया है। प्राधिकरण उपाध्यक्ष द्वारा अधीनस्थ अधिकारियों/ कर्मचारियों को निर्देशत किया गया कि एनएच 24 साहबेरी मुख्य नाले से सीवर लाइन से अंसल सुशांत एक्वापोलिस इंटीग्रेटिड टाउनशिप में आने वाले पानी को तत्काल बंद कराया



जाए। प्राधिकरण उपाध्यक्ष महोदय ने ये भी निर्देशित किया गया कि एनएच 24 साहबेरी मुख्य नालों की सफाई कराने के लिए संबंधित विभाग को पत्र प्रेषित किया जाए, विकासकर्ता/ निर्माणकर्ता के द्वारा बिना संपूर्ति प्रमाण प्राप्त किए टावर एप्पल 7 के आवंटियों को कब्जा दिए जाने से कारण विधिक कार्यवाही करते हुए विकासकर्ता/ निर्माणकर्ता के विरूद्ध एफआईआर व अन्य कार्यवाही तत्काल की जाए। सुरक्षा के दृष्टिगत एप्पल 7 के उन आवंटियों को, जिनके द्वारा कब्जा प्राप्त कर निवास किया जा रहा है, फ्लैट खाली करने का अनुरोध किए जाने के निर्देश दिए गए। प्राधिकरण उपाध्यक्ष महोदय ने ये भी निर्देश दिए कि मिटटी धंसने के कारण बने गडढे में मिटटी भराव का कार्य तत्काल कराया जाए। अंसल सुशांत एक्वापोलिस इंटीग्रेटिड टाउनशिप का तलपट मानचित्र गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा वर्ष 2011 में किया गया था, जिसके अंतर्गत टाउनशिप विक. सित की जानी थीं,परंतु विकासकर्ता द्वारा वर्तमान समय तक अवस्थापना सुविधाओं यथा एसटीपी, सडक, जलापूर्ति, सीवर लाइन, ड्रेनेज आदि विकास कार्य नहीं किया गया है। अवस्थापना सुविधाओं के विक. सित न करने के लिए सम्पूर्ण देयता प्राधिकरण कोष में जमा करायी गई है। अवस्थापना सुविधाओं के विकसित न किए जाने एवं प्राधिकरण की देयता जमा न कराये जाने के कारण प्राधिकरण द्वारा विकासकर्ता के विरूद्ध थाना क्रासिंग रिपब्लिक में प्रथम सूचना रिपोर्ट एफआईआर संख्या 0065/ 2025 दिनांक 5 मार्च 2025 को दर्ज करायी गई है। वर्तमान मे स्थल पर प्राधिकरण टीम द्वारा सीवर को रिपेयर करा दिया गया है व मिट्टी भराई का कार्य कराया जा रहा है।

# विकास कार्यों में तेजी लाने को किए गए बदलावः मुख्यमंत्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में विकास कार्यों की गति बढ़ाने, उसमें अधिक पारदर्शिता लाने और आर्थिक व्यवधान को दूर करने के लिए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने निर्माण से जुड़ी परियोजनाओं को लेकर ने कई आवश्यक बदलाव व महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं।

मुख्यमंत्री का कहना है कि इन निर्णयों से तेजी से विकास कार्य होंगे और राजधानी आसानी से 'विकसित दिल्ली' की ओर अग्रसर होगी। इन निर्णयों से संबंधित एजेंसियों पर बेवजह का बोझ घटेगा, साथ ही निर्माण कार्य करने वाली कंपनियों को आर्थिक परेशानियों से छुटकारा भी मिलेगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि पिछले कई सालों से दिल्ली में निर्माण कार्य नहीं हो रहे थे, या उनकी गति धीमी थी, जिसके चलते राजधानी की हालात बुरी हो गई थी। हमारी सरकार ने आते ही विकास कार्यों की गति तेज करने के प्रयास शुरू किए। हमे जानकारी मिली कि अगर निर्माण कार्यों को लेकर कुछ बदलाव कर दिए जाएं तो ये कार्य तेज गति पकड़ सकते हैं। मुख्यमंत्री के अनुसार इसके लिए वह लगातार संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा कर रही थीं, उन्होंने जनप्रतिनिधियों से भी विचार-विमर्श किया और निर्माण करने वाली कंपनी व कॉन्ट्रेक्टरों से भी समस्याएं जानीं और लगातार समीक्षा की गई। जिसके बाद निर्माण कार्य से जुड़े कुछ नियमों में बदलाव किया गया। जो बदलाव किए गए, वे इस प्रकार हैं।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने जानकारी दी कि इस निधि का उद्देश्य दिल्ली के बुनियादी ढांचे की जरूरतों को पूरा करना है। इस योजना को २०२५-२६ में लागू करने के लिए दिल्ली सरकार के योजना विभाग को १४०० करोड़ रुपये का बजट दिया गया है। उन्होंने बताया कि जिन विधायकों को अपने क्षेत्र में किसी विकास कार्य के लिए धनराशि की आवश्यकता होगी, वह अब इस निधि से राशि ले सकते हैं। एक प्रोजेक्ट की अधिकतम लागत १० करोड़ रुपये तय की गई है। यह योजना स्थानीय स्तर पर विकास के लिए लचीला और गतिशील तंत्र प्रदान करेगी। इसकी विशेषता यह भी है कि प्रशासनिक विभाग, स्थानीय निकाय और स्वायत्त संस्थाएं (अपने प्रशासनिक सचिवों के माध्यम से) परियोजनाओं के प्रस्ताव तैयार करने के लिए जिम्मेदार होंगी, जो दिल्ली मुख्यमंत्री के निर्देशों पर आधारित होंगे। बड़ी बात यह भी है कि योजना विभाग प्रोजेक्ट की कुल राशि का ५० प्रतिशत अग्रिम देगा और शेष ५० प्रतिशत काम पूरा होने के बाद जारी किया जाएगा। यह भुगतान कार्य की प्रगति, उपयोग प्रमाणपत्र और पूर्णता प्रमाणपत्र के आधार पर संबंधित विभाग या एजेंसी को किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली सरकार की इस योजना के अंतर्गत विधायक अपने निर्वाचन क्षेत्र में विकास कार्य करवाते हैं। इस योजना में अब भुगतान जारी करने के मामले में बड़ा बदलाव किया गया है। इन विकास योजनाओं के लिए शहरी विकास विभाग धनराशि जारी करता है। अब पहली किश्त, यानी अनुमानित राशि का १० प्रतिशत कार्य स्वीकृत करते समय कार्यकारी एजेंसियों को जारी किया जाएगा। दूसरी किश्त यानी पहले जारी की गई १० प्रतिशत राशि को जोड़कर निविदा राशि का ५० प्रतिशत आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने पर जारी किया जाएगा। इसका अर्थ यही है कि कार्य शुरू होते ही प्रोजेक्ट की कुल राशि की आधी धनराशि जारी कर दी जाएगी। बाकी ५० प्रतिशत धनराशि कार्य पूरा होने पर जारी कर दी जाएगी। इसका बड़ा लाभ यह होगा कि निर्माण करने वाली कंपनी या कॉन्ट्रेक्टरों को अपना भुगतान पाने में बहुत अधिक समय नहीं लगेगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने यह भी जानकारी दी कि क्षेत्रीय विधायक अपने फंड से विकास कार्य अब दिल्ली नगर निगम से भी करा सकेंगे। पहले यह काम सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग या दिल्ली राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम (डीएसआईआईडीसी) से ही करवा पाते थे। इसमें समस्या यह आती थी कि छोटे विकास कार्यों में ज्यादा समय लगता था, क्योंकि ये विभाग बड़े काम प्राथमिकता के आधार पर करते हैं। अब छोटे कार्य जल्द ही नगर निगम द्वारा निपटा दिए जाएंगे।

# करंट की चपेट में आने से भाई-बहन की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बेगमपुर इलाके में बीती रात एक घर की लोहे की सीढ़ी में करंट की चपेट में आने से भाई-बहन की मौत हो गई। जबकि उनको बचाने की कोशिश कर रहे पिता बुरी तरह से झुलस गए। पुलिस ने मामला दर्ज करके शवों को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मृतकों की पहचान विवेक और अंजू के रूप में हुई है। जबकि गंभीर रूप से घायल पिता की पहचान कालीचरण के रूप में हुई है। विवेक अविवाहित था और अपने पिता के साथ वेल्डिंग का काम करता था, जबकि अंजू की हाल ही में तीन महीने पहले शादी हुई थी और वह गृहिणी थी। बुधवार रात १० बजकर ५६ मिनट पर बेगमपुर पुलिस को एक पीसीआर कॉल मिली थी। कॉलर अभिषेक ने बताया कि मकान नंबर बी-२०९, राजीव नगर की लाइट कटवा दो, तीन आदमी चिपके हुए हैं। पुलिस मौके पर पहुंची। करंट की चपेट में आए काली चरण, विवेक और अंजू को पड़ोसी नजदीक के अग्रसेन अस्पताल ले जा चुके थे। एनडीपीएल और क्राइम टीम की मदद से घटना वाली जगह से सबूत इक्ट्ठा किये।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि ५० वर्ग गज में बने इस घर में खुली वायरिंग थी, जिसमें सीढियों की लोहे की ग्रिल पर तार खुले थे। रात करीब १० बजे विवेक ऊपर लोहे की ग्रिल लगाने जा रहा था, वहाँ बिजली के तार लटके हुए थे। जैसे ही विवेक ने बाथरूम के लोहे के गेट को छुआ। उसे बिजली का झटका लगा।

# दिल्ली को मिलेगी कूड़े से आजादी : राजा इकबाल सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि दिल्ली नगर निगम ने पूरे जोश और ताकत के साथ "दिल्ली को कूड़े से आजादी" स्वच्छता अभियान की शुरुआत कर दी है। यह एक माह का अभियान १ अगस्त से ३१ अगस्त २०२५ तक चलेगा, जिसके तहत सभी १२ जोनों में बड़े पैमाने पर सफाई कार्य होंगे, जिसमें निवासियों, स्कूलों, बाजार संघों और सामुदायिक समूहों की सक्रिय भागीदारी होगी। महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने बताया कि यह अभियान आवासीय कॉलोनियों, बाजारों, औद्योगिक क्षेत्रों, स्कूलों, कॉलेजों, झुग्गी- झोपड़ी बस्तियों, सार्वजनिक शौचालयों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर गहन सफाई कार्य को कवर करेगा।

साथ ही, कचरे के पृथक्करण के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे, जिससे घरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को सूखा, गीला और खतरनाक कचरा अलग-अलग करने के लिए प्रेरित किया जाएगा, ताकि उसका उचित निपटान और रीसाइक्लिंग हो सके। एमसीडी रेलवे ट्रैकों के किनारे जमा नगर ठोस कचरे (एमएसडब्ल्यू) को हटाने के लिए विशेष कार्रवाई करेगी। इसके अलावा, निर्माण और ध्वस्तीकरण (सी एंड डी) कचरे पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, ताकि उसे व्यवस्थित तरीके से इकट्ठा कर, प्रबंधित और रीसायकल किया जा सके और अवैध फेंकाव को रोका जा सके। अभियान का अहम लक्ष्य सिंगल-यूज प्लास्टिक (एक बार इस्तेमाल होने वाले प्लास्टिक) का उन्मूलन भी है।



**दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह दिल्ली को कूड़े से आजादी के बारे में जानकारी देते हुए।**

# मुखर्जी नगर में हुई आर्म्स रॉबरी के मामले में चार आरोपी चढ़े हत्थे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मुखर्जी नगर पुलिस थाने के स्टाफ ने मुखर्जी नगर में हुई आर्म्स रॉबरी का मामला सुलझाकर चार रॉबर को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उनके पास से अपराध में प्रयुक्त कार,तीन स्वचालित पिस्टल और चार जिंदा कारतूस बरामद किए है।आरोपियों ने अपनी निजी इच्छाओं को पूरा करने और अपनी वैध आय से परे एक शानदार जीवनशैली जीने के लिए आसानी से पैसा कमाने के इरादे से अपराध किया था। दिल्ली के उत्तर-पश्चिम जिला पुलिस उपायुक्त भीष्म सिंह ने बताया कि २७.जुलाई को मुखर्जी नगर थाने में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई जिसमें शिकायतकर्ता ने बताया कि वह अपने कमरे में मौजूद था, तभी तीन अज्ञात व्यक्ति, जिनके पास हथियार थे, जबरदस्ती अंदर घुस आए और उसे दूसरी ओर मुंह करके बैठने के लिए कहा।

उन्होंने उससे आभूषण और पैसे सौंपने को कहा। जब उसने बताया कि घर में कोई नकदी नहीं है, तो एक लुटेरे ने अलमारियों की तलाशी लेनी शुरू कर दी, कुछ सामान ले लिया और कमरे को बाहर से बंद करके मौके से भाग गए।बाद में, शिकायतकर्ता की पत्नी ने पुष्टि की कि लुटेरे उनकी अलमारी से दो सोने की चूड़ियाँ, एक जोड़ी झुमके और ६१.५ लाख नकद ले गए। इसके बाद मुखर्जी नगर थाने के तहत मामला दर्ज कर एसीपी मॉडल टाऊन सुरेश चंद्र की देखरेख में एसएचओ मुखर्जी नगर राजीव शाह के नेतृत्व में टीम ने अपराध स्थल और आसपास के सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया। यह देखा गया कि आरोपी व्यक्ति एक कार, में आए थे। सत्यापन के बाद, यह पाया गया कि नंबर प्लेट नकली थी और वास्तव में एक वेरना कार की थी, जबकि अपराध में इस्तेमाल किया गया वाहन एक हुंडई कार थी।

# जनता गत वर्ष की विफलता पर जवाब मांग रही: सचदेवा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की जिस तरह भाजपा सरकार ने जलभराव की समस्या को काबू कर तेजी से जल निकासी सुनिश्चित की है और जनता अरविंद केजरीवाल की गत वर्ष की विफलता पर जवाब मांग रही है उससे पूर्व मंत्री एवं आम आदमी पार्टी के दिल्ली अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज बौखला गये हैं।

उन्होंने कहा है की विगत १० साल में अरविंद केजरीवाल सरकार के दिल्ली जलबोर्ड एवं लोक निर्माण विभाग लूट का अड्डा बन गये थे और डीसिलटिंग मलाईदार कमाई का खेल जिसके चलते २०१८ में एक नागरिक संगठन ने दिल्ली उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की।केजरीवाल सरकार ने इस याचिका को लम्बे समय तक टलवाया और २०२४ में अंततः न्यायालय ने जब डीसिलटिंग आडिट का आदेश दिया तो सौरभ भारद्वाज जैसे मंत्री ने डी सिलटिंग करवाने की जिम्मेदारी खुद पर नहीं ली उल्टा अधिकारियों पर आक्षेप लगाने का माध्यम बना लिया। सौरभ भारद्वाज दिल्ली वालों को बतायें की २०१५ से ही दिल्ली में उनकी सरकार ने डीसिलटिंग के नाम पर इतना भ्रष्टाचार क्यों किया।

# राष्ट्रीय मुस्लिम मंच व मुस्लिम मीडिया ग्रुप के बीच संवाद से समाधान विषय पर कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मुस्लिम मंच और मुस्लिम मीडिया ग्रुप के बीच दिल्ली के हरियाणा भवन में संवाद से समाधान विषय पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें हिंदू और मुसलमान के बीच व्याप्त नफरत की खाई को पाटने के विषय पर चर्चा की गई। इस कार्यक्रम में आरएसएस प्रचारक और मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के मार्गदर्शक डॉ. इंद्रेश कुमार , संयोजक डॉ शाहिद अख्तर और मीडिया कोऑर्डिनेटर शाहिद सईद ने भाग लिया। दूसरी तरफ मीडिया समूह के पत्रकारों और संपादकों ने भी भाग लेकर अपने विचार व्यक्त किया। इस अवसर पर अपनी बात रखते हुए डॉ इंद्रेश कुमार ने कहा कि अंग्रेजों ने हिंदू मुसलमान के बीच नफरत पैदा कर कर के उन्हें बांटने की जो साजिश रची थी उसका परिणाम विभाजन के रूप में सामने आया था। लेकिन स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भी आज तक अंग्रेजों की इस फूट डालो नीति का असर हमें देखने को मिल रहा है। छोटी-छोटी बातों पर आपस में हिंदू मुसलमान के बीच तनाव उत्पन्न होने की खबरें हमेशा आती रहती हैं। सबसे बड़ा मुद्दा गौ हत्या को लेकर के है।

हमारे देश में गौ हत्या बंद होनी चाहिए इसको लेकर के सभी सहमत हैं लेकिन कभी-कभी इस तरह की वारदात हो जाती है जिसको लेकर के लिंचिंग की घटनाएं सामने आती हैं जो हमारे समाज का भयानक रूप सामने लाती हैं। उन्होंने कहा कि हमारे देश में राष्ट्रीयता की कमी है जो अक्सर हमें देखने को मिलती है। उन्होंने कहा कि पुलवामा, पहलगाम जैसे आतंकवादी घटना पर भी हम एक सवार होकर इसका विरोध नहीं कर पाए। उन्होंने कल की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि हमारे देश पर टैरिफ लगाया गया लेकिन हम इस पर भी एक मत नहीं हो पाए और एकजुट होकर यह नहीं कह पाए की यह हमारे राष्ट्र का मामला इसे हम सब मिलकर के हल करेंगे। बैठक में कई पत्रकारों के जरिए उत्तर प्रदेश में कांवड़ियों के जरिए किए जाने वाले उत्पात, मोहर्रम के जुलूस को लेकर की जाने वाली टिप्पणी और सरकारी भेदभाव का मामला भी उठाया गया। उर्दू अखबारों की दयनीय स्थित और सरकार की उदासीनता पर भी सवाल किए गए। बैठक में पिछले दिनों सरसंचालक के साथ उलमा की बैठक मैं शामिल होने वाले कुछ तथाकथित उलेमा और बुद्धिजीवियों का भी जिक्र किया गया और बताया गया कि उनकी मुस्लिम समाज में कोई अहमियत नहीं है।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना (ई-टेंडरिंग द्वारा)**

| | |
|---|---|
| **कार्य का नाम तथा स्थान :** स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली में यातायात लेखा भवन के सुधार के साथ दूरसंचार सुविधाओं का प्रावधान। | |
| **कार्य की अनुमानित लागत :** रु. 47,51,774.84/- मात्र | |
| **धरोहर राशि :** रु. 95,000/- मात्र | |
| **कार्यालय का पता :** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता-C, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055 | |
| **निविदा प्रपत्र जमा करने तथा निविदा खुलने का दिनांक तथा समय :** निविदा प्रपत्र जमा अपलोड करने का समय दिनांक 25.08.2025, 15:00 बजे तक | |
| **वेबसाइट एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है :** उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें या देखें नोटिस बोर्ड, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055 | |

सं.: 558-सिगनल-16-टेली-ओपनटेंडर-1018 दिनांक: 31.07.2025 2339/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**इ-निविदा (इ-प्रोक्यूर्मेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

सं. 128-W/280/इ-निविदा सूचना/23-2025-26/W-3 दिनांक: 31.07.2025

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में इ-निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | सहायक मंडल इंजीनियर/नई दिल्ली के अधीन वरिष्ठ अनुभाग इंजीनियर/निर्माण /एएनवीटी के अनुभाग में स्टेशन भवन परिसर में विभिन्न शौचालय परिसरों का नवीनीकरण, जैसे कि उच्च श्रेणी प्रतीक्षालय महिलाओं और पुरुषों के लिए, स्लीपर श्रेणी प्रतीक्षालय महिलाओं और पुरुषों के लिए, आरपीएफ लॉबी भूतल महिलाओं और पुरुषों के लिए, बुकिंग हॉल महिलाओं और पुरुषों के लिए और जीआरपी सीढ़ी के पास प्रथम तल, महिलाओं और पुरुषों के लिए, जिसमें एएनवीटी में उच्च श्रेणी और स्लीपर श्रेणी प्रतीक्षालय क्षेत्र का उन्नयन शामिल है। |
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) | ₹ 99,99,674.62/- (रुपये निन्यान्नवे लाख निन्यान्नवे हजार छः सौ चौहत्तर और बासठ पैसे मात्र) |
| 3 | बयाना राशि (रुपये) | ₹ 2,00,000/- (रुपये दो लाख मात्र) |
| 4 | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये) | रु. 0.00, |
| 5 | निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | 22.08.2025 को 15:00 तक। |
| 6 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है। |

• ठेकेदारो को ई-टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी। 2342/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ




शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने रोहिणी स्थित सर्वोदय विद्यालय में शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित व्यावसायिक प्लेसमेंट ड्राइव, रोजगार मेले का उद्घाटन करते हुए।

# सरकार का सामान्य शिक्षा के साथ रोजगार परक शिक्षा पर भी जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने रोहिणी स्थित सर्वोदय विद्यालय में शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित व्यावसायिक प्लेसमेंट ड्राइव, रोजगार मेला- २०२५- २०२६ में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक राजकुमार चौहान शिक्षा सचिव, शिक्षा निदेशक और बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावक और बच्चों को रोजगार प्रदान करने वाली कई कंपनियों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

इस अवसर पर शिक्षा मंत्री ने रोजगार देने वाली कंपनियों के प्रतिनिधियों से विस्तार से चर्चा की कि वह किस प्रकार से सरकारी स्कूलों के बच्चों का चयन अपनी कंपनियों में रोजगार देने के लिए करते हैं और उनको कितना वेतन और सुविधा आदि दी जाएंगी। इसके साथ-साथ उन्होंने बच्चों से भी संवाद किया कि कैसे वह इन कंपनियों के साथ मिलकर अपना भविष्य सवारेंगे और समाज की मुख्य धारा से अपने आप को जोड़ेंगे ।उन्होंने कहा की आप सबको इतनी बड़ी तादाद में देखकर मन अत्यंत प्रसन्न होता है। और प्रसन्नता इस बात की भी होती है कि धीरे-धीरे वक्त बदल रहा है। वकघ्त इसलिए बदल रहा है कि अब हुनर के अनुसार सही अवसर, योग्यता और प्रतिभा मिलनी शुरू हो गए हैं।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि यह कार्यक्रम केवल एक प्लेसमेंट ड्राइव नहीं, बल्कि यह इस बात का प्रतीक है कि दिल्ली के सरकारी विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा ने कितनी प्रगति की है और दिल्ली सरकार आने वाले समय में किस तरह से हर छात्र को सम्मानजनक और संभावनाओं से भरा भविष्य देने के लिए प्रतिबद्ध है। सूद ने बताया कि पिछले शैक्षणिक सत्र में ४.२ लाख से अधिक छात्रों ने दिल्ली के सरकारी विद्यालयों में विभिन्न ट्रेड्स में व्यावसायिक शिक्षा का चयन किया गया।


**रेलयात्री कृपया ध्यान दें!**

**महत्वपूर्ण सूचना**

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा निम्नलिखित आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी का संचालन करने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

रेलगाड़ी सं. 04081/04082 नई दिल्ली - श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा - नई दिल्ली आरक्षित एक्सप्रेस विशेष | 06 फेरे

| गाड़ी सं. 04081 आगमन | गाड़ी सं. 04081 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 04082 आगमन | गाड़ी सं. 04082 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 23:45 | नई दिल्ली | 10:30 | ---- |
| 00:58 | 01:00 | पानीपत | 07:30 | 07:32 |
| 01:43 | 01:45 | कुरुक्षेत्र जं. | 06:48 | 06:50 |
| 02:32 | 02:40 | अम्बाला छावनी | 05:50 | 05:55 |
| 04:06 | 04:16 | ढंडारी कलां | 04:00 | 04:10 |
| 05:26 | 05:28 | जलंधर छावनी | 02:45 | 02:50 |
| 07:15 | 07:20 | पठानकोट छावनी | 00:45 | 00:50 |
| 09:15 | 09:25 | जम्मू तवी | 23:00 | 23:05 |
| 11:08 | 11:10 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 21:48 | 21:50 |
| 11:40 | ---- | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | ---- | 21:20 |

**चलने के दिन:** **04081 नई दिल्ली** से दिनांक 14, 15 एवं 16.08.2025 को तथा **04082 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा** से दिनांक 15, 16 एवं 17.08.2025 को।

**स्थान:** प्रथम वाता., वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

2343/2025 पर हमें फॉलो करें

**उत्तर रेलवे**

आपकी सुविधा-हमारा ध्येय

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# डीयू का छात्र अब दिल्ली पुलिस का बना सीपी

**सफदर अली**

**नई दिल्ली।** बिहार में बचपन, झारखंड के हजारीबाग स्थित सैनिक स्कूल तिलैया से पढ़ाई के बाद दिल्ली यूनिवर्सिटी से पढ़ाई और फिर दिल्ली समेत भारत के कई शहरों में जाकर सुरक्षा की कमान संभालने वाले 1988 बैच के एजीएमयूटी कैडर के आईपीएस शशि भूषण कुमार सिंह (एसबीके सिंह) ने वीरवार को दिल्ली पुलिस के कप्तान का अतिरिक्त कार्यभार संभाल लिया। अपने 36 साल से अधिक के कार्यकाल के दौरान वो भारत के दो राज्यों के पुलिस प्रमुख रहे हैं। उनके लिये दिल्ली शहर और यहां की गलियां कोई नई नहीं है। वे यहां के हर एक उस इलाके से वाकिफ रहे हैं,जहां पर अपराधी अपराध करता है और अपने ठिकाने बनाकर रहता है। 1983से 1986 तक दिल्ली यूनिवर्सिटी के मशहूर सेंट स्टीफंस कॉलेज से भौतिक विज्ञान में बीएससी (ऑनर्स)की पढ़ाई करने के बीच वे कॉलेज प्लानिंग फोरम के प्रेसिडेंट भी रहे। कॉलेज पढ़ाई पूरी करने के बाद संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सर्विसेज परीक्षा की परीक्षा पास की। 25 अगस्त 1988 को उनका सेलेक्शन इंडियन पुलिस सर्विस के लिए हुआ। आईपीएस अधिकारी बनने के बाद उन्होंने एमबीए एचआर भी किया। जिसके बाद उन्होंने मिजोरम के डीजीपी, अरुणाचल प्रदेश के डीजीपी, स्पेशल सीपी टेक और पीआई स्पेशल सीपी एल एंड ओ, स्पेशल पुलिस आयुक्त (सुरक्षा), स्पेशल पुलिस आयुक्त (खुफिया), संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) और दिल्ली पुलिस में एडिशनल सीपी के पद पर कार्य किया। यहीं नहीं अमरीकी राष्ट्रपति की सुरक्षा से लेकर भारत-अफ्रीका फोरम शिखर की सुरक्षा व्यवस्था का भी ऑब्जर्वेशन किया था। वे खोई हुई रिपोर्ट ऐप के लिए ई-गवर्नेंस से भी काफी चर्चा में रहे। होमगार्ड डीजी पद संभालने के बाद कई योजनाओं को शुरू किया

होमगार्ड डीजी के पद पर आने के बाद उन्होंने स्थान-आधारित ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली शुरू की गई, होमगार्ड स्वयंसेवकों के लिए आकस्मिक मृत्यु पर 50 लाख रुपये का बीमा कवर शुरू किया गया, दिव्यांगजनों और विकलांग व्यक्तियों की सुविधा के लिए लिफ्ट लगाई गई, बस और मोटरसाइकिल सहित पूरी तरह से नए वाहन बेड़े की शुरुआत की गई, ऑनलाइन आवेदन के साथ बहुउद्देश्यीय प्रणाली का नवीनीकरण किया गया, कंप्यूटर पर परीक्षण चलाने की योजना बनाई गई। चार साल बाद यूटी कैडर को मिला अपना सीपी आईपीएस एसबीके सिंह के नये पुलिस आयुक्त बनने के बाद यूटी कैडर में भी खुशी देखी जा रही है। इसकी वजह चार साल बाद अपने कैडर के किसीआईपीएस अधिकारी की इस पद पर नियुक्ति है। 2021 में, राकेश अस्थाना को दिल्ली पुलिस आयुक्त नियुक्त किया गया था, जो यूटी कैडर से नहीं थे।

22 साल पहले भी यूपी कैडर के अजय राज शर्मा को इस पद पर तैनाती दी गई थी। 2022 में तमिलनाडु कैडर के आईपीएस अधिकारी संजय अरोड़ा को दिल्ली पुलिस आयुक्त बनाया गया था। बालाजी श्रीवास्तव के अंतरिम पुलिस आयुक्त बनने के बाद अब जाकर कोई यूटी कैडर का पुलिस आयुक्त दिल्ली को मिला है। दिलचस्प बात यह है कि एसबीके सिंह की सेवानिवृत्ति में महज छह महीने बचे हैं। हालांकि उन्हें अभी केवल अतिरिक्त प्रभार दिया गया है, लेकिन मंत्रालय के भीतर यह चर्चा है कि उन्हें नियमित नियुक्ति के साथ एक या दो साल का सेवा विस्तार भी मिल सकता है।

आईपीएस एसबीके सिंह अपने कार्यकाल में जहां भी रहे,उन्होंने कुछ नया किया। जिससे वो चर्चा में रहे और उनको राष्ट्रपति और पुलिस मेडल से सम्मानित किया गया। उनकी कार्यशैली को देखते हुए 26 जून 2014 को पासपोर्ट सेवा दिवस पर भारत सरकार की तत्कालीन विदेश मंत्री सुषमा स्वराज से दिल्ली पुलिस की ओर से मान्यता प्रमाण पत्र से भी सम्मानित किया था।

# सहायक उपनिरीक्षक को एसपी ने किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** उत्तर प्रदेश पुलिस की सीसीटीएनएस रैंकिंग में हापुड़ जनपद ने जून 2025 में पूरे प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। इस बड़ी उपलब्धि के लिए सहायक उपनिरीक्षक यतेन्द्र कुमार को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया है। यतेन्द्र कुमार को उत्तर प्रदेश पुलिस तकनीकी सेवाएं मुख्यालय की ओर से प्रशस्ति पत्र और 5,000 का नगद पुरस्कार दिया गया है। पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने यतेन्द्र कुमार की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह उपलब्धि पूरे पुलिस विभाग के लिए प्रेरणादायक है।

सीसीटीएनएस एक महत्वपूर्ण सरकारी योजना है। जिसका उद्देश्य अपराध और अपराधियों की जानकारी को डिजिटल रूप से एकत्रित करना है। इसमें



एफआईआर से लेकर अदालत की रिपोर्ट तक सब कुछ पारदर्शी तरीके से दर्ज किया जाता है। यतेन्द्र कुमार ने इस प्रणाली में समय पर डेटा फीडिंग और रिकॉर्ड प्रबंधन में बेहतरीन काम किया, जिसके कारण हापुड़ ने यह गौरव हासिल किया है। पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने कहा कि यतेन्द्र कुमार की कार्यशैली अन्य पुलिसकर्मियों के लिए एक मिसाल है और उनकी सफलता से पुलिसिंग को और भी अधिक प्रभावशाली और पारदर्शी बनाया जा सकता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी ऐसी ही कार्यप्रणाली जारी रहेगी ताकि जनपद हापुड़ अग्रणी बना रहे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के अलीपुर कट के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना को अंजाम देने के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को कब्ज़े में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। थाना प्रभारी निरीक्षक महेंद्र कुमार ने बताया कि मृतक युवक की पहचान 22 वर्षीय सागर निवासी पानीपत हरियाणा के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि युवक के शव को कब्ज़े में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और पुलिस अज्ञात वाहन चालक की तलाश कर रही है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# सट्टा खेलते हुए दो सटोरी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ नगर पुलिस ने सट्टा खेलते हुए दो सटोरियों को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से नकदी, सट्टा पर्चा व पैन बरामद हुआ है।

थाना प्रभारी निरीक्षक मुनीश प्रताप ने बताया कि हापुड पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं जुआरी और सट्टेबाजों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना हापुड़ नगर पुलिस द्वारा सट्टा खेलते हुए दो सटोरी मोहमद आरिफ पुत्र आसफ अली निवासी मोहल्ला मजीदपुरा थाना हापुड़ नगर जनपद हापुड और शोएब पुत्र नूर मौहम्मद निवासी मोहल्ला कोटला मेवातियान थाना हापुड़ नगर जनपद हापुड को रामपुर रोड़ बन्द फैक्ट्री के पास से गिरफ्तार किया गया है। जिनके कब्जे से 2,150 रुपये नकदी, 4 सट्टा पर्चा व 2 पैन बरामद हुए हैं। उन्होंने बताया कि सटोरियों की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना हापुड़ नगर पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## नाबालिग बच्चे से कुकर्म के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हाफिजपुर पुलिस ने 12 वर्षीय नाबालिग बच्चे से कुकर्म का प्रयास करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

थाना प्रभारी आशीष पुंडीर ने बताया कि नाबालिग बच्चे के परिजनों द्वारा थाने पर आरोपी के खिलाफ 12 वर्षीय नाबालिग बच्चे से कुकर्म के प्रयास का मुकदमा दर्ज कराया गया था। संबंधित मामले में मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई थी। गुरुवार को पुलिस ने संबंधित मामले में फरार चल रहे आरोपी अभिषेक पुत्र सुरेश निवासी ग्राम रामपुर थाना हाफिजपुर जनपद हापुड को रामपुर अण्डरपास के पास से गिरफ्तार किया गया है एवं अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# जीएस मेडिकल कॉलेज में हुआ सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा के जीएस विश्वविद्यालय में सड़क सुरक्षा को लेकर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सड़क सुरक्षा के महत्व और नियमों के प्रति सभी को जागरूक करना था।

अस्पताल प्रशासक सिंह ने अपने भाषण में बताया कि छोटी-छोटी लापरवाहियाँ, जैसे हेलमेट न पहनना और ओवर-स्पीडिंग, किस तरह से गंभीर दुर्घटनाओं का कारण बन सकती हैं। उप निदेशक मनोज शिशोदिया ने देश में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं का एक बड़ा कारण सुरक्षा उपकरणों का



इस्तेमाल न करना और गलत दिशा में गाड़ी चलाना बताया।

उन्होंने सभी से यातायात नियमों का पालन करने और दूसरों को भी प्रेरित करने का आग्रह किया। साथ ही, उन्होंने ट्रैफिक जाम और प्रदूषण कम करने के लिए महीने में एक बार सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने का सुझाव भी दिया। सुरक्षा अधिकारी विजेंद्र सिंह ने विश्वविद्यालय के सभी कर्मचारियों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए नियमित रूप से प्रशिक्षण देने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में कई वरिष्ठ अधिकारी, जिनमें चिकित्सा अधीक्षक डा. एस कुमार भी मौजूद रहे। सभी ने छात्रों से समाज में सड़क सुरक्षा के संदेश को फैलाने का आग्रह किया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने और एक सुरक्षित भारत के निर्माण में योगदान देने की शपथ ली।

# मस्जिद के बाहर सड़कों पर जल भराव से नमाजी परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धौलाना।** गांव शेखपुर खिचरा में गलियों में जल भराव से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड रहा है। मस्जिद में नामाज अदा करने के लिए लोगों को आना जाना पड़ता हैं गलियों में जल भराव व किचड़ होने से काफी कठिनाई होती है।

बरसात का पानी एक जगह जमा हो कर पूरा कीचड़ हो जाता हैं जिससे लोगों को आने जाने के लिए काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा हैं। यहाँ तक की इस रास्ते पर नाली भी नहीं है सड़क कीचड़ से भरा हुआ है। गांव शेखपुर खिचरा में करीब 15 हज़ार लोगों की आबादी हैं सड़क पर जल भराव रहता हैं और नामाजी इसी रास्ते से हो कर नमाज अदा करने के लिए मस्जिद जाते हैं। इसके बारे में कई बार लोग शिकायत भी कर चुके हैं। इस रास्ते से बच्चे भी स्कूल जाते हैं और महिला भी कीचड़ वाले रास्ते से होकर गुजरती हैं । ग्रामीण अब जल भराव की समस्या को लेकर चुप नहीं रहेंगे जल्द ही उच्चस्तरीय अधिकारी को ज्ञापन देंगे।





नौशाद चौधरी



सानू चौधरी



सागीर तोमर

# बाबूगढ़ पुलिस ने फर्जी लूट की सूचना का किया खुलासा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के गाँव उपैड़ा में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक व्यक्ति ने कर्ज से परेशान होकर लूट की झूठी कहानी गढ़ दी। पुलिस की सतर्कता और गहन जांच ने इस फर्जीवाड़े का पर्दाफाश कर दिया।

मंगलवार को थाना बाबूगढ़ के गांव उपैड़ा से लूट की सूचना मिली। स्थानीय निवासी कपिल कुमार ने दावा किया कि दो नकाबपोश बदमाश कलेक्शन एजेंट बनकर उनके घर में घुसे और लाखों रुपये नकद और जेवरात लूट कर ले गए। सूचना मिलते ही थाना बाबूगढ़ की पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुँची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, लेकिन घर के अंदर या बाहर किसी भी संदिग्ध व्यक्ति की कोई गतिविधि नहीं दिखी। इससे पुलिस को कपिल की कहानी पर संदेह हुआ। ज़ब पुलिस ने कपिल से सख्ती से पूछताछ की तो उसकी कहानी में लगातार विरोधाभास सामने आने लगे। पुलिस पूछताछ में कपिल ने स्वीकार किया कि उसके परिवार पर 2021 के ग्राम प्रधान चुनाव के कारण करीब 8-9 लाख रुपये का कर्ज था। कर्जदार लगातार पैसे वापस मांग रहे थे, जिससे परिवार मानसिक तनाव में था। कपिल ने सोचा कि अगर वह लूट की झूठी अफवाह फैलाएगा, तो कर्जदारों को सहानुभूति मिलेगी और वे पैसे वापस मांगने में देरी कर सकते हैं। इसी सोच के तहत उसने घर में सामान अस्त-व्यस्त कर दिया और लूट का शोर मचा दिया। पुलिस की सूझबूझ की सराहना कपिल ने अपनी गलती मानते हुए पुलिस को लिखित माफी नामा सौंपा है। पुलिस ने उसे कड़ी चेतावनी दी है कि भविष्य में ऐसी हरकत करने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# विवाहिता की हत्या के मामले में पांच दोषियों को सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पुलिस द्वारा न्यायालय में प्रभावी, सशकत पैरवी करते हुए 3 हत्यारोपियों पति, देवर व सास को आजीवन कारावास व 7,000-7,000 रुपये एवं दो आरो. पियों दो देवर को 3-3 वर्ष का साधारण कारवास व 2,000-2,000 रुपये के अर्थदण्ड से दंडित कराया गया।

ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के अन्तर्गत आरोपियों को न्यूनतम समय में सजा दिलाए जाने के क्रम में हापुड़ पुलिस द्वारा गुणवत्तापूर्ण विवेचना तथा अभियोजन व मॉनीटरिंग सेल द्वारा प्रभावी पैरवी करते हुए गुरुवार को न्यायालय द्वारा 5 आरोपियों को दंडित कराया गया है। अभियोजन विभाग से शासकीय अधिवक्ता विजय कुमार चौहान ने बताया कि विवाहिता की हत्या के आरोपी पति सुनील पुत्र इन्द्राज निवासी ग्राम रमपुरा थाना बाबूगढ़ जनपद हापुड़ द्वारा अपनी मां संतोष, भाई अनिल, बन्टी व बॉबी के साथ मिलकर अपनी पत्नी सीमा को प्रताडित कर गला दबाकर उसकी हत्या करने की दुस्साहसिक घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना बाबगढ़ पर मुक. दमा दर्ज किया गया था तथा 22 अक्टूबर 2018 को आरोप पत्र न्यायाल में प्रेषित किया गया था। गुरुवार को न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय हापुड़ द्वारा विवाहिता के पति सुनील, देवर अनिल, सास संतोष को आजीवन कारावास व 7,000-7,000 रुपये एवं देवर बंटी व बॉबी को 3-3 वर्ष का साधारण कारावास व 2,000-2,000 रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई। अभियोजन विभाग से शासकीय अधिवक्ता विजय कुमार चौहान, विवेचक उपनिरीक्षक मुकेश कुमार, पैरोकार महिला कांस्टेबल मोनू व कोर्ट मोहर्रिर महिला कांस्टेबल पुष्पा का विशेष योगदान रहा।

## एक नजर

### धोखाधड़ी के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ देहात पुलिस ने फर्जी हस्ताक्षर कर मूल वाउचरों की धनराशि में कूटरचित तरीके से बदलाव कर समिति धन का व्यपहरण करने के मामले में संलिप्त आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक विजय गुप्ता ने बताया कि हापुड पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना हापुड़ देहात पुलिस द्वारा फर्जी हस्ताक्षर कर मूल वाउचरों की धनराशि में कूटरचित तरीके से बदलाव कर समिति धन का व्यपहरण करने के मामले में संलिप्त आरोपी रोहित पुत्र दिनेशचन्द्र अग्रवाल निवासी सी 202 स्वर्ण जयन्ती पुरम जनपद गाजियाबाद को मंडी समिति गेट के पास से गिरफ्तार किया गया है एवं अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### चैकिंग के दौरान चाकू के साथ संदिग्ध युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड नगर पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद किया गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र के दस्तोई रोड सीएमओ कार्यालय के पास चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान पुलिस ने संदिग्ध युवक को रोककर जब उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे से एक चाकू बरामद हुआ। इसके बाद पुलिस उसे थाने ले आई। पुलिस पूछताछ में युवक की पहचान करन पुत्र बबली उर्फ बबलू निवासी मोहल्ला हर्ष विहार कॉलोनी थाना हापुड़ नगर जनपद हापुड के रूप में हुई है। फिलहाल आरोपी युवक को गिरफ्तार कर पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# नाबालिग छात्रा को भगा ले गया युवक

## परिजनों ने अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** नगर के एक शांत मोहल्ले में उस समय अफरातफरी मच गई जब कक्षा 10 में पढ़ने वाली एक 16 वर्षीय नाबालिग छात्रा को देर रात एक युवक बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। घटना के बाद से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है, जबकि पीड़िता के परिवार में रो-रोकर बुरा हाल है।

परिजनों के अनुसार, बुधवार की रात लगभग 10 बजे के बाद किशोरी अचानक घर से लापता हो गई। काफी देर तक जब वह नहीं लौटी तो घरवालों ने आस-पड़ोस और रिश्तेदारों के यहां उसकी तलाश शुरू की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। थक-हारकर परिजन थाने पहुंचे और मोहल्ले के ही एक युवक पर नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगाने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल धारा 137(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है और किशोरी की तलाश में टीमें गठित कर दी गई हैं। पुलिस का कहना है कि अभियुक्त की तलाश में संभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही है ।

# जेएमएस वर्ल्ड स्कूल में हुआ वॉलीबॉल का उद्घाटन

**हापुड़।** जेएमएस वर्ल्ड स्कूल में श्सीबीएसई क्लस्टर वॉलीबॉल अंडर 14, 17 और 19 का शानदार उद्घाटन हुआ। पाँच दिनों तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में 350 से अधिक टीमें हिस्सा ले रही हैं। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य के ऊर्जा मंत्री सोमेंद्र तोमर मौजूद रहे। उनके साथ जिला अध्यक्ष नरेश तोमर, बीएसए डा. रितु तोमर, भारतीय वॉलीबॉल टीम के कप्तान अलाउद्दीन चौधरी और अन्य कई गणमान्य व्यक्ति भी शामिल थे। अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। जेएमएस वर्ल्ड स्कूल के छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं और मार्च पास्ट में सभी 350 टीमों ने गर्व के साथ हिस्सा लिया। स्कूल के चेयरमैन राकेश सिंघल और प्रबंध



निदेशक डा. आयुष सिंघल ने सभी टीमों का स्वागत किया। ऊर्जा मंत्री सोमेंद्र तोमर ने खिलाड़ियों को संबो. धित करते हुए कहा कि वे खेल भावना के साथ निष्पक्ष खेल खेलें और जीत के बजाय भागीदारी पर ध्यान केंद्रित करें। इसके बाद गणमान्य व्यक्तियों ने गेंद की सर्विस करके टूर्नामेंट की धमाकेदार शुरुआत की। टूर्नामेंट के पहले दिन कई रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। अंडर-14 वर्ग में एसआर इंटरनेशनल बरेली ने एस्टर पब्लिक स्कूल नोएडा एक्सटेंशन को हराया। अंडर-17 वर्ग में डीपीएस वसुंधरा ने दर्शन अकादमी मेरठ को, जबकि सिटी कॉन्वेंट खटीमा ने आरपीएम स्कूल हाथरस को मात दी।

# हर संवेदनशील गांवों में लगेंगी राहत चौपालें

## बाढ़ से पहले अधिकारी अलर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** बाढ़ की संभावित परिस्थितियों से पहले ही जिला प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया है। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स के निर्देश पर जिले के सभी बाढ़ संवे. दनशील गांवों में अब "राहत चौपाल" आयोजित की जाएंगी। इन चौपालों का मकसद है कि ग्रामीणों को जागरूक करना, विभागीय समन्वय मजबूत करना और समय रहते हर आवश्यक इंतजाम कर लेना। चौपालों में ग्राम प्रधानों से लेकर राजस्व, पुलिस, स्वास्थ्य, सिंचाई, पशुपालन, पंचायती राज, बाल विकास, शिक्षा, ऊर्जा, खाद्य एवं रसद, पीडब्ल्यूडी, कृषि सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी अनिवार्य रूप से शामिल होंगे। जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि चौपालें सिर्फ औपचारिकता नहीं होंगी, बल्कि ये गांव-गांव जाकर मजरे स्तर तक होंगी। गांववालों को यह बताया जाएगा कि किसी आपदा के समय वे किस अधिकारी से संपर्क करें, साथ ही बाढ़ राहत चौकियों, राहत शिविरों और आपदा कंट्रोल रूम की पूरी जानकारी भी दी जाएगी। चौपालों में ग्रामीणों को संभावित आपदाओं जैसे बाढ़, वज्रपात, सर्पदंश और डूबने से बचाव के उपायों की जानकारी दी जाएगी। लेखपाल अपने क्षेत्र के राहत शिविरों की जानकारी देंगे। साथ ही राहत आयुक्त कार्यालय के टोल फ्री नंबर 1070 और अमरोहा कंट्रोल रूम नंबर 05922-252100 का प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

## ईओ ने किया गौशाला का निरीक्षण

**मंडी धनौरा।** नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार वर्मा का एक्शन मोड इन दिनों चर्चा में है। शनिवार को उन्होंने बिना किसी पूर्व सूचना के कान्हा गौशाला और नगर के वार्ड संख्या छह और बीस का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। कान्हा गौशाला पहुंचकर ईओ अवधेश वर्मा ने सबसे पहले गोवंश के लिए उपलब्ध चारा, भूसा, पानी और शेड व्यवस्था की जांच की। उन्होंने गोसेवकों से नियमित देखभाल की रिपोर्ट ली और साफ-सफाई को लेकर कड़े निर्देश दिए।

# किसान के घर से साढ़े तीन लाख की चोरी

## घर की खिड़की तोड़कर अंदर घुसे चोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** अज्ञात चोरों द्वारा घर की खिड़की तोड़कर वहां रखी नगदी सहित सोने चांदी के आभूषणों पर हाथ साफ कर दिया। चोरी में लगभग साढ़े तीन लाख रुपये का नुकसान हुआ है।पीड़ित द्वारा कोतवाली पुलिस को सूचना दे दी गई है।

कोतवाली क्षेत्र के हल्का नंबर दो में स्थित गांव शाहपुर उर्फ भूतखदेड़ी में बेगराम पुत्र रामफल अपनी पत्नी मुन्नी व बेटी के साथ रहते हैं।बुधवार को वह अपने परिवार के साथ सुबह ही घर का ताला लगाकर अपने बाग में आम तुड़वाने चले गये थे। देर शाम जब वह अपने परिवार के साथ घर को लौटे तो घर में सामान बिखरा देख उनके होश उड़ गये। आम की फसल के घर में रखे एक लाख साढ़े 22 हजार रुपए, तीन सोने के आभूषण एवं पांच चांदी के आभूषण गायब थे। पीड़ित के अनुसार चोरी में कुल साढ़े तीन लाख रुपये का नुकसान हुआ है। पीड़ित द्वारा चोरी की सूचना कोतवाली पुलिस को दे दी गई है। वहीं दिनदहाड़े गांव में चोरी होने से ग्रामीणों में भय का माहौल है। पीड़ित के द्वारा चोरी की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने मौका मुआयना किया है। और जांच पड़ताल में लगी है। कोतवाल दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। मामला संदिग्ध है।

# जाहरवीर मेले में भक्तों ने चढ़ाया प्रसाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** बाबा जाहरवीर की याद में छड़ी मेले का आयोजन किया गया। महिलाओं ने सौंदर्य प्रसाधन व घरेलू सामान की खरीदारी की। बच्चों ने झूले आदि का आनंद लिया।

कोतवाली क्षेत्र गांव मनौटा में बाबा जाहरवीर की याद में छड़ी मेला लगाया गया। मेले में आसपास के ग्रामीणों ने पहुंचकर मंदिर पर प्रसाद चढ़ाया। मेले में कल्कि धाम पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्ण ने पहुंचकर भजन कीर्तन में भाग लिया। छड़ी मेले में श्रद्धालुओं का जनसेलाब उमड़ पड़ा। श्रद्धांलुओं ने जाहरवीर मंदिर में प्रसाद चढ़ाते हुए आशीर्वाद लिया। हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धांलुओं द्वारा लगाये जा रहे जाहरवीर के जयकारों एंव ढोल की आवाज से मेला क्षेत्र गूंज उठा। गोगा



जाहरवीर मेले में दूर दराज से आये ग्रामीणों ने प्रसाद चढ़ाया। मेला स्थल पर सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस बल को तैनात किया गया था। जाहरवीर गोगा जी का यह वार्षिक धार्मिक मेला है जो उनकी याद में लगाया जाता है। मान्यता है इस मेले में भक्त बाबा जाहरवीर गोगा की पूजा करते हैं। ऐसा करने से उनकी मनोकामना पूरी होती है।

# डीपीएस स्कूल के पास सड़क हादसा

## महिंद्रा एसयूवी ने ई-रिक्शा और होंडा सिटी कार में मारी टक्कर, कई घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** नोएडा में सेक्टर-28 डीपीएस के पास तेज रफ्तार दिल्ली नंबर की महिंद्रा एसयूवी 700 मॉडल की कार के चालक ने पहले ई-रिक्शा चालक और एक अन्य कार में टक्कर मार दी। जिससे ई रिक्शा चालक और दूसरी कार का चालक घायल हो गए।





एसयूवी डिवाइडर से टकराकर पलट गई। कार के दोनों एयरबैग खुले थे। ऐसे में एसयूवी चालक को मामूली चोट लगी थी। बताया कि एसयूवी चालक ने शराब पी रखी थी। जिससे उसका नियंत्रण खो गया और पहले ई रिक्शा फिर सामने खड़ी दूसरी कार होंडा सिटी से टकरा गई। मौके पर मौजूद लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने दोनों क्षतिग्रस्त कार और ई रिक्शा को सड़क से हटाया। साथ ही घायल को अस्पताल पहुंचाया गया। लोगों ने बताया कि कार पहले डिवाइडर पर बने शनि मंदिर से टकराई जिसके बाद वो ई रिक्शा और अंत में होंडा सिटी से टकरा गई। मंदिर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। गनीमत रही कि इस हादसे में किसी की जान नहीं गई।जिस जगह ये हादसा हुआ उसके सामने डीपीएस स्कूल का मुख्य गेट भी है। स्कूल के बच्चे अंदर जा चुके थे। यदि स्कूल टाइमिंग पर सड़क दुर्घटना होती तो बड़ा हादसा हो सकता था।

फिलहाल पुलिस ने चालक को हिरासत में लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। बता दे नोएडा में इससे पहले बीएमडब्ल्यू कार की टक्कर से पांच साल की बच्ची और उसके मामा की मौत हो चुकी है। जबकि पिता का इलाज अब भी किया जा रहा है।

# नोएडा बोटेनिकल गार्डन से सेक्टर-142 तक होगा मेट्रो विस्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा मेट्रो की एक्वा लाइन का विस्तार होगा। बोटेनिकल गार्डन से सेक्टर-142 तक मेट्रो के लिए आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार (महुआ) में एनएमआरसी के एमडी लोकेश एम ने प्रजेंटेशन दिया गया। एमडी ने बताया कि रिस्पांस पाजीटिव रहा है। उम्मीद है अगले सप्ताह तक मंजूरी के लिए पत्र आ जाएगा। इसके बाद टेंडर जारी कर निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा।

प्रजेंटेशन के दौरान पूछा गया कि इस लाइन की वायबिलिटी क्या है ? कितने मुसाफिर इससे सफर करेंगे ? पहले से जो लाइन चल रही है वो घाटे में फिर भी आप इस लाइन को लेकर उत्साहित है? इसी तरह कई प्रश्नों का जवाब एनएमआरसी के एमडी ने संबंधित अधिकारियों के समक्ष दिया। करीब एक घंटे तक प्रजेंटेशन दिया गया। जिसका रिस्पांस पॉजिटिव मिला। वर्तमान में नोएडा में सेक्टर-51 से ग्रेटरनोएडा डिपो तक मेट्रो चल रही है।

**एक लाख लोग करेंगे सफर:** नोएडा में बॉटेनिकल गार्डन से सेक्टर-142 तक का 11.56 किमी का मेट्रो कॉरिडोर बनाया जाएगा। इस रूट की डीपीआर पांच साल पहले तैयार की गई थी। रोजाना करीब 1 से 1.25 लाख लोग इस लिंक लाइन का प्रयोग करेंगे। इसके निर्माण में करीब 2254.35 करोड़ रुपए खर्च होंगे।

**ये होंगे स्टेशन:** इस मेट्रो कॉरिडोर पर बॉटेनिकल गार्डन, नोएडा सेक्टर-44, नोएडा ऑफिस, नोएडा सेक्टर-97, नोएडा सेक्टर-105, नोएडा सेक्टर-108, नोएडा सेक्टर-93, और पंचशील बालक इंटर कॉलेज स्टेशन बनाए जाएंगे। कॉरिडोर का आखिरी स्टेशन सेक्टर-142 होगा।

**ग्रेटर नोएडा डिपो से बोड़ाकी तक:** केंद्र सरकार से इसी महीने ग्रेटर नोएडा डिपो स्टेशन से बोड़ाकी तक मेट्रो रूट को मंजूरी मिल चुकी है। इस रूट पर जुनपत और बोड़ाकी सिर्फ दो मेट्रो स्टेशन बनेंगे। बोड़ाकी में बड़ा स्टेशन बनाया जाएगा। एक्वा लाइन का ये सबसे छोटा मेट्रो विस्तार है। इसके लिए 2.6 किलोमीटर लंबा एलिवेटेड ट्रैक बिछाया जाएगा।

### बिजली ट्रांसफॉर्मर से झुलसा नौ साल का बच्चा

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कस्बे में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में खुले में रखे बिजली के ट्रांसफॉर्मर की चपेट में आने से 9 साल का बच्चा गंभीर रूप से झुलस गया। घटना 21 जुलाई को हुई जब बड़ा मोहल्ला निवासी पूजा का बेटा कृष प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में था। वहां खुले में रखे बिजली के ट्रांसफॉर्मर की चपेट में आने से वह बुरी तरह झुलस गया। परिवार ने गंभीर अवस्था में बच्चे को दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में इलाज के दौरान गुरुवार को डॉक्टरों को बच्चे का एक हाथ काटना पड़ा। पूजा के अनुसार, उनके बेटे के हाथ में अधिक इन्फेक्शन होने के कारण डॉक्टरों को यह कदम उठाना पड़ा।

# पूर्व विधायक के घर चोरी करने वाले दो भाई मुठभेड़ में दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-49 थाना पुलिस ने कानपुर देहात के भोगनीपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक विनोद कटियार के घर में चोरी करने वाले दो बदमाशों को बुधवार देर रात मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। एक बदमाश के पैर में गोली लगी, जबकि दूसरा गश्त के दौरान पकड़ा गया। दोनों आरोपी सगे भाई हैं। डीसीपी यमुना प्रसाद ने बताया कि 28 जुलाई की रात सेक्टर-51 में रहने वाले विनोद कटियार के घर में चोरी हुई थी। शिकायतकर्ता के मुताबिक, चोर घर से पांच हजार रुपये, घर में लगी टोंटी और मोबाइल फोन चोरी कर ले गए थे। वारदात का पर्दाफाश करने के लिए एसीपी ट्विंकल जैन के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया था।



बुधवार देर रात टीम सेक्टर-76 मेट्रो स्टेशन के नीचे बैरियर लगाकर जांच कर रही थी। इस दौरान बाइक सवार दो युवक दिखाई दिए। उन्हें रुकने का इशारा किया, लेकिन वह पुलिस को देखकर भागने लगे। पीछा करने पर युवकों की बाइक सेक्टर-50 के पास फिसलकर गिर गई। बाइक से गिरे बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग करते हुए भागने का प्रयास किया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में गोली लगने से एक बदमाश घायल होकर गिर गया, जबकि दूसरा मौके से फरार हो गया। घायल बदमाश की पहचान जिला बुलंदशहर की भूड़ कॉलोनी निवासी गौरव के रूप में हुई। घायल को पुलिस ने उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजकर उसके साथी की तलाश शुरू कर दी। कांबिंग के दौरान दूसरा बदमाश सौरभ भी दबोच लिया गया। दोनों बदमाशों पर पहले से कई मुकदमे दर्ज गिरफ्तार किए गए सौरभ ने पूछताछ में बताया कि वह और गौरव सगे भाई हैं और वर्तमान में मोरना गांव में रहते हैं। दोनों बदमाशों से तमंचा, कारतूस, 6500 रुपये, मोबाइल फोन, चोरी की 15 टोंटी तथा चोरी की बाइक बरामद हुई। एसीपी ने बताया कि दोनों भाई रेकी करने के बाद चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। गौरव पर कमिश्नरेट के विभिन्न थानों में 10 और सौरभ पर पांच मुकदमे दर्ज हैं।

## एक नजर

### फ्लैट में मिलने आई छात्रा को युवक ने पहली मंजिल से फेंका, गंभीर

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** एनआईएमटी कॉलेज में फिजियोथेरेपी की छात्रा के साथ उसके परिचित युवक ने मारपीट कर बिल्डिंग की पहली मंजिल से नीचे फेंक दिया। गंभीर रूप से घायल छात्रा का शारदा अस्पताल में इलाज चल रहा है। ईकोटेक-3 कोतवाली पुलिस ने पिता की तहरीर पर केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। तुगकाबाद एक्सटेंशन नई दिल्ली जयप्रकाश ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि मंगलवार रात करीब 8 बजे उनकी पुत्री नीलम नसीम अपॉर्टमेंट में रहने वाले अपने परिचित युवक शोएब से मिलने गई थी। बातचीत के दौरान मोबाइल पर आए एक मैसेज को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। जयप्रकाश के मुताबिक गुस्से में आकर शोएब ने छात्रा के मारपीट की। इसके बाद उस पर धारदार हथियार से हमला किया और बिल्डिंग की पहली मंजिल से बॉलकनी के पास से धक्का दे दिया। नीचे गिरने से छात्रा के सिर में गंभीर चोट आई हैं। परिजनों ने उसे गंभीर हालत में शारदा अस्पताल में भर्ती कराया।

कोतवाली प्रभारी अजय कुमार सिंह ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। दोनों पहले से परिचित हैं। आरोपी छात्र दूसरे कॉलेज में फिजियोथेरेपी का छात्र है।डॉक्टरों से बात पर चला है कि छात्रा की हालत खतरे से बाहर है।

### बारिश से ग्रेटर नोएडा वेस्ट की सोसाइटियों में जलभराव

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा में रात में हुई बारिश से जगह-जगह जलभराव की स्थिति बन गई। ग्रेटर नोएडा वेस्ट की कई सोसाइटियों के बेसमेंट में पानी भर गया। बेसमेंट पार्किंग में खड़ी गाड़ियां आधी डूब गईं। इससे निवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। सबसे अधिक प्रभावित इको विलेज वन सोसाइटी रही। यहां बेसमेंट में इतना पानी भर गया कि वहां खड़ी गाड़ियां आधी डूब गईं। निवासियों को अपनी गाड़ियों को निकालने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा।

सोसाइटी के लोगों ने इस स्थिति का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर साझा किया। उन्होंने बताया कि बेसमेंट पार्किंग की स्थिति बहुत खराब है। गाड़ियों में पानी जाने से वे खराब हो गई हैं। इन्हें ठीक कराने में काफी खर्च आएगा।

इसके अलावा, लेजर पार्क आम्रपाली, राधा स्काई गार्डन और अजनारा होम्स सोसाइटी के बेसमेंट में भी जलभराव हुआ। इन सोसाइटियों के निवासियों ने मेंटेनेंस विभाग पर आरोप लगाए। उनका कहना है कि भारी मेंटेनेंस चार्ज लेने के बावजूद कोई सुविधा नहीं मिल रही है। पार्किंग पूरी तरह जलमग्न हो गई और गाड़ियां खराब हो गई हैं।

### साइबर ठगी के आरोपी चीनी नागरिक की जमानत खारिज

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने चीनी नागरिक सू यूमिंग की जमानत याचिका खारिज कर दी। आरोपी पर भारत में अवैध रूप से प्रवेश कर सह आरोपियों के साथ मिलकर फर्जी सिम कार्ड, फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल कर साइबर ठगी करने और लोगों को कंबोडिया भेजकर अवैध गति. विधियों में शामिल कराने का गंभीर आरोप है।

अदालत में पेश अभियोजन के अनुसार पुलिस ने 3 मार्च 2024 को गौड़ सिटी मॉल के पास मुखबिर की सूचना पर सू यूमिंग समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया था। जांच के दौरान आरोपी के पास से बिना वैध वीजा और पासपोर्ट के भारत में रहने की पुष्टि हुई। उसके कब्जे से बड़ी संख्या में सिम कार्ड, विदेशी मुद्रा, नकदी, मोबाइल फोन, फर्जी दस्तावेज और अन्य आपत्तिजनक सामान बरामद हुआ। प्रकरण में सह आरोपी अनिल थापा, विनोद भाटी और सुनील खड़का भी शामिल थे। जिन पर भारत में फर्जी आईडी के जरिए सिम एक्टिवेट कर इन्हें कम्बोडिया जैसे देशों में बैठे चीनी नागरिकों तक पहुंचाने का आरोप है। इन सिम कार्डों के जरिये भारत में मौजूद प्रसिद्ध कंपनियों का डेटा हैक कर ऑनलाइन ठगी की जाती थी।

# स्कूल के गेट पर ही छात्रा का किया अपहरण, आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर 24 थाना क्षेत्र के एक निजी स्कूल के बाहर से नाबालिग छात्रा के अपहरण का वीडियो बुधवार को इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुआ। स्वजन की सूचना पर पुलिस ने संज्ञान लेकर छात्रा को बरामद कर आरोपित दोस्त को हिरासत में ले लिया है।

एडीसीपी नोएडा सुमित कुमार शुक्ला ने बताया कि इंटरनेट मीडिया पर एक वीडियो प्रसारित हुआ था। इसमें एक युवक स्कूल के बाहर गेट के पास कार लेकर खड़ा था। स्कूल परिसर में बच्चे जाते दिखाई दे रहे थे। कार सवार युवक ड्रेस पहली नाबालिग छात्रा को कार के पास बुलाता है। छात्रा युवक के पास जाकर बात करने लगती है। इसी बीच युवक कार का अगला दरवा. जा खोलता है। छात्रा को जबरन अंदर बैठने के लिए कहता है। छात्रा के नहीं मानने पर हाथ पकड़कर खींचता है। छात्रा को कार में बैठाकर ले जाता है। घटना स्कूल के गेट पर लगे सीसीटीवी में कैद हो जाती है। पुलिस जांच में वीडियो गिझौड़ गांव के एक निजी स्कूल के बाहर की निकली।

**सीसीटीवी फुटेज से आया पकड़ में:** इस संबंध में पुलिस ने बताया कि वीडियो संज्ञान में आने और डायल 112 पर सूचना मिलने से पुलिस सतर्क हो गई। एसीपी द्वितीय नोएडा स्वतंत्र कुमार सिंह ने थाना प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में टीम गठित की।

### इंस्पायर में 11वीं 12वीं के छात्र जुड़ेंगे

**नोएडा।** केंद्र सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के चलाए जा रहे इंस्पायर अवार्ड मानक योजना के तहत छात्रों से नवाचार आमंत्रित किए गए हैं। इस वर्ष भांति शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) ने वर्ष 2025 में इंस्पायर मानक योजना के तहत नवाचारी नामांकन कराए जाने के लिए सभी मण्डलीय एवं जिला स्तरीय अधिकारियों को विस्तृत निर्देश जारी कर दिए गए हैं। इसके तहत अब कक्षा 11-12 के विज्ञान वर्ग के छात्र-छात्राएं भी ऑनलाईन नामांकन कर सकेंगे। वर्ष 2025-26 में इंस्पायर-मानक योजना के पात्र छात्र-छात्राओं के ऑनलाइन नामांकन बीते 15 जून से प्रारम्भ हो चुका है जो 15 सितम्बर तक चलेगा।

# हत्या में नामजद दो आरोपी गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** दादरी के भोगपुर गांव में गोली मारकर दोस्त की हत्या करने के मामले में पुलिस ने दो नामजद आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त कार को बरामद कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि भोगपुर गांव निवासी बब्बल ग्रेटर नोएडा कंपनी से ड्यूटी कर अपने गांव में घर पर जा रहा था। विवेक ने अपने घर के पास बब्बल को रोक लिया।

जब तक वह कुछ समझ पाता उसकी कनपटी पर गोली मार दी। जिससे उसकी मौत हो गई थी। घटना का खुलासा करने के लिए पुलिस की चार टीमें गठित की गईं। पुलिस ने नामजद आरोपी अभिषेक व बिजेंद्र को नंगला नैनसुख गांव को जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त कार को बरामद किया है। मुख्य आरोपी समेत फरार दोनों की तलाश में पुलिस जुटी है।

# छात्रा की आत्महत्या का मामला: केसीसी कॉलेज ने गठित की जांच समिति, विद्यार्थी परिषद ने डीसीपी को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** बीटेक छात्रा के आत्महत्या के मामले की जांच के लिए केसीसी इंस्टीट्यट कॉलेज की ओर से मामले की जांच के लिए गुरुवार को जांच समिति गठित की गई है। समिति 10 अगस्त तक जांच कर अपनी रिपोर्ट बीटा-2 कोतवाली पुलिस को सौंपगी।

प्रबंधन की ओर से मामले में दो प्रोफेसरों को निलंबित किया है। गोपनीयता का हवाला देते हुए प्रबंधन ने निलंबित प्रोफेसरों का नाम साझा करने से इंकार किया है। वहीं पुलिस का कहना है कि समिति की जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

बिहार के वैशाली की खुशबू (19) नॉलेज पार्क स्थित जीएनआईओटी कॉलेज से बीटेक (एआईबीएस) प्रथम वर्ष की छात्रा ने मंगलवार रात फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। छात्रा के भाई का आरोप है कि केसीसी कॉलेज में 9 जुलाई को छात्रा परीक्षा देने गई थी। परीक्षा के दौरान वह वॉशरूम गई थी। वहां से वापस आने पर शिक्षक ने सीट पर नकल की पर्ची मिलने की बात कहकर उसकी उत्तर पुस्तिका जब्त कर नई उत्तर पुस्तिका दी थी। तभी से छात्रा तनाव में चल रही थी। उसने इसकी शिकायत अपने कॉलेज में की थी, लेकिन वहां से कोई मदद नहीं मिली।

केवल काउंसलिंग की गई। बाद में छात्रा ने डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी (एकेटीयू) को ईमेल कर शिकायत की थी। महिला आयोग और केसीसी कॉलेज के डायरेक्टर को भी ईमेल किया था, लेकिन किसी स्तर से उसे मदद नहीं मिली। छात्रा ने शिकायत में लिखा था कि बिना गलती उसकी कॉपी छीन ली गई। पर्ची उसकी नहीं थी। जिस विषय की परीक्षा थी, पर्ची उस विषय की भी नहीं थी। उसने माफी भी मांगी थी। इसके बाद भी उसकी परीक्षा में अनुं. चत साधन एवं कदाचार (यूएफएम) लगा दी गई। इससे छात्रा को बैक लगने की आशंका थी और वह तनाव में थी।

**सीडीआर खंगाल रही पुलिस:** पुलिस की छानबीन में पता चला है कि खुशबू ने खुदकुशी करने से पहले अपने एक दोस्त को व्हाट्सऐप पर मैसेज किया था। इसके अलावा रजिस्टर में परिवार से जुड़ी कुछ बातों का जिक्र किया है। पुलिस मोबाइल और रजिस्टर में लिखे नोट की भी जांच कर रही है। वहीं कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार का कहना है कि मामले में जांच के लिए केसीसी कॉलेज प्रबंधन को समिति बनाने को कहा है। पुलिस टीम भी अपनी जांच कर रही है। कॉलेज प्रबंधन की रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई होगी।

**विद्यार्थी परिषद ने डीसीपी को सौंपा ज्ञापन:** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारियों ने केसीसी कॉलेज प्रकरण में बृहस्पतिवार को डीसीपी ग्रेटर नोएडा साद मियां को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की।

# नोएडा डिपो में 57 संविदा महिला परिचालकों के पद खाली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** मोरना स्थित नोएडा डिपो में 57 संविदा महिला परिचालकों के पद खाली हैं। दो बार साक्षात्कार के बाद डिपो में 13 महिला परिचालकों की नियुक्ति हुई है। इनमें से भी दस परिचालकों का इंतजार है। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों में संविदा पर महिला परिचालकों की नियुक्ति की जा रही है। इसमें महिला परिचालकों को सबसे बड़ी सुविधा उनके गृह जनपद के पास स्थित डिपो में नियुक्ति देकर दी जा रही है। अधिकारियों के अनुसार इससे परिचालक पद पर महिलाओं के आवेदनों की संख्या बढ़ेगी। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम गौतम बुद्ध नगर के क्षेत्रीय प्रबंधक मनोज कुमार ने बताया कि डिपो में करीब 700 परिचालक है।

इनमें लगभग 20 परिचालक स्थाई हैं जबकि बाकी संविदा पर तैनात है। महिला परिचालकों की संख्या करीब 18 है। हाल ही में 10 महिला परिचालकों की नियुक्ति की गई है लेकिन इनमें से चयनित महिलाओं के पदभार ग्रहण करने बाद ही इनकी सही संख्या स्पष्ट हो सकेगी। उन्होंने कहा कि स्काउट गाइड, एनएसएस समेत अन्य प्रमाण पत्रों के आधार पर संविदा पर महिला परिचालकों की नियुक्ति की जा रही है। बड़ी संख्या में महिला परिचालक आवेदन कर रही है और अपने निकटवर्ती गृह जनपद के डिपो में नियुक्ति प्राप्त कर रही है। नोएडा डिपो में भी बड़ी संख्या में महिला परिचाल. कों ने आवेदन किया था।

### हिमोफीलिया और थैलेसीमिया पर कार्यशाला शुरू

**नोएडा।** बाल चिकित्सा एवं स्नातकोत्तर संस्थान में गुरुवार से थैलेसीमिया और हिमोफीलिया के मरीजों के विभिन्न पहलुओं पर कार्यशाला हुई। इसमें देशभर के 230 डॉक्टर सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मियों ने भाग लिया। कार्यशाला में पैथोलॉजिस्ट, बाल रोग विशेषज्ञ, नर्स, टेक्नीशियन आदि ने भाग लिया। थैलेसीमिया की कार्यशाला में रक्त चढ़ाने के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। कार्यशाला में इटली के डॉ. एंटोनियो पिगा और ग्रीस के डॉ. दिमित्रियोस फार्माकिस सहित कई अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्यकर्मी शामिल हुए। कार्यशाला का समन्वयन डॉ. सीमा दुआ, डॉ. सत्यम अरोड़ा, डॉ. अनुपा पोखरेल और डॉ. जैबैश खान ने किया।

# नोएडा एक्सप्रेस-वे के आसपास नहीं होगा जलभराव

- **10 किमी में बनेगी डीप सीवर लाइन, 40 करोड़ लागत, जल निगम को करना था काम**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस वे समानांतर ग्रीन बेल्ट के दाय और बाय और चौनेज 10.30 किमी से 20 किमी तक गहरी सीवर लाइन की मरम्मत का काम होगा। प्राधिकरण के जीएम जल आरपी सिंह ने बताया कि इसके लिए टेंडर जारी किया जा रहा है। कंपनी का चयन किया जाएगा इसके बाद गहरी सीवर लाइन का काम होगा। हालांकि ये काम उप्र जल निगम को पूरा करना था। बतौर 2002 में इसके लिए नोएडा प्राधिकरण और उप्र जल निगम के बीच एमओयू साइन हुए थे। इस एमओयू को आंशिक रूप से निरस्त कर दिया गया है।

डीप सीवर लाइन का ये काम 40 करोड़ रुपए में किया जाएगा। जबकि इसी काम को जल निगम 63.36 करोड़ में 1.5 साल में पूरा करता। इसीलिए एग्रीमेंट को आंशिक निरस्त किया गया। इसका फैसला बोर्ड में लिया जा चुका है। इस एरिया में लगातार इंडस्ट्री , संस्थागत, आवासी और ग्रामीण आबादी बढ़ रही है। यहां पहले डाली गई सीवरेज लाइन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त है।

ऐसे में निकलने वाले सीवेज नोएडा एक्सप्रेस वे ग्रीन बेल्ट में जगह-जगह भर जाता है।



**जलभराव की समस्या होगी समाप्त:** सीवर लाइन बन जाने के बाद एक्सप्रेस वे से जुड़े सेक्टर , गांव और सड़कों पर जलभराव की समस्या पूरी तरह से समाप्त हो जाएगी। प्राधिकरण ने बताया कि जल निगम से एग्रीमेंट के तहत एडवांट टावर से ग्रेटरनोएडा बार्डर तक दोनों तरफ चारों डीप सीवर लाइन का निर्माण जल निगम ने नहीं कराया।

महज ग्रेविटी लाइन , राई. जंग लाइन व आरसीसी वेल का निर्माण किया गया। इसी बीच एक्सप्रेस वे तीनों अंडरपास , नोएडा मेट्रो की एक्वा लाइन और डीएफसी सीआईएल की वजह से ग्रेविटी लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। ये लाइन 2003-04 में डाई गई थी जो पूरी तरह से अक्रियाशील है।

**आईआईटी प्रोफेसर के साथ बैठक:** ड्रेनेज सिस्टम में सुधार व जल निकासी के बीच बाधा बन रहे बॉटलनेक पाइंट में सुधार के लिए आईआईटी रुड़की के प्रोफेसर कमल जैन के साथ प्राधिकरण सीईओ और डीजीएम सिविल ने की। बैठक के बाद आईआईटी की टीम ने प्राधिकरण अधिकारियों के साथ ड्रेनेज सिस्टम का निरीक्षण किया। इसकी एक विस्तृत सर्वे रिपोर्ट आईआईटी के द्वारा दी जाएगी। जिसके बाद यहां सुधार कार्य किया जाएंगे।

# स्कूल की दीवार गिरने के मामले में दो के खिलाफ केस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-137 स्थित निजी स्कूल की दीवार गिरने के मामले में पुलिस ने ठेकेदार समेत दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। परिजनों ने ठेकेदार पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। सेक्टर-142 थाना पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक सेक्टर-137 में निजी स्कूल के निर्माण कार्य के दौरान बुधवार की सुबह पांच मंजिला भवन की छत पर रेलिंग के लिए बनाई गई दीवार गिर गई। नीचे काम करते समय मलबे में दबने से 60 वर्षीय महिला रेजिना मुर्मू निवासी गांव रामपुर, पश्चिम बंगाल की मौत हो गई थी, जबकि उसकी पुत्रवधु भारती घायल हो गई। घायल महिला का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

रेजिना के बेटे दीपक ने ठेकेदार चंचल शर्मा और हबीब के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

शाह टाइम्स

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

प्रवेश सिंह दतानियां

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# बागपत की रैंकिंग सुधारने को समन्वित प्रयास जरूरी:प्रभारी मंत्री

## जनता से अच्छा व्यवहार करें अधिकारी, जनपद में योजनाओं की मॉनिटरिंग हो मजबूत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** प्रभारी मंत्री जसवंत सिंह सैनी ने बुधवार को एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में कानून व्यवस्था, विकास कार्यों, राजस्व वसूली, योजनाओं के क्रियान्वयन और सीएमआईएस परियोजनाओं की गहन समीक्षा की गई।



बैठक में विभागवार प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, जिसमें पिछली बैठक की तुलना में कई क्षेत्रों में सुधार के संकेत मिले। मंत्री ने विशेष रूप से C व D श्रेणी के अधिकारियों को अपनी ग्रेडिंग में सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने अफसरों को स्पष्ट किया कि हजनता ही सर्वोपरि है और हम सब उसके सेवक हैं। प्रभारी मंत्री ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचा. लित गरीबोन्मुखी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचे यह शासन की शीर्ष प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप हर गरीब के साथ खड़ी सरकार का सपना तभी साकार होगा, जब राशन, आवास, स्वास्थ्य, शिक्षा और सिंचाई जैसी मूलभूत सुविधाएं हर घर तक पहुंचें। प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे कार्यालयों में समय पर उपस्थित हों, आगंतुकों से मृदुल व्यवहार करें और जनसमस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। प्रभारी मंत्री ने हाल ही में सम्पन्न कांवड़ यात्रा के शांतिपूर्ण और व्यवस्थित संचालन के लिए जिला प्रशासन व पुलिस विभाग की प्रशंसा की। उन्होंने आगामी त्योहारों रक्षाबंधन, जन्माष्टमी और स्वतंत्रता दिवस के लिए भी पूर्व तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वंदना चौक से दिल्ली रोड तक अवरुद्ध नाले की सफाई, जलभराव से राहत हेतु जल निकासी व्यवस्था में सुधार, टूटे हुए विद्युत पोलों की मरम्मत और पक्का घाट पर हाईमास्ट लाइट की स्थापना के लिए तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए गए। प्रभारी मंत्री ने कहा कि बागपत में स्वास्थ्य, शिक्षा, परिवहन और स्वच्छता जैसी मूलभूत सुविधाएं प्रत्येक नागरिक को सहजता से उपलब्ध कराना शासन की प्राथमिकता है। उन्होंने निपुण भारत योजना के तहत विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधार पर विशेष ध्यान देने को कहा। अवरुद्ध नालों के समाधान के लिए नगर पालिका द्वारा नगर क्षेत्र में पहले से किए गए कार्यों की सराहना करते हुए उन्होंने NHAI को नगर क्षेत्र से बाहर के प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री ने यह भी कहा कि जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय बनाए रखें और जनता से सीधे संवाद स्थापित करें। उन्होंने समाज कल्याण, पंचायती राज, विद्युत, राजस्व, कृषि एवं स्वास्थ्य विभागों को निर्देश दिए कि वे नियमित रूप से जनसुनवाई करें और योजना लाभार्थियों से फीडबैक लें। इस अवसर पर बागपत विधायक योगेश धामा, जिला अध्यक्ष वेदपाल उपाध्याय, जिला. धिकारी अस्मिता लाल, पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय, मुख्य विकास अधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी पंकज वर्मा, सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिले की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए 13 इंस्पेक्टरों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय ने जिले की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए 13 इंस्पेक्टरों के कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। एसपी ने सभी इंस्पेक्टरों को तत्काल नए पदभार ग्रहण करने और अपने कर्तव्यों में किसी प्रकार की लाप. रवाही न बरतने के निर्देश दिए हैं।

इस तबादला अभियान में साइबर सेल प्रभारी प्रभाकर केन्तुरा को खेकड़ा थाना प्रभारी बनाया गया है। खेकड़ा थाना प्रभारी कैलाश चंद को साइबर सेल का नया प्रभारी नियुक्त किया गया है। छपरौली थाना प्रभारी देवेश कुमार के गैर जनपद तबादले के बाद शिवदत्त को छपरौली थाने की कमान सौंपी गई है। अतर सिंह को थाना चांदीनगर का प्रभारी बनाया गया है, जबकि चांदीनगर से संजय कुमार को सर्विलांस टीम का प्रभारी नियुक्त किया गया है। साइबर थाना प्रभारी महिंद्र पाल को आरटीआई सेल और रिट प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है। थाना प्रभारी ब्रजेश सिंह को एएचटी से हटाकर साइबर थाना प्रभारी बनाया गया है। दोघट थाना प्रभारी बच्चू सिंह को हटाकर महिला परामर्श केंद्र का प्रभारी नियुक्त किया गया है। स्वाट टीम प्रभारी सूर्यदीप को दोघट थाने की कमान सौंपी गई है। तपेश्वर सागर को अपराध शाखा से स्वाट टीम का नया प्रभारी बनाया गया है। यह व्यापक फेरबदल जिले में अपराध नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से किया गया है। सभी अधिकारियों से अपने नए दायित्वों को पूरी निष्ठा से निभाने की अपेक्षा की गई है।

# राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से की जितेन्द्र सिंह भाटी ने शिष्टाचार भेंट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से सपा पार्टी के जिला उपाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह भाटी ने दिल्ली में जाकर भेंट की। इस दौरान उन्होंने जनपद बागपत के विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करते हुए उन्हें प्राथमिकता के आधार पर कराने का निवेदन किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जिला उपाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह भाटी को आश्वस्त किया कि वे इन सभी कार्यों को प्राथमिकता पर लेकर



चलेंगे, ताकि बागपत के विकास में किसी प्रकार की बाधा न आए।

# ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस वे पर 24 वाहन चालकों के काटे चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस वे पर मविकला गांव के समीप ट्रैफिक पुलिस ने विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने स्पीड मॉनिटरिंग सिस्टम और सीसीटीवी कैमरों की मदद से ओवरस्पीड वाहनों की पहचान की। पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय के निर्देशन और ट्रैफिक इंस्पेक्टर सतेन्द्र सिंह के नेतृत्व में यह अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान गाजियाबाद से हरियाणा की ओर जा रहे वाहनों की गति मापी गई। निर्धारित गति सीमा से अधिक तेज चलने वाले 24 वाहन चालकों के चालान काटे गए। ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस वे पर वाहनों की अधिकतम गति सीमा 120 किलोमीटर प्रति घंटा निर्धारित है।



लेकिन कई वाहन चालक इस नियम का उल्लंघन करते हैं, जिससे हादसों का खतरा बढ़ जाता है। पिछले समय में तेज गति के कारण कई दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं। एडिशनल एसपी नरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि वाहन चालकों को नियमों का पालन करने की हिदायत दी गई है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर कोई नियमों का उल्लंघन करेगा तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यह अभियान वाहन चालकों और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए चलाया गया है।

## एक नजर

# प्रभारी ने कान्हा गौशाला का निरीक्षण कर दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** प्रभारी मंत्री ने छपरौली स्थित कान्हा गौशाला का भी निरीक्षण किया और वहां पर मौजूद गौवंश की देखरेख, चारे-पानी की व्यवस्था, पशु चिकित्सा सुविधा एवं सफाई व्यवस्था का मूल्यांकन किया। वर्तमान में कान्हा गौशाला में 60 नर एवं 54 मादा सहित कुल 114 गौवंश संरक्षित है जिनके लिए चार केयरटेकर नियुक्त है। साथ ही गोबर गैस प्लांट लगा है। गौशाला में चार सीसीटीवी कैमरे लगे है। उन्होंने गौशाला प्रबंधन को निर्देशित किया कि गौवंश को स्वच्छ, सुरक्षित एवं पोषणयुक्त वातावरण प्रदान किया जाए। उन्होंने कहा कि गौवंश संरक्षण भारतीय संस्कृति और ग्रामीण अर्थव्यवस्था दोनों के लिए महत्वपूर्ण है। यह सिर्फ परंपरा नहीं, दायित्व है। प्रभारी मंत्री ने कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय छात्रावास, छपरौली का भी दौरा किया, जहां उन्होंने छात्राओं से आत्मीय संवाद किया और उनकी पढ़ाई, खान-पान, आवासीय सुविधाओं एवं सुरक्षा के विषय में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिक्षा की गुणवत्ता और शिक्षक उपस्थिति पर विशेष ध्यान दिया जाए। छात्राओं को डिजिटल शिक्षा, कंप्यूटर साक्षरता और करियर मार्गदर्शन से जोड़ने के भी निर्देश दिए। मंत्री ने कहा बेटियों को सशक्त करना राष्ट्र को सशक्त करना है। उन्हें सुरक्षित, प्रेरणादायक और प्रगतिशील वातावरण देना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने छात्राओं से यह भी आग्रह किया कि वे सपने देखने से न डरें, कठिन परिश्रम करें और आगे बढ़ें। निरीक्षण के दौरान प्रभारी मंत्री ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों से भी संवाद किया और क्षेत्रीय समस्याओं को सुना। उन्होंने सभी को आश्वासन दिया कि सरकार पूरी संवेदनशीलता के साथ जनहित के कार्यों को प्राथमिकता पर ले रही है। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्तव, बड़ौत एसडीएम भावना सिंह, अधिशासी अधिकारी छपरौली सीमा राघव, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी अरविंद कुमार त्रिपाठी एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# गोल्ड मैडलिस्ट खिलाड़ी का किया ढोल नगाड़ों से स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के दिल्ली बस स्टैंड पर छत्तीसगढ़ में हुई नेशनल प्रतियोगिता में नेशनल जीते खिलाड़ी का ढोल नगाड़ों से स्वागत किया। विहिप बजरंग दल के कार्यकर्ता जिला मंत्री नितिन गोस्वामी के नेतृत्व में दिल्ली बस स्टैंड पर पहुंचे उन्होंने खिलाड़ी का भव्य स्वागत किया।



5वी राष्ट्रीय नेशनल ग्रेपलिंग कुश्ती प्रतियोगिता 2025 में 26जुलाई से 29जुलाई तक सब जूनियर कैडेट चल रही। प्रतियोगिता स्थान बेथरई इंदौर स्टेडियम वसंत विहार सरकंडा बिलासपुर छत्तीसगढ़ जिसमें हिमानी पुत्री सुशील जो बिलासपुर में चल रहे हैं। नेशनल में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। वैट कैटिगरी 48 केजी सब जूनियर में किया। जैसे ही हिमानी बेटी दिल्ली बस स्टैंड पर पहुंचे सभी कार्यकर्ता और गांव के लोगों ने भारत माता की जय और जय श्रीराम के घोष के साथ खिलाड़ी को माला और पटका पहना कर सम्मानित किया। इस अवसार पर जिला मंत्री नितिन गोस्वामी ने बताया कि मलकपुर गांव पहलवानी के लिए जाना जाता है और आज इस कड़ी में हमारी बेटी ने जिले का नाम रोशन किया है। हमे पूर्ण विश्वास है बेटी आने वाले दिनों इंटरनेशनल भी खेलेंगी बेटी को बधाई और शुभकामनाएं दी। इस मौके पर संजय सैन जिला उपाध्यक्ष ने कहा कि जनपद बागपत की धरती पर जन्मे खिलाड़ी आज उत्तर प्रदेश में ही नहीं देश-विदेश में अपना नाम रोशन कर रहे हैं। हमें ऐसे महान खिलाड़ियों पर गर्व है। इस मौके पर सागर, वरुण, विशु, मनोज, शालू, सतपाल, प्रदीप आदि उपस्थित रहे।

# इंस्पेक्टर शिवदत्त बनें छपरौली थाना प्रभारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** तहसील क्षेत्र के थाना प्रभारी निरीक्षक शिवदत्त को छपरौली थाने का चार्ज सौपा गया है। जनपद बागपत में कहीं थानों में कार्यभार संभाल चुके शिवदत्त को अब थाना छपरौली का चार्ज दिया गया है। तेज तर्रार शिवदत्त एक ईमानदार अधिकारियों में जाने जाते हैं। वह जनपद बागपत में लंबे समय से डटे हुए हैं। उन्हें जिस थाने का चार्ज दिया जाता है उस थाने के इलाके के बदमाश बदमाशी छोड़ने पर मजबूर हो जाते हैं। नवनियुक्त छपरौली प्रभारी निरीक्षक शिवदत्त ने कहा कि छपरौली क्षेत्र में किसी भी स्थान पर कहीं भी गुंडागर्दी भ्रष्टाचारी रिश्वतखोरी नहीं पनपने दी जाएगी। जनपद बागपत में



शिवदत्त का नाम एक ईमानदार अधिकारियों में आता है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों का हर तरीके से मान सम्मान किया जाएगा। लोगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने का काम किया जाएगा। छपरौली थाना पुलिस क्षेत्र की जनता के साथ हमेशा तत्पर रहेगी।

# विश्व हिंदू महासंघ के युवा जिलाध्यक्ष बने वैभव राजपूत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर से विश्व हिंदू महासंघ युवा जिलाध्यक्ष बने वैभव राजपूत राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत सुरेंद्रनाथ अवधूत महाराज राष्ट्रीय संगठन महामंत्री योगी तेजपाल उपाध्यक्ष, महामंडलेश्वर 1008 सत्यानंद गिरी, राष्ट्रीय प्रवक्ता/ राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा विक्रम गोस्वामी उत्तर प्रदेश, प्रभारी बिल्लू प्रधान ने राष्ट्रीय पदाधिकारी से प्राप्त अनुमति उपरांत विश्व हिंदू महासंघ बागपत के पूर्व महामंत्री वैभव राजपूत को युवा जिलाध्यक्ष मनोनीत किया। जिला प्रभारी डा.दीपक गौतम ने बताया विश्व हिंदू महासंघ के कार्यकर्ताओं ने दुर्गा मंदिर रेलवे स्टेशन पर जाकर मां दुर्गा की आराधना की। सभी ने माता से प्रार्थना करी मां अपनी कृपा सभी सनातन धर्मावलंबियों पर बनाए रखें। इसके उपरांत मंदिर में ही विश्व हिंदू महासंघ के कार्यकर्ताओं ने मीटिंग का आयोजन किया जिसमें वैभव राजपूत को फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया तथा लड्डू का प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जिलाध्यक्ष मीनाक्षी सिसोदिया जिला उपाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा ने की। कार्यक्रम का संचालन विश्व हिंदू महासंघ की डा.दिव्या उज्ज्वल ने किया जिसमें उन्होंने बोलते हुए कहा जिस प्रकार गोरक्ष पीठाधीश्वर महंत योगी आदित्यनाथ महाराज ने आज प्रदेश में सनातन एवं हिंदुत्व की अलख जगाई और सनातन को मानने वाले अपने आप को गोरवांनवित महसूस कर रहे हैं। विश्व हिंदू महासंघ उनके पद चिन्ह पर चलकर जाति पांति से ऊपर उठकर कार्य करेगा। इस अवसर पर दीपक कुमार जैन, आकाश कंसल, राजेश उज्जवल, रवि विश्वकर्मा, राजेंद्र प्रजापति, एडवोकेट अमित जैन तेजपाल बूढ़पुर दिनेश योगी अंकित सिंह हेमंत तोमर रोहित मलिक मोहित चौधरी वंश प्रताप अनुपम वर्मा संदीप जांगिड़ दीपांशु वर्मा रूबी कश्यप पिंकी गुप्ता सिमरन मोनिका उपाध्याय वर्षा राठी अंकिता तोमर गीता आदि बड़ी संख्या में जिले भर से कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# चकबंदी को लेकर बामनौली के किसानों का धरना जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** तहसील में बामनौली के किसानों ने तीसरे दिन भी अपनी मांगों को लेकर धरना दिया। बामनौली गांव में चकबंदी का मामला लंबे समय से सुलझा नहीं पा रहा है। लगातार बामनौली के किसान तहसील परिसर में धरने प्रदर्शन करते आ रहे है। मगर आज तक भी समस्या का समाधान नहीं हो पाया। गांव के ही एक किसान परिवार ने अधिकारियों पर अपने खेत का नदी में काटने का आरोप लगाते हुए तहसील परिसर में परिवार सहित धरना दिया। यह परिवार धरना स्थल पर ही रहना खाना पीना साथ लेकर बैठा है। वहीं भोजन बनाकर खा रहा है धरना स्थल पर बामनोली निवासी राजीव कुमार पुत्र मांगेराम ने बताया कि



खेत को चकबंदी अधिकारियों ने कृष्णा नदी के पास हनुमान मंदिर के पीछे लगा दिया है। वह कृष्णा नदी की जमीन है। उसमें पानी चल रहा है ऊपर खबर इस जमीन पर फसल नहीं उगाई जा सकती इस समस्या को लेकर पहले भी अधिकारियों से मिला गया था। आश्वासन के अलावा कोई समस्या का समाधान आज तक नहीं हो पाया जब तक समस्या का समाधान नहीं होगा तब तक धरना समाप्त नहीं किया जाएगा। जरूरत पड़ी तो भूख हड़ताल भी की जाएगी। उन्होंने चकबंदी अधिकारी से मांग करते हुए कहा कि उन्हें अपर चकबंदी संचालक के निर्देश के अनुसार उनकी जमीन का खेत दिया जाए। इस मौके पर राजीव उधम सिंह पुष्पा सनी तुषार आदि मौजूद है।

# मोबाइल ठीक कराने गए युवक पर दो युवकों ने किया जानलेवा हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कोतवाली क्षेत्र के गौरीपुर मोड़ के समीप मोबाइल ठीक कराने के लिए एक युवक दुकान गया था, जैसे ही वह दुकान से बाहर निकला, वहां खडे बाइक पर सवार दो युवक उससे गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट करना शुरू कर दिया।

जब राजा ने इसका विरोध किया तो दोनों युवकों ने लोहे की रॉड से उस पर हमला कर दिया। इस हमले में राजा के सिर में गंभीर चोट आई। पीड़ित की चीख-पुकार सुनकर स्थानीय लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। लोगों को आता देख दोनों हमलावर बाइक पर सवार होकर मौके से फरार हो गए। स्थानीय लोगों ने दोनों बाइक चाल. कों का पीछा भी किया, लेकिन वे



चकमा देकर भाग निकले। स्थानीय लोगों ने घायल युवक को अस्पताल में उपचार के लिए भेजा। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है। गौरीपुर मोड़ एक व्यस्त स्थान है जहां लोगों की काफी आवाजाही रहती है। यहां ट्रैफिक पुलिस सहित अन्य पुलिसकर्मी भी मौजूद रहते हैं। इतनी भीड़ और पुलिस की मौजूदगी के बावजूद इस तरह की घटना होना चिंताजनक है। पुलिस आरोपी बाइक चालकों की तलाश में जुटी है।

# कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी:जसवंत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** प्रभारी मंत्री जसवंत सिंह सैनी ने जनपद के छपरौली क्षेत्र में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कान्हा गौशाला, एवं कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया। इस अवसर पर मंत्री ने स्थानीय जनता, स्वास्थ्यकर्मियों, छात्राओं एवं प्रशासनिक अधिकारियों से संवाद कर जमीनी स्थिति की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

छपरौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निरीक्षण के दौरान प्रभारी मंत्री ने दवाओं की उपलब्धता, चिकित्सकों की उपस्थिति, महिला और शिशु चिकित्सा व्यवस्था, स्वच्छता और आपातकालीन सेवाओं का बारीकी से जायज़ा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी सूरत में मरीजों को इलाज के लिए भटकना न पड़े।

साथ ही यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि 24गुना 7 आपातकालीन सेवाएं चालू रहें, जननी सुरक्षा योजना के तहत लाभार्थियों को समय से सेवाएं एवं भुगतान मिले, और चिकित्सकों की समय पर उपस्थिति अनिवार्य हो।

प्रभारी मंत्री ने कहा, प्रदेश सरकार का विजन है कि हर नागरिक को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं निकटतम केंद्र पर गुणवत्तापूर्वक प्राप्त हों। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# बारिश के कारण भरभराकर गिरा मकान, एक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जनपद के मौहम्मदपुर खूंटी गांव में बारिश के कारण एक मकान भरभराकर गिर गया। इस हादसे में एक युवती गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे मेरठ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

राजबीर पुत्र महावीर का पक्का मकान अचानक गिर गया। मकान के एक कमरे में राजबीर की बेटी ममता सो रही थी, जो मलबे में दब गई। उस समय राजबीर और उनकी पत्नी बाला पशुओं को चारा देने का काम कर रहे थे। उन्होंने जब मकान को गिरते देखा तो शोर मचा दिया। ग्रामीणों की मदद से बेहोशी की हालत में ममता को मलबे से बाहर निकाला गया और गंभीर अवस्था में मेरठ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।



मकान के मलबे में सेफ, संदूक, फ्रीज, वाशिंग मशीन, कूलर, डबल बेड, पंखे और बरामदे में खड़ी कार समेत खाद्य सामग्री और कीमती कपड़े दब गए।

अनुमानित रूप से लगभग पांच-छह लाख रुपए का नुकसान हुआ है। सूचना मिलने पर राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची। ग्रामीणों ने प्रशासनिक अधिकारियों से पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलाने की मांग की है।

# श्रद्धालुओं ने भगवान पारसनाथ पर चढ़ाया लड्डू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में जैन समाज द्वारा महामंडल शांति विधान का सातवां दिन है। आज सोधर्म इंद्र का सौभाग्य राज बहादुर जैन राजेश जैन हरक्यूलिस वालों को मिला साथ ही भगवान पारसनाथ के मोक्ष कल्याणक के प्रथम लाडू 23 किलो था उसका भी सौभाग्य राज बहादुर जैन राजेश जैन हरक्यूलिस वालों को मिला।

**NOTICE**

I Mohd.Nasir Beg father of Ayan Mirza, studying in class 9th B resident of mohalla thakur dwara Baghpat.Hereby declare that my name has been wrongly written Mohd.Nasir Baig in my son's school records my correct name is Mohd. Nasir Beg.

**PUBLICE NOTICE**

That in the School Record's of my Child, my child's name Mohd Juvaib has been Wrongly Mentioned as Mo. Juaeb due to Clerical/ typo-graphical error. That my Child Correct Name is Mohd Juvaib. Ashraf Ali S/o Aas Mohd R/o Village niwara Tehsil & Distt. Baghpat.

# अनियंत्रित कैंटर ने स्कूल वैन में मारी टक्कर, एक बच्ची की मौत

## आधा दर्जन घायल, मेरठ करनाल हाईवे पर हुआ दर्दनाक हादसा

■ डीएम-एसएसपी ने मौके पर पहुंचकर घटना का लिया जायजा, दिये दिशा-निर्देश





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कंकरखेड़ा।** मेरठ करनाल हाईवे पर गुरुवार सुबह दिन निकलते ही भीषण सड़क हादसे में गणपति विहार गली नंबर-तीन निवासी 11 वर्षीय पांचवी की छात्रा आर्या सिरोही पुत्री अमित सिरोही की मौत हो गई। मेरठ की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार ओवरलोड डीसीएम ने स्कूल वैन में जोरदार टक्कर मार दी। वैन में सवार आठ बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। दो मामूली रूप से चोटिल हुए। हादसे के दौरान स्कूल वैन में बच्चों की चीख पुकार मच गई।

शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर दौड़े और वैन में फंसे बच्चों को बाहर निकाला। घटना की जानकारी के बाद डीएम डॉ. वी.के. सिंह, एसएसपी डॉ. विपिन ताडा, एडीएम सिटी बृजेश सिंह व एसपी ट्रैफिक राघवेंदर कुमार मिश्रा मौके पर पहुंचे। सरूरपुर थाना क्षेत्र के पथोली गांव निवासी अमित सिरोही आर्मी में हवलदार है और वर्तमान में अरुणाचल प्रदेश में तैनात है। अमित लगभग पांच वर्ष से गणपति विहार गली नंबर- तीन में मकान बनाकर अपने परिवार के साथ रह रहे हैं। फिलहाल कुछ दिनों से अमित छुट्टी पर घर आए हुए हैं। अमित की शादी लगभग 17 वर्ष पूर्व मुजफ्फरनगर के नागल निवासी रितु से हुई थी। शादी के बाद बड़ी बेटी 15 वर्षीय वंशिका, तीन वर्षीय बेटा अर्नव व 11वर्षीय बेटी आर्या थी। अमित की बेटी वंशिका 11वीं व आर्या पांचवी की छात्रा थी। बृहस्पतिवार सुबह वैन चालक लाला मोहम्मदपुर गांव निवासी शाहनवाज गणपति एनक्लेव से बच्चे लेकर डिवाइडर रोड के सैनिक विहार से एक बच्चे को लेने के लिए गया था। लेकिन बच्चा नहीं आया था। जिसके बाद चालक वैन लेकर हाइवे पर चढ़ रहा था। मेरठ की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार गत्तों से भरे ओवरलोड डीसीएम ने स्कूल वैन में सामने की टक्कर मार दी। टक्कर लगने से स्कूल वैन पलट गई।

स्कूल वैन में सवार बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। वैन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। बच्चों की चीख सुनकर आसपास के लोग मौके पर दौड़े। लोगों ने घायल बच्चों को वैन से निकाला। इस दौरान बच्ची आर्या की मौत हो गई। आरोपी चालक कैंटर छोड़कर मौके से भाग गया। सड़क हादसे में बच्चों के घायल होने की सूचना मिलने के बाद स्कूल प्रशासन व परिजन घटनास्थल पर दौड़े। बच्चों को घायल अवस्था में देखकर परिजनों की आंखों में आंसू आ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल बच्चे प्राची पुत्री अजय निवासी खटकी, अनन्या और ओजस्वी पुत्री अमित मलिक, इशिता पुत्री विजय पवार, शुभ, अंशिका, प्रज्ञा, इशिका, अनन्या, नंदिनी का अस्पताल में उपचार चल रहा है। अनन्या की गंभीर हालत देखते हुए चिकित्सकों ने उसे दिल्ली रेफर कर दिया। जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए करनाल हाईवे व एनएच- 58 का भी निरीक्षण किया। जहां उन्होंने अवैध कटों को देखा और अवैध कट को बंद करने के निर्देश दिया। इस दौरान गलत दिशा से आ रहे वाहनों के ट्रैफिक पुलिस ने चालान काटे।

## बुजुर्ग के साथ मारपीट, जान से मारने की दी धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरूरपुर।** थाना क्षेत्र के गांव पांचली बुजुर्ग में बुजुर्ग के साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित बुजुर्ग ने थाने में तहरीर देते हुए करवाई कि मांग कि है। पीड़ित ईश्वर सिंह ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि बीते मंगलवार को सुबह गांव के सोनू और उसकी पत्नी शशि ने उसके साथ गाली गलौच कर दी, गाली का विरोध करने पर आरोपियों ने मारपीट शुरू कर दी। जिससे पीड़ित के हाथ में गम्भीर चोट लग गई। शोर मचाने पर लोगों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकीं देते हुए फरार हो गया। इस सम्बन्ध में पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई कि मांग कि है वहीं पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## सरधना में जनसभा सफल बनाने के लिए चलाया जनसंपर्क अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** 19 अगस्त को भराला गांव में होने वाली जनसभा को सफल बनाने के लिए सपा नेताओं ने सरधना नगर व देहात में जनसंपर्क अभियान चलाया। लोगों ने जनसभा को सफल बनाने का भरोसा दिलाया।

सरधना क्षेत्र के गांव भराला निवासी स्व. चौधरी सत्यप्रकाश भराला की 19 अगस्त को 17 वीं पुण्यतिथि है। चौ. सत्यप्रकाश भराला जिले में समाजवादी पार्टी के दिग्गज नेताओं में शुमार रहें है, जिनकी सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के साथ करीबी किसी से छुपी नही है। उनके पुत्र चौधरी विनीत भराला भी समाजवादी पार्टी से इस बार टिकट की दावेदारी की ताल ठोंक रहें है। जिसके लिए 19 अगस्त को गांव में ही पुण्यतिथि के मौके एक जनसभा को आयोजन तय किया गया। जिसमें समाजवादी पार्टी के राष्टीय महासचिव रामगोपाल यादव व सांसद हरेन्द्र मलिक इकरा हसन समेत कई पार्टी के कद्दावर नेता शामिल होगें। गुरूवार को जनसभा को सफल बनाने के लिए विनीत भराला ने गांव बेगमाबाद अहमदाबाद व नगर क्षेत्र में लोगों से मिलने के बाद जनसभा को सफल बनाने की अपील की। इस दौरान उनके साथ अहसान सैफी, नौशाद अंसारी, अल्ताफ अंसारी मवानिया, ठा. विनोद भामौरी, राकेश सोम, साजिद अंसारी समेत अन्य लोग शामिल रहें।



### लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की150वीं जयन्ती पर ...

## एकता वन की स्थापना में राज्यमंत्री ने किया पौधारोपण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की 150वीं जयन्ती के अवसर पर सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्व. विद्यालय में सामाजिक वानिकी प्रभाग के तत्वाधान में एकता वन की स्थापना की गयी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के.पी. मलिक, राज्यमंत्री, वन, पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन उ.प्र. रहे। राज्यमंत्री द्वारा पीपल का पौधारोपण किया गया। उन्होंने बताया कि प्रदेश में वर्ष 2025-26 में 37 करोड़ पौधारोपण किया गया। मनुष्य के जीवन पर पेड़ों की महत्ता पर प्रकाश डाला गया। जनसामान्य से अधिक से अधिक पेड़ लगाने और लगाये गये प्रत्येक पेड़ की देखभाल करने पर जोर दिया गया है।



वृक्षारोपण को जनआन्दोलन का स्वरूप दिये जाने का आह्वान किया गया। सुनील चौधरी, प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष उ.प्र. द्वारा अपने सम्बोधन में अधिक से अधिक पेड़ लगाने पर जोर दिया गया और बताया गया कि कृषकों द्वारा लगाये गये पापुलर, यूकेलिप्टस के वृक्षों की गणना करायी गयी है तथा कार्बन फाईनेन्स प्रोजेक्ट के अन्तर्गत कृषकों को लाभ दिया जा रहा है। इस अवसर पर आर.जी. गर्ल्स इन्टर कालेज, मेरठ, प्राथमिक विद्यालय अलीपुर जिजमाना, मल्लू सिंह आर्य कन्या इन्टर कालेज मेरठ की छात्राओं ने स्वागत गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। गौरव चौधरी अध्यक्ष जिला पंचायत, संजीव कुमार सिक्का, सभापति उ.प्र. उपभोक्ता सहकारी संघ, मनिन्दरपाल सिंह चेयरमैन सहकारी बैंक, शिव कुमार राणा जिलाध्यक्ष, कलानिधि नैथानी उप महानिरीक्षक, वी.के. चौपड़ा, प्रधान मुख्य वन संरक्षक से.नि.उ.प्र., के. इलन्गों, मुख्य वन संरक्षक, आदर्श कुमार वन संरक्षक, वन्दना फोगाट प्रभागीय निदेशक मेरठ द्वारा पौधारोपण किया गया। दी एवेन्यू पब्लिक स्कूल गंगानगर मेरठ के छात्रों ने भी पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर राज्यमंत्री द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रतिभागियों, हरित प्लान्ट ट्रस्ट, लोक भारती, हरितमा, बेटियां फाउन्डेशन आदि मौजूद रहे।

## भीड़ ने चोर को पीटा

**मेरठ।** बुढ़ाना गेट स्थित बाजार में एक चोर को उस समय भीड़ ने पीट दिया जब वह चोरी की घटना को अंजाम देते हुए रंगेहाथो पकड़ा गया। इस बीच किसी ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। लेकिन तब तक लोगों ने चोर की पिटाई कर उसे छोड़ दिया था। पुलिस लौट गई।

## डीएम-एसएसपी ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विपिन ताडा द्वारा जिला कारागार का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया। जिला कारागार में जिलाधिकारी व एसएसपी द्वारा महिला बैरक, चिकित्सा कक्ष, शिशु सदन आदि का निरीक्षण किया गया। बैरक में उन्होंने कैदियो से वार्ता कर उनसे खान-पान, स्वास्थ्य, पैरवी हेतु वकील आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर जेल अधीक्षक जिला कारागार वीरेश राज शर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं डीएम एसएसपी ने कहा कि जेल में बंद कैदियों से भी बातचीत की गई है। सभी कैदी संतुष्ट है। उनकी जो भी परेशानी है उनके बारे में जेल प्रशासन को अवगत कराकर दिशा-निर्देश दे दिए गये है।

## तक्षशिला पब्लिक स्कूल की बालिका वॉलीबॉल टीम का भव्य स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कंकरखेड़ा स्थित तक्षशिला पब्लिक स्कूल में गुरुवार को विद्यालय परिसर में आगरा में आयोजित सीबीएसई क्लस्टर में गोल्ड मेडल जीतने वाली बालिका यू-19 वॉलीबॉल टीम का भव्य स्वागत किया गया।

इस मौके पर टीम के खिलाड़ियों के माता-पिता, कोच तथा सभी शिक्षक भी मौजूद रहे। बालिका टीम अब सितम्बर में होने वाले नेशनल गेम्स में शिरकत करेगी। स्कूल के चेयरमैन डॉ. ओमपाल सिंह व प्रधानाचार्य डॉ. प्रवीन कुमार पथरा ने सभी खिलाड़ियों तथा उनके कोच यशपाल सिंह, प्रवीन राठी तथा निशांत नैन को शील्ड देकर सम्मानित किया। विद्यालय के चेयरमैन डॉ. ओमपाल सिंह और प्रधानाचार्य डॉ. प्रवीन कुमार पथरा ने खिलाड़ियों, स्कूल कोच पीके राठी, यशपाल सिंह व निशांत नैन एवं अभिभावकों को जीत की बधाई दी एवं खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



## आजाद अधिकार सेना ने राशन वितरण में भ्रष्टाचार का लगाया आरोप

### जिलाधिकारी से शिकायत कर कार्रवाई की रखी मांग

■ पांच किलो की जगह चार किलो मिल रहा है लाभार्थी को राशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** आजाद अधिकार सेना के मंडल अध्यक्ष ठेकेदार के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने एक ज्ञापन डीएम को सौंपा है। जिसमें उनका कहना था कि महानगर में राशन वितरण में लगातार भ्रष्टाचार बढ़ता जा रहा है राशन की मात्रा में लगातार कमी हो रही है।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत लाभार्थी को पांच किलोग्राम अनाज प्रदान किया जाना चाहिए लेकिन दुकान मालिक चार किलोग्राम अनाज ही दे रहे हैं इसके अलावा दुकानदारों द्वारा अनाज की कालाबाजारी चरम स्तर पर की जा रही है। कई बार तो देखने में यह आया है कि उपभोक्ता को स्टॉक की कमी का बहाना बनाकर वापस लौटा दिया जाता है और उसे कार्ड धारक का राशन दुकानों पर बेच दिया जाता है। उन्होंने मांग की है कि राशन वितरण में पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु कठोर निगरानी व्यवस्था लागू की जाए। जो लोग दोषी हैं उनके खिलाफ कार्रवाई हो। सभी लाभार्थियों को 5 किलोग्राम प्रति व्यक्ति के अनुसार अनाज दिया जाए। भ्रष्टाचार को रोकने के लिए डिजिटल ट्रैकिंग और शिकायत निवारण तंत्र को मजबूत किया जाए। इस दौरान पूजा सिंघल, सबा खान, नौशाद कुरैशी, मुकेश शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

## एक्स पर फर्जी एकांउट बनाकर एसएसपी के स्टेनो पर अभद्र टिप्पणी करने वाला सिपाही गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भाजपा युवक संघ का एक्स पर फर्जी एकाउंट बनाकर पोस्ट अपलोड कराने वाले सिपाही अजीत सिंह को जेल भेज दिया। एसपी सिटी की पेशी में तैनाती के समय अजीत ने सट्टे और अवैध धंधा करने वालों से वसूली का आरोप लगा था। लाइन हाजिर होने के बाद अजीत ने अपने एक साथी के साथ मिलकर एक्स पर फर्जी एकाउंट बनाया और कप्तान के स्टेनो के खिलाफ टिप्पणी कर दी। उसके बाद गैरहाजिर चल रहा था। सिविल लाइन पुलिस ने अजीत को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया।



एसपी सिटी की पेशी में तैनात सिपाही अजीत सिंह को एसएसपी विपिन ताडा ने 30 जनवरी को लाइन हाजिर किया था। इसी बीच अजीत सिंह लाइन से सेटिंग करने के बाद रवानी कराकर फिर एसपी सिटी ऑफिस पहुंच गया था। अफसरों के संज्ञान में मामला आने पर कप्तान ने इसकी जांच एसपी यातायात राघवेंद्र मिश्रा से कराई। जांच में पता चला कि अजीत सिंह छह साल तक लगातार एसपी सिटी की पेशी में डयूटी कर चुका है। दो साल पहले उसका स्थानांतरण एसपी देहात की पेशी में हुआ था। तब भी अजीत ने रवानगी नहीं कराई। बल्कि दो साल तक एसपी सिटी की पेशी में तैनात रहा। उसके विभिन्न बैंक खातों से दस लाख से ज्यादा की रकम सट्टे और अवैध धंधा करने वालों से आई हुई है। जांच पूरी होने के बाद अजीत के स्थानांतरण को लेकर शासन को रिपोर्ट भेज दी। इसी बीच अजीत ने भाजपा युवक संघ का एक्स पर फर्जी अकाउंट बनाकर फर्जी चीजे अपलोड कर दी। तब से अजीत गैरहाजिर चल रहा था। एसएसपी विपिन ताडा ने बताया सिपाही अजीत ने अपने रामपुर के एक अन्य साथी के संग मिलकर फर्जी एकाउंट बनाया था। उसके बाद पुलिस पर अमर्यादित टिप्पणी कर चुका है। अजीत को गिरफ्तार कर सिविल लाइन थाने से जेल भेज दिया गया।

## रेस्टोरेंट व होटल को रात 11 बजे बंद करने का जोरदार विरोध



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** होटल संचालक गुरुवार को कलेक्ट्रेट पहुंच गए। उन्होंने वहां प्रशासन द्वारा रेस्टोरेंट होटल आदि को रात 11 बजे बंद करने का आदेश होने का विरोध किया है। उनका कहना है कि 11 बजे के बाद ही उनका कार्य शुरू होता है और पुलिस द्वारा उनको हड़का कर 11 बजे दुकानें बंद करा दी जाती है। जिससे वहां काम कर रहे लोगों पर बेरोजगारी का संकट छाने लगा है। हजारों वर्कर बेरोजगार हो गए हैं। मुख्य रूप से मेरठ महानगर में इंदिरा चौक से लेकर हापुड़ रोड चुंगी तक होटल और रेस्टोरेंट की भरमार है इन होटल को बंद करने के प्रशासन ने आदेश दिए थे। जिसका होटल संचालको ने विरोध कर दिया।

## फतेहपुर कांडः क्या मास्टरमाइंड तक पहुंचेगी पुलिस या चार गिरफ्तारियां ही बनेंगी न्याय का चेहरा?

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** किठौर थाना क्षेत्र के ग्राम फतेहपुर नारायण में कपड़ा फेरी करने आए एक युवक की भीड़ द्वारा की गई बेरहमी से पिटाई के मामले में पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए चार लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, लेकिन इस भीड़तंत्र के पीछे कुछ चेहरों की भूमिका सबसे अहम मानी जा रही है, वह अब भी कानून की पकड़ से बाहर है।

सूत्रों के मुताबिक, एक शख्स वायरल वीडियो में खुलकर स्वीकार करता नजर आ रहा है कि उसने गांव की सुरक्षा के नाम पर आधार कार्ड जांच अभियान चलाया था। उसका तर्क था कि गांव में ड्रोन उड़ने जैसी घटनाओं के चलते बाहरी लोगों पर संदेह गहराया, इसलिए उसने गांव के कुछ युवाओं को साथ लेकर यह 'निजी जांच व्यवस्था' खड़ी की थी, वह भी प्रशासन को बिना सूचना दिए। यही सुरक्षा योजना देखते ही देखते एक निर्दोश फेरीवाले की जान पर भारी पड़ गई। फेरी वाले युवक को ग्रामीणों ने शक के आधार पर घेर लिया और पीट-पीटकर अधमरा कर दिया। उसका जुर्म सिर्फ इतना था कि वह कपड़ा फेरी करने आया था और आधार कार्ड चेक कराने की बात पर डर कर भागने लगा था।



### क्या भीड़तंत्र के मास्टर माइंड को बख्शा जाएगा?

पुलिस ने घटना के बाद अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच करके चार आरोपियों को जेल भेज दिया। लेकिन अब असली सवाल यह है क्या सिर्फ हाथों से वार करने वालों को पकड़ना ही न्याय है? क्या उस व्यक्ति तक भी पुलिस की पहुंच होगी, जिन लोगों ने आधार कार्ड चेक करने की इस 'निजी न्याय व्यवस्था' को जन्म दिया। क्या अफवाहों के आधार पर उठाए गए कदम किसी की जान लेने तक जा सकते हैं?। यदि पुलिस सच में निष्पक्ष और बेखौफ होकर जांच करती है, तो इस हिंसा की जड़ तक पहुंचा जा सकता है।

### पीड़ित परिवार को आस

फिलहाल पीड़ित परिवार गहरे सदमे में है और न्याय की उम्मीद लगाए बैठा है। लेकिन गांव में इस घटना को लेकर चुप्पी और साजिशकर्ताओं की आजादी कहीं इस उम्मीद को कुचल न दे। अब देखना यह है कि पुलिस 'भीड़' के हाथों को ही अपराधी मानती है या उस सोच को भी, जिसने इन हाथों को उकसाया। यह सिर्फ एक पीड़ित युवक की कहानी नहीं, यह उस सोच की पहचान है जो कानून को दरकिनार कर भीड़ को 'न्यायाधीश' बना देती है। इस सोच को जवाबदेह ठहराना जरूरी है वरना अगला शिकार कोई और हो सकता है।

## सरकारी स्कूल बंद करने के समर्थन में किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मुजफ्फरनगर के रहने वाले अंकुर पवार ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश के सीएम अखिलेश यादव का पोस्टर लगा एक आर्टिकल लेकर कमिश्नरी चौराहे पर अजीब प्रदर्शन किया। उनका कहना था की सरकार ने जो सरकारी स्कूल बंद किए हैं वह उनका समर्थन करते हैं क्योंकि यदि स्कूलों में डीएम एसडीएम आदि के बच्चे नहीं पढ़ते तो इन स्कूलों में कोई न कोई खामी जरूर है। इसलिए इन स्कूलों को बंद करने का सरकार ने जो निर्णय लिया है वह सही है। उन्होंने कहा कि वह लोगों को जागरुक कर रहे हैं और अपने साथ जोड़ने का काम कर रहे हैं गुरुवार को वह मेरठ हैं शुक्रवार को मुजफ्फरनगर उसके बाद बागपत गाजियाबाद, सहारनपुर और अन्य जिलों में भी वह इसी तरह प्रदर्शन करेंगे।



## ऐतिहासिक रक्षा बंधन मेले के लिए ठेकों की हुई नीलामी

■ 20 लाख 20 हजार रुपये में आरिफ उर्फ बाबू ने लिया भूमि का ठेका



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** गुरुवार को नगर पंचायत कार्यालय के सभागार में आगामी ऐतिहासिक रक्षाबंधन मेले को लेकर विभिन्न ठेकों की नीलामी प्रक्रिया कराई गई। जिसमें भूमि का ठेका लावड़ निवासी आरिफ रिजवी उर्फ बाबू के नाम छोड़ा गया। उन्होंने अधिकतम बोली 22 लाख 20 हजार रुपए लगाकर ठेका अपने नाम किया।

वहीं लाइट का ठेका माइनस एक हजार रुपए में राशिद अंसारी, टेंट का दो लाख रुपए में शहजाद, साउंड का 10 हजार रुपए में दिनेश के नाम छोड़ा गया। वहीं चेयर पर्सन हज्जन आफताब व अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार ने सभी लोगों से इस ऐतिहासिक मेले को भव्य रूप से भरवाने ओर भाई चारा निभाने की अपील की ओर बताया कि यह मेला बहुत पुराना है इस मेले को सफल बनाने के लिए हर नागरिक को अपना सहयोग देना चाहिए। अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि मेले का आयोजन 9 अगस्त से 18 अगस्त तक किया जाएगा। वहीं चेयर पर्सन हज्जन आफताब ने बताया कि इस बार मेले का भव्य रूप से आयोजन। कराया जाएगा जिसमें लोगों के मनोरंजन के लिए आकर्षक झूलों के साथ साथ बच्चों के मनोरंजन के लिए भी छोटे झूले लगाए जा रहे हैं। इस दौरान चेयरपर्सन हज्जन आफताब, अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार, हाजी शकील कुरैशी, साईम रिजवी, मास्टर लईक, हाजी यामीन, देवेंद्र कुमार के अलावा सुरक्षा की दृष्टि से लावड़ चौकी पुलिस भी मौजूद रही।

### मेला कमेटी का हुआ गठन

गुरुवार को ठेका प्रक्रिया पूरी करने से पहले नगर पंचायत द्वारा मेला कमेटी का गठन किया गया जिसमें 11 सदस्यों की एक कमेटी बनाई गई। जिसमें वार्ड नंबर 2 की सभासद राजेश देवी पत्नी मनोज जाटव को मेला समिति सलाहकार, मनोज गोयल व अयाज गुड्डू को कैशियर की जिम्मेदारी सौंपी गई। साथ ही यादराम जाटव, आजाद अंसारी, रुखसाना, आरिफ फैजी, सबिया, रहीसा, आसिफ अंसारी, अंकित शर्मा, पिंकी को समिति में शामिल किया गया है।

## ईसीआईआर पोर्टल के माध्यम से गुम हुआ मोबाइल बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** थाना पुलिस ने ईसीआईआर पोर्टल के माध्यम से गुम हुआ मोबाइल फोन सैमसंग ए 33 बरामद कराया। मोबाइल मिलने पर मोबाइल स्वामी के चेहरे पर खुशी थी। उसने पुलिस का धन्यवाद किया। सब इंस्पेक्टर राजकुमार ने बताया कि ईसीआईआर पोर्टल के माध्यम से गुम हुए मोबाइल फोन को बरामद करने के लिए चलाए गए अभियान द्वारा आवेदक टेकचंद भाटी पुत्र लख्मीचंद निवासी नारंगपुर थाना परीक्षितगढ़ का गुम हुआ मोबाइल फोन सैमसंग 33 बरामद कराकर पंजीकृत स्वामी को सकुशल वापस सौंपा गया। जिस पर फोन स्वामी ने पुलिस का धन्यवाद देते हुए उप निरीक्षक विनय प्रताप, उप निरीक्षक गोविंद सिंह, उप निरीक्षक राजकुमार, कांस्टेबल अनिल राणा का धन्यवाद किया।



गुम मोबाइल स्वामी को सौंपती पुलिस।

## वी ने मेरठ में लॉन्च की 5जी सर्विसेज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जाना-माना दूरसंचार सेवा प्रदाता वोडाफोन आइडिया (वी) मेरठ में अपनी 5जी सर्विसेज का लॉन्च कर रहा है। यह विस्तार वी की योजनाओं के मुताबिक कई शहरों में 5जी रोलआउट के तहत किया गया है, जिसके तहत 17 प्रायोरिटी सर्कल्स को कवर किया जाएगा, जहां वी ने 5जी स्पैक्ट्रम का अधिग्रहण किया है। इससे पहले वी अपने चरणबद्ध 5जी विस्तार के तहत मुंबई, दिल्ली-एनसीआर, बैंगलोर, मैसुरू, नागपुर, चण्डीगढ़, जयपुर, सोनीपत, पटना, अहमदाबाद, राजकोट, सूरत, वड़ोदरा, छत्रपति संभाजीनगर, नासिक, कोझीकोडे और मलप्पुरम में 5जी सर्विसेज की शुरूआत कर चुका है।

**आदर्श कन्या इन्टर कालिज**
**जेवर (गौतम बुद्ध नगर)**

**सूचना**

कक्षा-12 विज्ञान वर्ग में वित्तविहिन मान्यता प्राप्त विद्यालय आदर्श कन्या इन्टर कालिज (बालिका) जेवर (गौतम बुद्ध नगर) में विज्ञान वर्ग विषय जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान कक्षा-12 में पठन-पाठन हेतु योग्य अध्यापिका की आवश्यकता है। कृपया विद्यालय में शीघ्र संपर्क करें।

प्रधानाचार्या
आदर्श कन्या इण्टर कॉलिज
जेवर (गौतमबुद्धनगर)




फोर्टिस-गंभीर विवाद

# कोच को पिच देखने का पूरा अधिकार है: गिल

● **हम सभी ने इतना क्रिकेट खेला है कोच और कप्तान समेत कई बार हम पिच पर गए है , समझ नहीं आता इतना हंगामा किस बात का था**

**लंदन, वार्ता।** मंगलवार को अभ्यास सत्र के दौरान भारतीय टीम को ओवल में सरे के मुख्य ग्राउंड्समैन ली फोर्टिस द्वारा पिच को करीब से देखने से रोकने को भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने अनावश्यक करार दिया।

भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर और फ़ोर्टिस के बीच तब नोकझोंक हुई जब वे मुख्य स्क्वायर के आसपास भीड़ और प्रशिक्षण सामग्री होने से चितित थे। कथित तौर पर उन्होंने भारतीय टीम को सुझाव दिया कि उन्हें पिच से 2.5 मीटर दूर खड़े होकर पिच देखनी चाहिए। गंभीर को फोर्टिस की ओर उंगली दिखाते और बार-बार यह कहते हुए देखा गया कि वे 'सिर्फ एक ग्राउंडसमैन' हैं।

गिल, जो उस घटना के दौरान मैदान पर मौजूद नहीं थे, ने ओवल में पांचवें टेस्ट की पूर्व संध्या पर कहा कि कल जो हुआ, मुझे लगा कि वह बिल्कुल गैर-जरूरी था। यह पहली बार नहीं है जब हम विकेट देख रहे थे, हम लगभग दो महीने से वहां हैं। एक कोच को पूरा अधिकार है कि वह पास जाकर विकेट देख सके और मुझे नहीं लगता कि इसमें कुछ गलत है। मुझे सच में समझ नहीं आ रहा कि क्यूरेटर ने हमें विकेट देखने की इजाजत क्यों नहीं दी। गिल ने कहा कि सीरीज के पिछले चार स्थानों हेडिग्ले, एजबस्टन, लॉर्ड्स और ओल्ड ट्रैफर्ड पर किसी भी क्यूरेटर ने भारतीय टीम को पिच या स्क्वायर देखने से नहीं रोका था। गिल ने कहा कि जहां तक मुझे याद है, हमें कभी कोई निर्देश नहीं मिले थे। अगर आप रबर स्पाइक्स पहने हों या नंगे पैर हों, तो आप विकेट को पास से देख सकते हैं। हम इस सीरीज में पहले ही चार मैच खेल चुके हैं, और हमें पिच देखने से किसी ने नहीं रोका। हम सभी ने इतना क्रिकेट खेला है, हम कोच और कप्तान समेत कई बार पिच पर गए हैं, मुझे समझ नहीं आता कि इतना हंगामा किस बात का था। भारत के सीरीज में 2-1 से पिछड़ने के बाद, आखिरी टेस्ट से पहले, गिल से पूछा गया कि क्या जरूरी मैच जीतने के दबाव ने गंभीर की प्रतिक्रिया को उकसाया होगा। गिल ने कहा कि बिल्कुल नहीं, अगर कोई पिच क्यूरेटर आकर हमें विकेट की तरफ देखने के बजाय तीन मीटर पीछे से देखने के लिए कहेगा, तो ऐसा हमारे साथ पहले कभी नहीं हुआ। हम इतने लंबे समय से क्रिकेट खेल रहे हैं और जब तक आप रबर स्पाइक्स पहने हुए हैं या नंगे पैर हैं, आपको विकेट को पास से देखने की इजाजत है। यह कोच और कप्तान का काम है। लॉर्ड्स में तीसरे टेस्ट के बाद से टीमों के बीच कई बार तीखी बहस हुई है, इसके बावजूद गिल ने कहा कि इंग्लैंड और भारत के बीच रिश्ते मजबूत बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें और उनकी टीम ने इन घटनाओं के दौरान जिस तरह का व्यवहार किया, उसका 'कोई अफसोस' नहीं है। उन्होंने कहा, ''रिश्ता बहुत अच्छा है, लेकिन जब आप मैदान पर होते हैं, तो आप अंततः मैच जीतने की कोशिश करते हैं, और दोनों टीमें काफी प्रतिस्पर्धी रही हैं।

संक्षिप्त खेल समाचार

## नागपुर में दिव्या देशमुख का भव्य स्वागत

**नागपुर, वार्ता।** युवा शतरंज खिलाड़ी दिव्या देशमुख, जिन्होंने हाल ही में जॉर्जिया के बटुमी में फिडे महिला विश्व शतरंज कप 2025 का खिताब जीता, का नागपुर में भव्य स्वागत किया गया। समारोह की शुरुआत डा. बाबा साहेब अंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हुई, जहां दिव्या का भव्य स्वागत किया गया। शहर द्वारा अपनी 'शतरंज रानी' का सम्मान किए जाने पर हवाई अड्डा जयकारों, तालियों और पारंपरिक बैंड की धुनों से गूंज उठा। हवाई अड्डे से, एक भव्य अभिनंदन रैली शहर के मध्य की ओर बढ़ी, जिसके मार्ग में लोग पुष्प वर्षा कर रहे थे और तिरंगा लहरा रहे थे। विभिन्न सामाजिक और खेल संगठनों ने दिव्या का स्वागत किया और उनकी ऐतिहासिक उपलब्धि का जश्न मनाया। दिव्या ने वैश्विक शतरंज मंच पर नागपुर, महाराष्ट्र और भारत का नाम रोशन किया है। नागपुर शहर की सड़कें दिव्या को बधाई देने वाले बैनर, पोस्टर और होर्डिंग्स से सजी हुई थीं।

## अलेक्जेंडरसन ने 23 सदस्यीय टीम की घोषणा की

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय अंडर-20 महिला टीम के मुख्य कोच, एलेक्जेंडरसन ने म्यांमार में 6 से 10 अगस्त तक होने वाले एएफसी अंडर-20 महिला एशिया कप 2026 क्वालीफायर के लिए 23 सदस्यीय टीम की आज घोषणा की। यंग टाइग्रेसेस को ग्रुप डी में रखा गया है और उनका सामना 6 अगस्त को इंडोनेशिया, 8 अगस्त को तुर्कमेनिस्तान और 10 अगस्त को यांगून के थुवुन्ना स्टेडियम में मेजबान म्यांमार से होगा। ग्रुप विजेता और सभी आठ ग्रुपों में से तीन सर्वश्रेष्ठ दूसरे स्थान पर रहने वाली टीमें अगले साल अप्रैल में थाईलैंड में होने वाले एएफसी अंडर-20 महिला एशिया कप के लिए क्वालीफाई करेंगी।

# बारिश के कारण दूसरी बार रुका 5वां टेस्ट

**सुदर्शन-नायर नाबाद, भारत 85/3, गिल 21 रन बनाकर रनआउट, गावस्कर का रिकॉर्ड तोडा**

**ओवल, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड के बीच चल रही एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का पांचवां टेस्ट लंदन के द ओवल स्टेडियम में खेला जा रहा है। इंग्लैंड ने टास जीतकर गेंदबाजी चुनी है। फिलहाल, बारिश के कारण खेल रुका हुआ है। अगर बारिश शुरू नहीं हुई तो रात 9. 15 बजे खेल शुरू होगा। भारतीय टीम ने पहली पारी में 3 विकेट पर 85 रन बना लिए हैं।

साई सुदर्शन और करुण नायर नाबाद हैं। कप्तान शुभमन गिल 21, केएल राहुल 14 और यशस्वी जायसवाल 2 रन बनाकर आउट हुए। गिल को गस एटकिंसन ने डायरेक्ट थ्रो पर रनआउट किया। जबकि राहुल को क्रिस वोक्स ने बोल्ड और जायसवाल को एटकिंसन ने पगबाधा आउट किया। भारतीय कप्तान शुभमन गिल इस सीरीज में 743 रन बना चुके हैं। वे एक सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय कप्तान बने हैं। गिल ने सुनील गावस्कर (732 रन) का रिकॉर्ड तोड़ा। जो गावस्कर ने 1978-79 में वेस्टइंडीज के खिलाफ बनाया था। शुभमन गिल इंग्लैंड में एक सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले विदेशी कप्तान बने हैं। उन्होंने वेस्टइंडीज के गैरी सोबर्स (722 रन) का रिकॉर्ड तोड़ा। वे वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान ने 1966 में बनाया था। बारिश के कारण 80 मिनट देरी से शुरू हुआ दूसरा सेशन साउथ लंदन स्थित द ओवल मैदान पर बारिश के कारण जल्दी लंच कर दिया गया था। करीब एक घंटे 20 मिनट के बाद दूसरे सेशन का खेल शुरू हुआ। इस दौरान ग्राउंड स्टाफ ने कड़ी मेहनत करके मैदान को सुखाया। साउथ लंदन में फिर से बारिश लौट आई है। ऐसे में फिर से खेल रोकना पड़ा है। अहम बात यह कि भारत ने दूसरे सेशन के आधे घंटे में कप्तान गिल का विकेट गंवा दिया है। 28वें ओवर में भारतीय टीम ने तीसरा विकेट गंवा दिया है। यहां भारतीय कप्तान शुभमन गिल 21 रन बनाकर रनआउट हो गए। उन्हें गस एटकिंसन ने डायरेक्ट थ्रो पर रनआउट किया। गिल टेस्ट करियर में दूसरी बार रनआउट हुए हैं। इससे पहले वे राजकोट टेस्ट में इंग्लैंड के खिलाफ रनआउट हुए थे। ओवल टेस्ट के दूसरे सेशन का खेल करीब 2 घंटे की देरी से शुरू हुआ।

शाम 5रू23 बजे बारिश के कारण जल्दी लंच का ऐलान कर दिया गया था। 23 ओवर के इस सेशन में इंग्लिश बालर्स का दबदबा रहा। भारतीय ओपनर केएल राहुल 14 और यशस्वी जायसवाल 2 रन बनाकर पवेलियन लौटे। 16वें ओवर में भारतीय टीम ने दूसरा विकेट गंवाया। यहां केएल राहुल 14 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें क्रिस वोक्स ने बोल्ड कर दिया। इससे पहले यशस्वी जायसवाल (2 रन) गास एटकिंसन का शिकार बने थे। वे स्ठॅ आउट हुए। 13वें ओवर में जोश टंग की यार्कर बाल खेलने के प्रयास में साई सुदर्शन क्रीज पर गिर गए। टंग ने ओवर की दूसरी बाल पर इनस्विंग यार्कर डाली, जो आफ स्टंप की ओर से रही। बाल ने बल्ले का अंदरूनी किनारा लिया और सुदर्शन के पैड पर लगी। इससे सुदर्शन पिच पर गिर पड़े। इस ओवर के साथ पहले घंटे के खेल का समापन हुआ। ड्रिंक्स ब्रेक तक भारतीय टीम ने एक 36 रन बनाने में एक विकेट गंवाया। केएल राहुल और साई सुदर्शन की जोड़ी नाबाद रही। ओली पोप ने बतौर फील्डिंग कैप्टन 14 रिव्यू लिए हैं। इनमें से पहला रिव्यू सफल रहा है। इससे पहले 12 रिव्यू असफल रहे, जबकि एक अंपायर्स काल पर गया था। भारत ने ओवल टेस्ट की पहली पारी के तीसरे ओवर में विकेट गंवा दिया। यहां ओपनर यशस्वी जायसवाल 2 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें गस एटकिंसन ने स्ठॅ किया।

# पाकिस्तान वेटरन लीग डब्ल्यूसीएल के फाइनल में

● **भारत ने सेमीफाइनल खेलने से मना कर दिया था, चैंपियनशिप में चौथे नंबर पर रही भारतीय टीम**

**नई दिल्ली, वार्ता।** रिटायर्ड क्रिकेटर्स के टूर्नामेंट वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स (डब्ल्यूसीएल) में पाकिस्तान फाइनल में पहुंच गया है। डब्ल्यूसीएल ने बुधवार देर रात यह जानकारी दी। भारत ने पाकिस्तान के साथ सेमीफाइनल मैच खेलने से मना कर दिया था। यह मुकाबला कल बर्मिंघम में खेला जाना था।

इससे पहले भारतीय प्लेयर्स ने पाकिस्तान के साथ 20 जुलाई को होने वाला ग्रुप मैच भी नहीं खेला था। तब मैच रद्द करके दोनों टीमों में अंक बांट दिए गए थे, लेकिन अब पाकिस्तानी टीम अपने ग्रुप में टाप पर होने और चार जीत के साथ नौ अंक हासिल करने के कारण फाइनल में पहुंच गई है। वहीं, भारत छह टीमों वाले इस टूर्नामेंट में चौथे नंबर पर रहा। टीम को एक मैच में जीत और तीन में हार मिली, जबकि एक मैच बेनतीजा रहा। पाकिस्तान का मुकाबला दूसरे सेमीफाइनल के विजेता (आस्ट्रेलिया या साउथ अफ्रीका) से होगा। डब्ल्यूसीएल बोला- हम जो करते दर्शकों के लिए करते हैं, डब्ल्यूसीएल ने देर रात एक्स पर पोस्ट करके पाकिस्तान के फाइनल में पहुंचने की जानकारी दी। डब्ल्यूसीएल ने एक्स पोस्ट में लिखा कि हम हमेशा खेल की ताकत पर भरोसा करते हैं। हालांकि, जनभावना का हमेशा सम्मान किया जाना चाहिए। आखिर हम जो कुछ भी करते हैं, अपने दर्शकों के लिए ही करते हैं। हम भारत चैंपियंस के सेमीफाइनल से हटने के फैसले का सम्मान करते हैं व पाक चैंपियंस की प्रतिस्पर्धा करने की तैयारी का भी सम्मान करते हैं। सभी बातों को ध्यान में रखते हुए भारत चैंपियंस और पाकिस्तान चैंपियंस के बीच का मैच रद्द कर दिया गया है। पाकिस्तान चैंपियंस फाइनल में जाएगा। लीग की स्पान्सर कंपनी ईजमाई ट्रिप ने भी बुधवार को ही सेमीफाइनल मैच से हटने का ऐलान किया था।

कंपनी के को-फाउंडर निशांत पिटी ने ग पोस्ट में लिखा था कि हम डब्ल्यूसीएल में भारत के शानदार प्रदर्शन की सराहना करते हैं। हालांकि, पाक के खिलाफ आगामी सेमीफाइनल कोई साधारण मैच नहीं है। आतंकवाद और क्रिकेट साथ साथ नहीं चल सकता। ईजमाई ट्रिप भारत के साथ खड़ा है। हम ऐसे किसी भी आयोजन का समर्थन नहीं कर सकते जो आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले देश के साथ संबंधों को सामान्य बनाने का प्रयास करता हो। कुछ चीजें खेल से भी बड़ी होती हैं। देश पहले, व्यापार बाद में।

## 15वीं हॉकी इंडिया जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप की काकीनाडा में होगी शरुआत

● **महिला जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप के डिवीजन -ए में देश की शीर्ष 12 टीमें शामिल है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** नए प्रारूप के साथ एक अगस्त से 15वीं हॉकी इंडिया जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप का आंध्र प्रदेश के काकीनाडा में शुभारंभ होगा।

यह टूर्नामेंट 12 अगस्त तक चलेगा और इसमें 30 टीमें भाग लेंगी। इसमें नए प्रारुप को लागू किया जायेगा। टूर्नामेंट को डिवीजन ए, डिवीजन बी और डिवीजन सी में विभाजित किया जाएगा। डिवीजन ए और बी की निचली टीमों को क्रमशः डिवीजन बी और डिवीजन सी में स्थानांतरित किया जाएगा, और डिवीजन बी और डिवीजन सी की शीर्ष दो टीमों को अगले साल हॉकी इंडिया जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के डिवीजन ए और डिवीजन बी में पदोन्नत किया जाएगा। महिला जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप के डिवीजन ए में देश की शीर्ष 12 टीमें शामिल हैं और पूल ए में गत चैंपियन झारखंड, पूल बी में पिछले साल की उपविजेता मध्य प्रदेश और पूल सी में दूसरे उपविजेता हरियाणा शामिल होंगे। इस बीच, डिवीजन बी और डिवीजन सी में वे टीमें शामिल होंगी जो शीर्ष 12 राष्ट्रीय रैंकिग में नहीं हैं, और अगले साल की राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए रैंकिग में ऊपर चढ़ने और उच्च डिवीजन में जगह बनाने के लिए स्पर्धा करेंगी।

# भारत और इंग्लैंड को विश्व कप में हराना सबसे मुश्किल होगा: कप्तान एलिसा हीली

**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलियाई कप्तान एलिसा हीली ने भविष्यवाणी की है कि इस साल होने वाले आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप में उनकी टीम के लिए भारत और इंग्लैंड दो ऐसी टीमें होंगी जिन्हें हराना सबसे मुश्किल होगा। हीली ने आज यहां क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के एक प्रायोजन कार्यक्रम में पत्रकारों से बात की और इस अनुभवी विकेटकीपर ने खुलासा किया कि ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए सब कुछ सही दिशा में है क्योंकि वे 37 सालों में महिलाओं के 50 ओवरों के विश्व कप खिताब का बचाव करने वाली पहली टीम बनने की कोशिश में हैं। ऑस्ट्रेलिया ने पूर्व कप्तान शेरोन ट्रेड्रिया के नेतृत्व में 1982 और 1988 में लगातार दो विश्व कप जीते थे और सात बार की चैंपियन टीम इस साल




● **ऑस्ट्रेलिया भारत और श्रीलंका में होने वाले टूर्नामेंट की ट्रॉफी को उठाने का प्रबल दावेदार**

भारत और श्रीलंका में होने वाले इस आयोजन में इस प्रसिद्ध ट्रॉफी को उठाने की प्रबल दावेदारों में से एक के रूप में उतरेगी। लेकिन हीली दुनिया की नंबर 1 वनडे टीम को लेकर कुछ भी हल्के में नहीं ले रही हैं और उन्होंने रैंकिग में अपने सबसे करीबी प्रतिद्वंद्वियों इंग्लैंड (दूसरे) और भारत (तीसरे) को 30 सितम्बर से शुरू होने वाले आठ टीमों के टूर्नामेंट में ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए संभावित बाधा के रूप में नामित किया है। हीली ने कहा कि मैं अभी इंग्लैंड को पूरी तरह से खारिज नहीं करूंगी , मुझे लगता है कि वे लोटी (शार्लोट एडवर्ड्स) के नेतृत्व में अपनी लय हासिल कर लेंगे। लेकिन मुझे लगता है कि जिस तरह से भारत घरेलू परिस्थितियों में खेल रहा है, उसे हराना वाकई मुश्किल होगा। हीली पिछले साल आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप में लगी पैर की चोट से वापसी के करीब पहुंच रही हैं और प्रतिस्पर्धी मैचों में वापसी के लिए भारत ए के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया ए की आगामी घरेलू श्रृंखला पर नजर गड़ाए हुए हैं।

## ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारत अंडर-19 की अगुवाई करेंगे म्हात्रे

**मुंबई, वार्ता।** मुंबई के बल्लेबाज आयुष म्हात्रे ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारत अंडर-19 दल की अगुवाई करेंगे जो कि 21 सितम्बर से शुरू होगा। 17 सदस्यीय दल में 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी को भी जगह मिली है।

भारत ऑस्ट्रेलिया दौरे पर कुल पांच मैच खेलेगा जिसकी शुरुआत तीन वनडे मैच से होगी। तीनों मुकाबले नॉर्थ्स में 21, 24 और 26 सितम्बर को खेले जाएंगे। इसके बाद दो चार दिवसीय मैच 30 सितम्बर और 7 अक्टूबर से मैके में शुरू होंगे। हाल ही में इंग्लैंड दौरे पर गए दल में से मौल्यराजसिंह चावड़ा, युद्धजीत गुहा, प्रणव राघवेंद्र और मोहम्मद एनान शामिल नहीं हैं। ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए चयनित दल में वेदांत त्रिवेदी, खिलन पटेल, उधव मोहन और अमन चौहान को जगह दी गई है। खिलन दाएं पैर में स्ट्रेस रिएक्शन के चलते इंग्लैंड दौरे पर



● **17 सदस्यीय दल में 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी को भी जगह मिली है**

दल का हिस्सा नहीं बन पाए थे। इंग्लैंड दौरे पर प्रभावशाली प्रदर्शन करने वाले पंजाब के शीर्ष क्रम बल्लेबाज विहान मल्होत्रा को टीम का उपकप्तान बनाया गया है। इंग्लैंड में चार दिवसीय दोनों मैचों में म्हात्रे ने कुल चार पारियों में सर्वाधिक 340 रन बनाए थे और वनडे मुकाबलों में सूर्यवंशी ने पांच पारियों में सर्वाधिक 355 रन बनाए थे।

# ईसीबी ने छह हंड्रेड टीमों के लिए फ्रैंचाईजी सौदों की पुष्टि की

● **सन टीवी नेटवर्क ने 100 प्रतिश हिस्सेदारी के लिए ईसीबी के साथ समझौता पूरा कर लिया है**

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने द हंड्रेड टूर्नामेंट के आठ निवेशकों में से छह के साथ फ्रेंचाइजी समझौतों पर हस्ताक्षर की पुष्टि की। दो अन्य के साथ बातचीत चल रही है, जिसमें रिलायंस समूह भी शामिल है, जिसने ओवल इनविसिबल्स टीम के लिए सफलतापूर्वक बोली लगाई थी। इसमें शामिल छह समूहों में अमेरिका स्थित टेक टाइटन्स भी शामिल है, जिसने लॉर्ड्स स्थित लंदन स्पिरिट में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल की है। संजीव गोयनका के आरपीएसजी समूह ने मैनचेस्टर ओरिजिनल्स का 70 प्रतिशत अधिग्रहण पूरा कर लिया है और उम्मीद है कि वह आईपीएल और दक्षिण अफ्रीका 20 में अपनी सुपरजायंट्स फ्रेंच. इजी के अनुरूप टीम का नाम बदलकर मैनचेस्टर सुपरजायंट्स कर देगा। चेन्नई स्थित सन टीवी नेटवर्क ने हेडिंग्ले स्थित नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स में 100 प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए ईसीबी के साथ समझौता पूरा कर लिया है। जीएमआर समूह ने साउथम्प्टन की टीम, सदर्न ब्रेव, में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी ले ली है। एमएलसी में वाशिगटन फ्रीडम टीम के मालिक संजय गोविल ने वेल्श फायर टीम में 50 प्रतिशत हिस्सेदारी लेकर खुद को शामिल कर लिया है, जबकि बर्मिंघम फीनिक्स टीम का 49 प्रतिशत हिस्सा नाइटहेड कैपिटल मैनेजमेंट, एलएलसी ने अपने निवेशकों (नाइटहेड) की ओर से ले लिया है। ओवल इनविसिबल में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए रिलायंस समूह के अहस्ताक्षरित समझौते के अलावा, कैन इंटरनेशनल और एरेस मैनेजमेंट ने अभी तक ट्रेंट रॉकेट्स में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए हस्ताक्षर नहीं किए हैं। ईसीबी ने कहा कि नए मालिक 1 अक्टूबर, 2025 से परिचालन नियंत्रण अपने हाथ में ले लेंगे। मीडिया विज्ञप्ति में आगे स्पष्ट किया गया है कि नए साझेदार द हंड्रेड टीमों में निवेश कर रहे हैं, जबकि ईसीबी प्रतियोगिता का पूर्ण स्वामित्व अपने पास रखेगा, और इसके साथ ही, नियमों, विडो की अवधि और अन्य महत्वपूर्ण मामलों जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर नियंत्रण रखेगा, जिनका खेल पर व्यापक प्रभाव पड़ता है। ईसीबी ने कहा कि सामूहिक रूप से, आठ साझेदारियों के परिणामस्वरूप टीमों का मूल्यांकन 975 मिलियन पाउंड से अधिक है, जिसमें से 500 मिलियन पाउंड से अधिक अब अंग्रेजी और वेल्श क्रिकेट पारिस्थितिकी तंत्र में निवेश किए जाने की योजना है। यह भी खुलासा किया गया कि एक नया 'द हंड्रेड बोर्ड' स्थापित किया जाएगा, जिसमें ईसीबी और टीमों (निवेशक और मेजबान क्लब दोनों) के प्रतिनिधि शामिल होंगे, जिन्हें 'द हंड्रेड की रणनी. तिक दिशा और व्यावसायिक विकास से संबंधित कुछ निश्चित मामलों पर अधिकार सौंपा जाएगा, जैसे कि द हंड्रेड प्रायोजन और लाइसेंसिग सौदे, खिलाड़ियों का वेतन और खिलाड़ियों का ड्राफ्ट और रिटेंशन तंत्र। आठ टीमों में से चार आईपीएल फ्रेंचाइजी के स्वामित्व में हैं।

## तेलुगु टाइटन्स और तमिल थलाइवाज की भिड़ंत से होगी पीकेएल की शुरूआत

● **पीकेएल सीजन-12**

● **प्रो कबड्डी लीग सीजन-12 में 29 अगस्त को विशाखापत्तनम में टूर्नामेंट की होगी शुरुआत**

**मुंबई, वार्ता।** प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) सीजन 12 में 29 अगस्त को विशाखापत्तनम में तेलुगु टाइटन्स और तमिल थलाइवाज के बीच मुकाबले से टूर्नामेंट की शुरुआत होगी।

इस टूर्नामेंट में 12 टीमें विशाखापत्तनम, जयपुर, चेन्नई और दिल्ली में प्रतिस्पर्धा करेंगी। विशाखापत्तनम के राजीव गांधी इंडोर स्टेडियम में तेलुगु टाइटन्स और तमिल थलाइवाज के बीच मुकाबले से इस टूर्नामेंट की शुरुआत होगी। यह सात साल बाद होगा जब इस तटीय शहर में इस टूर्नामेंट की वापसी होगी। दिन के दूसरे मैच में बेंगलुरु बुल्स का सामना पुनेरी पलटन से होगा। अगले दिन घरेलू टीम तेलुगु टाइटन्स एक बार फिर मैदान पर उतरेगी, इस बार शाम के पहले मैच में यूपी योद्धा के खिलाफ, उसके बाद यू मुंबा का सामना गुजरात जायंट्स से होगा। तीसरे दिन सुपर संडे को तमिल थलाइवाज और यू मुंबा भिड़ेंगे। मौजूदा चैंपियन हरियाणा स्टीलर्स बंगाल वॉरियर्स के खिलाफ अपने खिताब की रक्षा के लिए पहला मैच खेलेंगे।

12 सितम्बर से जयपुर के इंडोर हॉल, एसएमएस स्टेडियम में मुकाबला होगा, जहां दो बार की चैंपियन जयपुर पिंक पैंथर्स और बेंगलुरु बुल्स के बीच रोमांचक मुक. ाबले होंगे, इसके बाद तमिल थलाइवाज का सामना बंगाल वॉरियर्स से होगा। गुलाबी नगरी पीकेएल की लोककथाओं में एक विशेष स्थान रखती है, क्योंकि 2023-24 में ऐतिहासिक सीजन 10 के दौरान ऐतिहा. सिक 1000वें पीकेएल मैच की मेजबानी करेगा। तीसरे चरण में 29 सितम्बर को चेन्नई के एसडीएटी मल्टीपर्पस इंडोर स्टेडियम में यूपी योद्धा का सामना गुजरात जायंट्स से होगा, जबकि दबंग दिल्ली केसी का सामना हरियाणा स्टीलर्स से भिड़ेंगे। सीजन 12 का लीग चरण 13 अक्टूबर से दिल्ली के त्यागराज स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में अपने चरम पर पहुंचेगा।

## बीसीए अध्यक्ष ने भारत अंडर-19 टीम में शामिल होने पर सूर्यवंशी को बधाई दी

**पटना, वार्ता।** बिहार क्रिकेट संघ (बीसीए) के अध्यक्ष राकेश तिवारी ने युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को आगामी ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारत अंडर-19 टीम में शामिल होने पर आज बधाई दी।

आईपीएल 2025 में धूम मचाने के बाद, बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी पिछले महीने इंग्लैंड दौरे पर सुर्खियों में छा गए। इंग्लैंड अंडर-19 के खिलाफ चौथे वनडे में, वैभव (14 वर्षीय) ने 52 गेंदों में शतक जड़कर युवा वनडे में सबसे तेज शतक लगाने का नया विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए अपना नाम रिकॉर्ड बुक में दर्ज करा लिया। बीसीए अध्यक्ष राकेश तिवारी ने वैभव की प्रशंसा करते हुए कहा कि हमें वैभव से बहुत उम्मीदें हैं।

उन्होंने अपने प्रदर्शन से बिहार और भारत को बेहद गौरवान्वित किया है और अब उनके पास ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर अपनी प्रतिभा दिखाने का एक शानदार अवसर है। मैं उन्हें इस नए अध्याय के लिए शुभकामनाएं देता हूं। बीसीए प्रमुख राकेश तिवारी ने भी वैभव सूर्यवंशी जैसी उभरती प्रतिभाओं को राज्य में प्रोत्साहित करने और उनका समर्थन करने के लिए बिहार क्रिकेट संघ की प्रतिबद्धता दोहराई।

**शाह टाइम्स**

## सम्पादकीय

शुक्रवार, 1 अगस्त 2025

# ट्रम्प के बिगड़ते बोल

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पूरी तरह बेलगाम होते दिखाई दे रहे हैं। वे किसके विषय में कब क्या बोल दें कोई नहीं जानता। उनके फैसले भी बेहद अटपटे दिखाई दे रहे हैं। भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने के बाद अब उन्होंने कह दिया है कि भारत और रूस की इकोनॉमी डेड हो चुकी है। आम बोलचाल में डेड इकोनॉमी उस स्थिति को कहते हैं जब किसी देश की अर्थव्यवस्था पूरी तरह ठप हो जाए या बिल्कुल सुस्त पड़ जाए। यह एक तरह से किसी देश के दिवालियापन जैसा हो सकता है, जहां न कोई नौकरी रहती है न लोगों की कमाई बढ़ती है। लोग आर्थिक तंगी में फंस जाते हैं।

अब उन्होंने यह बात किस आकलन के आधार पर कही यह तो वही जानें, लेकिन इससे यह तो पता चलता ही है कि वह भारत को लेकर बेहद ही बेरुखा रुख अपना रहे हैं और यह तब है जब वह भारत को मित्र देशों की श्रेणी में भी रखते दिखाई देते हैं। ट्रम्प को समझना होगा कि हर देश की अपनी सीमाएं हैं अपने हित हैं, उसको उन्हीं के हिसाब से फैसले लेने होते हैं। जैसेकि गुरुवार को उद्योगमंत्री पीयूष गोयल ने लोकसभा में कहा भी कि सरकार राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए हर आवश्यक कदम उठाएगी। सरकार अपने देश के किसानों, मजदूरों, सूक्ष्म, लघु व मझोले उद्योगों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। गोयल ने यह भी कहा कि अब तक अमेरिका के साथ चार दौर की बातचीत हो चुकी है और बातचीत अभी टूटी नहीं है।

लगता है कि ट्रम्प को इससे कोई मतलब नहीं है वह बेहद जल्दबाजी में हैं और वह ट्रेड को लेकर बेहद आक्रामक मुद्रा में हैं। वह किसी की सुनने के लिए भी तैयार नहीं हैं। उन्हें किसी की लाभ-हानि से कोई लेना-देना नहीं है। उन्हें केवल अमेरिका का हित दिखाई दे रहा है। उनकी तमाम कोशिश है कि अमेरिका को जो व्यापार में तमाम फायदें मिलें, जबकि दूसरे देशों को भी फायदा हो इससे उन्हें कोई सरोकार दिखाई नहीं दे रहा है। डोनाल्ड ट्रम्प को समझना चाहिए कि उनकी अर्थव्यवस्था बेहद मजबूत है और इस मजबूती के चलते उनका कोई दायित्व भी गरीब विकासशील देशों के प्रति बनता है। आखिर बड़ा वही कहलाता है, जो अपने छोटे देशों का भी ख्याल रखे, लेकिन डोनाल्ड ट्रम्प व्यापार को लेकर किसी तरह का ख्याल रखने के मूड में नहीं हैं और न ही किसी देश की मजबूरी को समझ रहे हैं और सबसे बड़ी विचित्र बात तो यह है कि वह अपनी इस मंशा को छुपा भी नहीं रहे हैं। भारत के संदर्भ में वह खुलकर कह रहे हैं, क्योंकि भारत रूस से बड़ी संख्या में सैन्य साजो-सामान पेट्रोलियम पदार्थ व गैस की आपूर्ति कर रहा है। इसलिए वह भारत पर टैरिफ लगा रहे हैं। वह नहीं चाहते कि रूस के साथ कोई व्यापार करे। यह कैसे संभव है। हर देश अपनी जरूरत के हिसाब से किसी भी देश के साथ व्यापार करता है। अगर रूस हमें सस्ते दामों पर तेल व गैस दे रहा है, तो इस पर अमेरिका को क्यों आपत्ति होनी चाहिए, लेकिन आपत्ति हो रही है, बल्कि आपत्ति ही नहीं वह एक तरह से दंड भी देना चाहता है। टैरिफ लगाना यह दंड देने का ही एक तरीका है।

## केंद्र सरकार अपने आश्वासन पर खरी उतरे



उम्मीद है कि अमेरिकी टैरिफ को लेकर केंद्र सरकार अपने आश्वासन पर खरी उतरेगी, मित्र देश बताने के बावजूद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भारतीय आयात पर 1 अगस्त से 25 प्रतिशत शुल्क तथा रूस से तेल आयात करने पर पेनाल्टी लगाने की घोषणा की गई है, इस नई चुनौती को केंद्र सरकार अवसर एवं आत्मनिर्भरता में बदलकर देश की अर्थव्यवस्था को प्रभावित नहीं होने देगी, इसको लेकर देश को दिए गए इस आश्वासन पर कि किसान, छोटे व मंझोले उद्योग और राष्ट्रहित से कोई समझौता नहीं करेगी, इस पर खरी उतरकर दिखाएगी, भारत गरीबों और मेहनतकश लोगों का देश है, हर हाथ को काम देने के साथ देश को आगे बढ़ाने की नीति बनाकर उस पर सही से अमल होना चाहिए। **-सुश्री मायावती, बसपा सुप्रीमा**

# सियाम की परछाइयां: मंदिर, युद्ध और वैश्विक शतरंज



**वाहिद नसीम**



जब युद्ध अचानक प्रकट होता है, तो कहीं न कहीं कोई उसे वर्षों से यह फसल उगा रहा होता है धीरे, छुपकर, और गहरी चालों के साथ। थाईलैंड और कंबोडिया के बीच सीमा पर उठता धुआं, कुछ विश्लेषकों के लिए सिर्फ एक पारंपरिक विवाद है, मगर इस लेख के मेरे लिए यह एक बहुत गहरे भू-राजनीतिक युद्ध की भूमिका है, जिसकी स्क्रिप्ट वाशिंगटन, लंदन और तेल अवीव में लिखी जा रही है। इसमें इस्तमाल किए गए हथियरों से संकेत स्पष्ट है। यह केवल थाई-कंबोडिया संघर्ष नहीं, यह चीन के खिलाफ छेड़ा जा रहा एक परोक्ष वैश्विक युद्ध का पहला कदम है, जिसमें दक्षिण-पूर्व एशिया, ब्रिक्स और पूरा ग्लोबल साउथ युद्ध के शतरंज पर मोहरे बन चुके हैं।

**प्राचीन मंदिर, आधुनिक महायुद्ध**

सीमा विवाद का प्रतीक बन चुका है प्रीह विहेयर मंदिर। एक प्राचीन खमेर मंदिर जो डांगरेक पर्वतों पर स्थित है, जिसकी दीवारें चुपचाप सियाम के उत्थान, खमेर साम्राज्य की गरिमा, और औपनिवेशिक सीमा-रेखाओं की क्रूरता की गवाह रही हैं।

थाई अभिजात वर्ग और सैन्य नेतृत्व, इस मंदिर को राज्य-गौरव का प्रतीक मानते हैं, जो 1907 की फ्रांस-सियाम संधि से कटे हुए अतीत को पुन:स्थापित करने का माध्यम बन सकता है। परंतु यह सिर्फ एक मंदिर विवाद नहीं। यह एक अवसर है, उस तीसरे पक्ष के लिए जो हर प्राचीन पीड़ा को भविष्य के युद्ध का बहाना बनाना बना रहा है।

**BRI: रेशमी सपनों की अस्थिर नींव**

चीन की Belt and Road Initiative एक 6,000 किमी लंबा महायोग, जो युन्नान से लेकर सिंगापुर तक दक्षिण-पूर्व एशिया की नसों को जोड़ता है। वर्तमान संघर्ष की बुनियाद में कहीं न कहीं गूंजती हुई छाया है।

थाईलैंड का हिस्सा (नोंग खाई एक्सटेंशन) भ्रष्टाचार में उलझा है, जबकि कंबोडिया और लाओस तेजी से बीआरआई के नक्शे पर चमक रहे हैं। में देख रहा हूं कि अमेरिका के लिए यह बेहद असहनीय है। वह नहीं चाहता कि बीजिंग सड़कों, रेल और बंदरगाहों के माध्यम से एक आर्थिक-सांस्कृतिक धुरी बना दे, जो पश्चिम के पुराने मार्गों को अप्रासंगिक कर दे। इसलिए, अराजकता फैलाना, कनेक्टिविटी को जड़ से उखाड़ना, और ASEAN को भीतर से फाड़ डालना अमेरिका की रणनीति बन चुकी है।

**कंबोडिया: अगला यूक्रेन?**

आश्यान के संगठित होते देशों की हलचल से इशारा मिलता हैं कि जिस तरह यूक्रेन को रूस के खिलाफ एक फॉरवर्ड बेस बनाया गया, उसी तरह कंबोडिया कृ जहां चीन ने रणनीतिक रूप से रियाम नौसैनिक अड्डा विकसित किया है कृ जिसे पश्चिम ष्चीन के खिलाफ एक जालष में बदलने की कोशिया में है।

अमेरिका को थाईलैंड जैसे सहयोगी की जरूरत है क्यों है, पश्चिमी हथियारों तक पहुंच रखता है और वहां एक ऐसा राजा और सैन्य वर्ग है जो प्राचीन गौरव और पश्चिमी पूंजी दोनों का मोह रखता है। इस समीकरण में, भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव भड़काना, ताइवान को चीन के खिलाफ उकसाना, और थाईलैंड-कंबोडिया युद्ध को बढ़ाना। सब कुछ एक साझा रणनीति के धागों से जुड़ा है।

**अभिजात वर्ग और राजा के आदमी: खेल के भीतर खेल**

राजा के भरोसेमंद लोग, जो सिर्फ सीमा पर तैनात कमांडर नहीं, बल्कि एक मानसिकता के वाहक हैं, जो थाईलैंड को ग्लोबल साउथ के उदय से काटकर, पश्चिम की गोद में बिठाना चाहते हैं।

बैंकॉक का अभिजात वर्ग, जो BRI और BRICS के उदय को अपने अस्तित्व के लिए खतरा मानता है। ये वे लोग हैं जो इतिहास से अधिक लाभ में विश्वास करते हैं और मंदिरों के नाम पर युद्ध बेचते हैं, लेकिन लाभ के लिए शांति खरीदते हैं।

**असल में कौन है तीसरा पक्ष?**

वह कोई एक सरकार नहीं, वह कोई एक सेना नहीं, वह एक गति है जो अराजकता को रणनीति में बदल देती है। CIA, MI6, NATO, तेल अवीव, लंदन सब मिलकर एक ऐसी भू-राजनी. तिक वॉर मशीन बनाते हैं, जो हर हिस्से में एक नया यूक्रेन बनाने के फिराक में है। मंदिर जो शांति का प्रतीक थे, युद्ध के बहाने बन गए। सीमाएं जो इतिहास में उकेरी गई थीं, आज हथियार बन गई। लेकिन जिसे आप युद्ध समझते हैं, वह किसी और की शांति की योजना है और किसी और की गुलामी की तैयारी। ज्ञात रहे हर क्षेत्रीय युद्ध के पीछे एक वैश्विक ब्लूप्रिंट होता है। हर टकराव के पीछे लाभ का गणित छिपा होता है और हर विरोध में एक ऐसी खामोशी दबी होती है, जो कभी भूगोल से, तो कभी इतिहास से, उभर आती है।

राजा के भरोसेमंद लोग, जो सिर्फ सीमा पर तैनात कमांडर नहीं, बल्कि एक मानसिकता के वाहक हैं, जो थाईलैंड को ग्लोबल साउथ के उदय से काटकर, पश्चिम की गोद में बिठाना चाहते हैं। बैंकॉक का अभिजात वर्ग, जो BRI और BRICS के उदय को अपने अस्तित्व के लिए खतरा मानता है। ये वे लोग हैं जो इतिहास से अधिक लाभ में विश्वास करते हैं और मंदि. रों के नाम पर युद्ध बेचते हैं, लेकिन लाभ के लिए शांति खरीदते हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्व की राजनीतिक मामलों पर गहरी पकड़ रखते हैं, ये विचार उनके निजी विचार हैं)

# अपमान के लिए महिलाएं खुद जिम्मेदार

**अनिरुद्धाचार्य ने अपने बयान को लेकर उपजे विवाद व हंगामे के बाद एक वीडियो जारी कर यह कहा है कि मेरी कुछ बहनें प्रसारित हो रहे वीडियो से आहत हैं। कहना चाहता हूं कि कुछ लड़कियां ऐसी होती हैं कि लिव इन में रहकर चार जगह मुंह मार के किसी के घर जाएंगी, तो क्या वे किसी रिश्ते को निभा पाएंगी। इसलिए लड़की हो या फिर लड़का दोनों को चरित्रवान होना चाहिए। यह कहकर मुआफी मांग. नी तो क्या उन्होंने अपनी चार जगह मुंह मारने जैसी सड़क छाप भाषा शैली का फिर से इस्तेमाल किया। शायद वे सोच रहे हों कि बदनाम अगर होंगे तो क्या नाम न होगा? जरा सोचिए कि किरण बेदी व कल्पना चावला के देश में जहां लड़कियां चांद पर पहुंचने की होड़ में लगी हुई हैं। उस देश की महिलाओं को यह अशिक्षित रहकर शिक्षा ग्रहण करने की उम्र में शादी रचाने की सलाह देते हैं।**



**निर्मल रानी**

हमारे देश में अनेकानेक स्वयंभू संत, प्रवचनकर्ता, ज्योतिषी व धर्मगुरु टीवी स्क्रीन की शोभा बढ़ा हैं। ऐसे कई स्वयंभू संत व प्रवचनकर्ता जब कैमरे के सामने प्रकट होते हैं तो उनका साज श्रृंगार, मेकअप उनकी निराली अदाएं सब कुछ देखने लायक होती हैं।

ऐसे ही एक कथावाचक व आध्यात्मिक गुरु कहे जाने वाले अनिरुद्धाचार्य का नाम अक्सर किसी न किसी विवाद को लेकर चर्चा में रहता है। रूपहले पर्दे पर नजर आने का शौक रखने वाले अनिरुद्धाचार्य लाफ्टर शेफ्स में एक अतिथि के रूप में देखे जा चुके हैं। वे बिग बॉस 18 में शो के ग्रैंड प्रीमियर के दौरान अतिथि के रूप में भी शोभायमान हो चुके हैं परन्तु वे अपनी कई टिप्पणियों व अंधविश्वास पूर्ण बातों के लिए विवादों में भी रह चुके हैं। कभी कभी शब्दों को तोड़मरोड़कर पेश करने के लिए भी वे हास्य का पर्याय बन चुके हैं। जैसे उन्होंने बिस्किट को विष-की-किट यानी जहर का पैकेट परिभाषित कर दिया।

तो कभी पीजजा में पड़ने वाले चीज यानि पनीर को गोंद कहकर उसका मजाक उड़ाते सुने गए। एक बार उन्होंने यह भी कहा था कि महिलाओं को पीछे की ओर नहीं सोना चाहिए क्योंकि इससे उनके स्तन अशुद्ध हो जाएंगे। एक बार एक टीवी शो के दौरान उन्हें कुछ तार्किक व वैज्ञानिक सोच रखने वाले कुछ शिक्षित लोगों का सामना करना पड़ा। उस समय टीवी एंकर द्वारा उन्हें उनके प्रवचन का वह अंश याद दिलाया गया जिसमें उन्होंने यह कहा था कि गाय के गोबर में से गेहूं चुनचुन कर निकालकर उस गेहूं का पिसा आटा खाने से पुत्र रत्न प्राप्त होता है परन्तु पिछले दिनों अपने एक तथाकथित प्रवचन में तो अनिरुद्धाचार्य ने महिलाओं का अपमान करने की सभी सीमाएं पार कर दीं। यही महिलाएं जो ऐसे स्वयंभू संतों व प्रवचनकर्ताओं का प्रवचन शुरू होने से पहले सज संवरकर, अपने सिरों पर भारी कलश रखकर शहर में संतों व प्रवचन कर्ताओं की शोभा यात्रा निकाल. कर नगर में इनके प्रवचन में भीड़ जुटाने के लिए माहौल तैय्यार करती हैं। यही महिलाएं जो इनके प्रवचन में कभी तालियां बजाकर तो कभी नृत्य कर कभी अपने दोनों हाथ ऊपर उठाकर झूम झूम कर इनके समागम में समां बांधती हैं। यही महिलाएं जो इनके प्रवचन सुनाने अपने पति व अन्य पड़ोसियों को भी साथ लाती हैं। जो इन्हें दान देती हैं,जो रोज सुबह मंदिरों में सबसे पहले पहुंचती हैं। जो महिलाएं श्रद्धा पूर्वक मंदिरों व आश्रमों में सेवा करती हैं। इन्हें महिलाओं व उनकी पुत्रियों को लेकर जिस तरह के विकार पिछले दिनों अनिरुद्धाचार्य के मुख से निकले उसने न केवल आम लोगों को बल्कि स्वयं इनके भक्तों को भी आश्चर्य चकित कर दिया। जो शब्द उन्होंने महिलाओं के लिए इस्तेमाल किए शायद इससे अधिक घटिया शब्दों का चयन हो भी नहीं सकता है।

उन्होंने अपने एक प्रवचन के दौरान कुंवारी लड़कियों की शादी की उम्र को लेकर अत्यंत विवादित व आपत्तिजनक बयान दे डाला। उन्होंने कहा कि लोग विवाह के लिए लड़की लाते हैं पच्चीस साल की। अब 25 साल की लड़की चार जगह मुंह मार चुकी होती है। सब नहीं पर बहुत और वह पच्चीस साल की जब आती है तो पूरी जवान होकर आती है। जब जवान हो कर



आएगी तो स्वाभाविक है कि वह अपनी जवानी कहीं न कहीं वह, उसकी जवानी फिसल जाएगी। साथ ही उन्होंने 14 साल की उम्र में लड़की की शादी को जायज ठहराया। गौरतलब है कि भारत में बाल विवाह निषेध अधिनियम के तहत इस उम्र में शादी अवैध है। इस बयान के बाद तो गोया पूरे देश में भूचाल सा आ गया। मथुरा में भी महिलाएं व अन्य संगठनों ने इनके विरुद्ध प्रदर्शन किया। उनके पुतले फूंके गए। कई जगह से उनके विरुद्ध महिला संगठनों द्वारा एफ आई आर करने की खबरें सुनीं गईं। उधर एक बार फर इस विवादित बयान को लेकर भी टीआरपी की दौड़ में जुटे मीडिया समूहों को मसाला खबरें बेचने की सामग्री हासिल हो गई। महिलाओं के प्रति ऐसी विकृत मानसिकता रखने वाले स्वयंभू संतों की भक्ति में डूबी महिलाएं स्वयं ही जिम्मेदार हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अचानक इतनी फुर्ती में क्यों है डीजीसीए



**रजनीश कपूर**

जब भी कभी कोई विमान हादसा होता है या होते-होते टल जाता है तो भारत का नागर विमानन महानिदेशालय यानी डीजीसीए और एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टीगेशन ब्यूरो ऐसी घटना की जांच करता है। ऐसे मामलों में जांच पूरी होने तक डीजीसीए उस विमान के पायलट व क्रू को ग्राउंड कर देता है यानी उड़ान भरने पर रोक लगा देता है। सवाल है कि क्या डीजीसीए का सिर्फ इतना ही फर्ज है?

सवाल यह भी है कि क्या ऐसी दुर्घटनाओं के बाद की जाने वाली ऐसी जांच में केवल एयरलाइन के स्टाफ की ही गलती क्यों सामने आती है? क्या डीजीसीए के अधिकारियों को हवाई जहाज की नियमित जांच और रख-रखाव की ऑडिट नहीं करनी चाहिए, जो उनका फर्ज है? यदि डीजीसीए द्वारा ऐसे निरीक्षण समय-समय पर होते रहें तो ऐसे हादसे टाले जा सकते हैं। हाल ही में भारत के एविएशन इतिहास में सबसे बड़ा हादसा अहमदाबाद में हुआ।

उसके बाद से ही तमाम जानकारियां सामने आने लगी कि एयर इंडिया के इस विमान हादसे में किसकी गलती हो सकती है। क्या पायलट दोषी हैं? क्या विमान बनाने वाली कंपनी दोषी है? क्या एयर इंडिया के विमान की रख-रखाव करने वाली एजेंसी दोषी है? इन सभी सवालों पर फिलहाल अटकलें ही लगाई जा रही हैं क्योंकि विमान हादसे की जांच अभी चल रही है, लेकिन कहीं पर भी आपको यह सुनने को नहीं मिलेगा कि क्या भारत का नागर विमानन महानिदेशालय यानी डीजीसीए अपना काम जिम्मेदारी से कर रहा था? यदि हां तो फिर ऐसा हादसा कैसे हो गया? यदि नहीं तो क्यों नहीं?




एयर इंडिया के बोइंग विमानों में अचानक एक के बाद एक हादसों का होना एक गंभीर मुद्दा अवश्य है, लेकिन जिस तरह इन हादसों के बाद डीजीसीए अचानक हरकत में आया है वह कई सवाल उठाता है। क्या डीजीसीए द्वारा नियमित रूप से की जाने वाली ऑडिट में कहीं चूक हुई थी? गौरतलब है कि हर विमान, चाहे वो किसी भी एयरलाइन का क्यों ना हो, उसकी नियमित जांच व रख-रखाव करना अनिवार्य होता है। हर उड़ान से पहले विमान का पूरा निरीक्षण किया जाता है। ऐसे निरीक्षण को पहले टेक्नीशियन और उसके बाद इंजीनियर द्वारा किया जाता है।

विमान जो भी कमी पाई जाती है उसे विमान की लॉगबुक में दर्ज किया जाता है। इसके साथ ही विमान में पाई गई कमी को दुरुस्त करने की एंट्री भी इसी लॉगबुक में की जाती है जिसे विमान से संबंधित सभी लोग साइन भी करते हैं। इसमें पायलट, टेक्नीशियन और इंजीनियर शामिल हैं। इतना ही नहीं इस सबके ऊपर इन लॉगबुक्स का डीजीसीए द्वारा नियमित रूप से ऑडिट भी किया जाता है। यदि इसमें कोई कमी होती है तो डीजीसीए द्वारा संबंधित एयरलाइन को नोटिस दिया जाता है।

वहीं यदि किन्हीं कारणों से डीजीसीए द्वारा ऑडिट को केवल औपचारिकता के लिए किया जाए तो अनदेखी के चलते विमान हादसा कभी भी हो सकता है। ऐसा देखा गया है कि जब भी कभी कोई बड़ा विमान हादसा होता है तो डीजीसीए तुरंत हरकत में आकर कड़े ऑडिट करने शुरू कर देता है। इन ऑडिटों में डीजीसीए यह दिखाने की कोशिश करता है कि वह किसी भी तरह की लापरवाही के प्रति शून्य सहनशीलता (जीरो टॉलरेंस) रखता है, लेकिन क्या वास्तव में ऐसा सोचना सही है? यदि डीजीसीए के अधिकारी एयरलाइन की न सुनकर, कानून के हिसाब से हर एयरलाइन का नियमित व विस्तृत ऑडिट करते रहें तो डीजीसीए पर उंगलियां नहीं उठेंगी। पर पता नहीं किस लालच या दबाव में ए जांच नहीं होती।

एविएशन के जानकारों के अनुसार विमान के इंजन में होने वाली कोई खराबी का कारण नियमित रख-रखाव का न होना है। इसके अलावा विमान के स्पेयर पार्ट की गुणवत्ता और पायलट की उचित ट्रेनिंग का न होना भी है। इन घटनाओं के पीछे डीजीसीए के अधिकारियों द्वारा ऐसी कमियों को अनदेखा करना भी एक प्रमुख कारण है। यदि डीजीसीए के अधिकारी केवल इस बात पर जोर न दें कि यात्रियों की सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा तो शायद ऐसी घटनाएं न हों।पिछले दिनों संसद में एक प्रश्न का उत्तर देते हुए नागरिक उड्डयन मंत्री ने यह बताया कि डीजीसीए के स्वीकृत 1644 पदों में से 823 रिक्त हैं। यानी 50 प्रतिशत से अधिक पद रिक्त हैं। इनमें से अधिकतर पद तकनीकी हैं। यह वही तकनीकी पद हैं जो विमानों की तकनीकी जांच करने में सक्षम होने चाहिए परंतु डीजीसीए के पास यदि टेक्निकल मैनपावर की कमी है तो वो टेक्निकल ऑडिट किस हद तक कर पाएगा इसका अनुमान कोई भी लगा सकता है। वहीं डीजीसीए के कुछ अधिकारी कुछ चुनिंदा एयरलाइंस, फिर वो चाहे शेड्यूल्ड एयरलाइन हों या नॉन-शेड्यूल एयरलाइन (प्राइवेट चार्टर कंपनी) हों, के साथ अच्छे संबंध बनाए रखता है। ऐसे संबंधों का यह नतीजा होता है कि यदि अच्छे संबंधों वाली एयरलाइन बड़ी से बड़ी गलती क्यों न करे उसे केवल एक चेतावनी देकर छोड़ दिया जाता है और किसी को कानों कान भी खबर नहीं होती। वहीं किसी अन्य एयरलाइन द्वारा कोई मामूली सी गलती भी हो जाए तो उसके खिलाफ कड़े से कड़े नियमों के तहत कार्यवाही की जाती है। क्या डीजीसीए बताएगा कि ऐसे दोहरे मापदंड क्यों अपनाए जाते हैं?

एक अनुमान के तहत आनेवाले दो दशकों में भारत का नागर विमानन ट्रैफिक 5 गुना बढ़ने की संभावना है। यदि कनाडा और न्यूजीलैंड की तरह हमें भी एविएशन के क्षेत्र में एक अच्छी पहचान बनानी है तो डीजीसीए के अधिकारियों को अपने स्वार्थों को दरकिनार करते हुए यात्रियों की सुरक्षा और एयरलाइन कम्पनी के विमानों की सुरक्षा को प्राथमिकता देनी होगी। डीजीसीए के एयर सेफ्टी डिपार्टमेंट, फ्लाइट स्टेंडर्ड्स डिपार्टमेंट, एयरक्राफ्ट इंजीनियरिंग व एयरवर्थिनेस डिपार्टमेंट जैसे विभागों को विमानों की जांच के हर पहलू को कड़ाई से लागू करने को गम्भीरता से लेना होगा।

ऐसा करने से एक ओर हवाई यात्रा करने वाले यात्री अपने को सुरक्षित महसूस करेंगे। वहीं दूसरी ओर एयरलाइन कम्पनियों को भी इस बात का खौफ बना रहेगा कि छोटी सी भूल के चलते उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही भी हो सकती है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# तिलमिलाए ट्रम्प ने छह भारतीय कंपनियों पर लगाया बैन

## कहाः ईरान से चोरी-छिपे कारोबार किया, ईरान बोलाः अमेरिका इकोनॉमी को हथियार की तरह कर रहा इस्तेमाल

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान से प्रतिबंधित रसायन और पेट्रोकेमिकल उत्पादों की खरीद करने वाली 24 कंपनियों पर प्रतिबंध लगा दिया। इनमें 6 भारतीय कंपनियां भी हैं। इसके अलावा चीन की 7, यूएई की 6, हान्गकान्ग की 3, तुर्किये और रूस की 1-1 कंपनी शामिल हैं। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने इन प्रतिबंधों की घोषणा की।

मंत्रालय का कहना है कि इन कंपनियों ने 2024 में ईरानी मूल के 1000 करोड़ रुपये से ज्यादा के उत्पाद यूएई के रास्ते मंगवाए। ईरान इस पैसे से न्यूक्लियर प्रोग्राम बढ़ा रहा है और आतंकी फंडिंग कर रहा है। ईरान पर 2018 से प्रतिबंध है। ईरान के पास दुनिया का चौथा सबसे बड़ा तेल भंडार है। देश की इकोनामी आयल पर काफी ज्यादा निर्भर करती है। ईरान के पास दुनिया का चौथा सबसे बड़ा तेल भंडार है। देश की इकोनामी आयल पर काफी ज्यादा निर्भर करती है। ईरान ने इसका जवाब देते हुए कहा कि अमेरिका अपनी इकोनामी को हथियार की तरह इस्तेमाल कर रहा है। दूतावास ने कहा कि अमेरिका, ईरान और भारत जैसे आजाद देशों पर प्रतिबंध लगाकर उनकी प्रगति और विकास को रो. कने की कोशिश कर रहा है। ये प्रतिबंध



**कंपनियों ने 2024 में ईरानी मूल के 1000 करोड़ से ज्यादा उत्पाद यूएई के रास्ते मंगवाए**

अंतर्राष्ट्रीय कानून और देशों की संप्रभुता का उल्लंघन करते हैं। यह एक तरह का आधुनिक आर्थिक साम्राज्यवाद है। इन नीतियों का विरोध करना मजबूत ग्लोबल साउथ के लिए खड़ा होना है। किन भारतीय कंपनियों पर कार्रवाई हुई-अलके. मिकल साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड-इस पर सबसे बड़ा आरोप है। कंपनी ने जनवरी से दिसम्बर 2024 के बीच 84 मिलियन डालर (करीब 700 करोड़ रुपये) से ज्यादा के ईरानी पेट्रोकेमिकल उत्पाद आयात किए। ग्लोबल इंडस्ट्रियल केमिकल्स लिमिटेड-जुलाई 2024 से जनवरी 2025 तक कंपनी ने 51 मिलियन डालर (करीब 425 करोड़ रुपये) से ज्यादा के ईरानी मेथनाल सहित अन्य उत्पाद खरीदे। ज्यूपिटर डाई केम प्राइवेट लिमिटेड-इसी अवधि में इस कंपनी ने टोल्यून समेत ईरानी उत्पादों का करीब 49 मिलियन डालर का आयात किया। रमणिकलाल एस. गोसालिया एंड कंपनी-इसने करीब 22 मिलियन डालर के पेट्रोकेमिकल्स खरीदे, जिनमें मेथेनाल और टाल्युइन शामिल हैं। पर्सिस्टेंट पेट्रोकेम प्राइवेट लिमिटेड-अक्टूबर से दिसम्बर 2024 के बीच कंपनी ने 14 मिलियन डालर का ईरानी मेथेनाल आयात किया। कंचन पालिमर्स-इस पर 1.3 मिलियन डालर के ईरानी पालीइथिलीन उत्पाद खरीदने का आरोप है।

## हो सकता है, भारत को तेल बेचे पाकः ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पाकिस्तान के साथ आयल डील होने का ऐलान किया है। इसके तहत पाकिस्तान के तेल भंडारों का विकास करेंगे। साथ ही उन्होंने दावा किया कि पाकिस्तान भविष्य में भारत को तेल बेच सकता है। सोशल मीडिया पोस्ट करते हुए ट्रम्प ने लिखा कि हमने पाकिस्तान के साथ एक डील फाइनल की है, जिसमें अमेरिका और पाकिस्तान मिलकर वहां के विशाल तेल भंडारों का विकास करेंगे। एक तेल कंपनी को इस साझेदारी के लिए चुना जाएगा। शायद एक दिन वे भारत को भी तेल बेचें। ट्रम्प का यह बयान ऐसे समय आया है, जब कुछ ही घंटे पहले उन्होंने भारत पर टैरिफ लगाने की घोषणा की थी। पाकिस्तान की समुद्री सीमा में पिछले साल सितम्बर में तेल और गैस का एक बड़ा भंडार मिला था। पाकिस्तानी मीडिया हाउस डान के मुताबिक, इलाके में एक सहयोगी देश के साथ मिलकर 3 साल तक सर्वे किया गया था। इसमें बाद तेल और गैस रिजर्व की मौजूदगी की पुष्टि हुई। कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह भंडार दुनिया का चौथा सबसे बड़ा तेल और गैस का भंडार होगा। फिलहाल वेनेजुएला में तेल का सबसे बड़ा रिजर्व है, जहां 34 लाख बैरल तेल है। वहीं, अमेरिका का सबसे शुद्ध तेल का भंडार है, जिसे अब तक इस्तेमाल नहीं किया गया।



नई दिल्ली। संसद के मानसून सत्र के दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधीअपनी बहन व पार्टी सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा से बातचीत करते हुए।

## सिडनी में लीजियोनेयर्स रोग से एक की मौत, कई बीमार

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के सबसे बड़े शहरों में से एक सिडनी के उपनगर पॉट्स पॉइंट में लीजियोनेयर्स रोग से एक व्यक्ति की मौत हो गई है और एक अन्य का अस्पताल में इलाज चल रहा है। सिडनी स्थानीय स्वास्थ्य जिला (एसईएसएलएचडी) ने गुरुवार को बताया कि सिडनी हार्बर ब्रिज और सिडनी ओपेरा हाउस से दो किलोमीटर से भी कम दूरी पर स्थित इस उपनगर के सात लोग मई से लीजियोनेयर्स रोग से संक्रमित हो चुके हैं जिनमें एक बुजुर्ग (80) भी शामिल है। बुजुर्ग व्यक्ति जून के अंत में बीमार हुआ था और उसकी मृत्यु हो गई है। शेष छह लोगों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पांच लोगों को छुट्टी दे दी गई है और एक व्यक्ति ठीक हो रहा है। एसईएसएलएचडी ने कहा कि 45 से 95 वर्ष की आयु के सभी मरीज एक-दूसरे को नहीं जानते थे लेकिन हो सकता है कि वे क्षेत्र में संक्रमण के एक सामान्य स्रोत के संपर्क में आए हों। लीजियोनेयर्स रोग एक गंभीर प्रकार का निमोनिया है जो लीजियोनेला नामक बैक्टीरिया के कारण होता है। यह रोग पानी या मिट्टी में मौजूद बैक्टीरिया को सांस के जरिए अंदर लेने से फैलता है, खासकर उन लोगों को जो कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले हैं या धूम्रपान करते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### यूक्रेन पर रूसी हमलों में छह मरे, 52 घायल

**कीव।** यूक्रेन की राजधानी कीव पर गुरुवार तड़के रूसी मिसाइल और ड्रोन हमलों में कम से कम छह लोग मारे गए और अन्य 52 घायल हो गए। कीव शहर सैन्य प्रशासन के प्रमुख तैमूर तकाचेंको ने टेलीग्राम पर यह जानकारी देते हुए बताया कि पीड़ितों में एक छह साल का बच्चा भी शामिल है। शहर में 27 जगहों पर हमला हुआ। हमले वाली जगहों पर बचाव अभियान जारी है और पीड़ितों की संख्या बढ़ सकती है।

### नेपाल में मानसून जनित आपदाओं में 43 लोगों की मौत

**काठमांड।** नेपाल में इस साल मानसून का मौसम शुरू होने के बाद से बारिश के कारण आई आपदाओं में 43 लोगों की जान जा चुकी है और 116 अन्य घायल हुए हैं। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने बुधवार शाम एक रिपोर्ट में कहा कि मानसूनी बारिश से आई 569 आपदाओं के चलते 16 लोग अभी भी लापता हैं।बाढ़ के कारण 15 लोगों की जान गई और सात घायल हुए। बिजली गिरने से 14 लोगों की मौत हुई और 95 घायल जबकि भूस्खलन से 14 लोगों की मौत हुई है।

### चीन नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करे जापानः बीजिंग

**बीजिंग/टोक्यो।** चीन ने टोक्यो में दो चीनी नागरिकों की गंभीर रूप से पिटाई की रिपोर्टों पर जापानी पक्ष से चीनी नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी उपाय लागू करने का आग्रह किया है। गौरतलब है कि आज सुबह टोक्यो में चार लोगों ने दो चीनी नागरिकों पर हमला किया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने बीजिंग में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि चीन ने इन रिपोर्टों पर ध्यान दिया है।

### पकड़े गए सैनिकों को थाईलैंड रिहा करेः कंबोडिया

**नोम पेन्ह/बैंकॉक।** कंबोडिया ने थाईलैंड से युद्धविराम लागू होने के बाद पकड़े गए 20 कंबोडियाई सैनिकों को रिहा करने का आग्रह किया है। कंबोडियाई रक्षा मंत्रालय अवर सचिव और प्रवक्ता, लेफ्टिनेंट जनरल माली सोचेता ने बुधवार को कहा कि उनके 21 सैनिक, थाईलैंड सेना के कब्जे में थे। इसमें से एक मृत सैनिक का शव मिल गया है।

## इमरान खान की पार्टी के 166 सदस्यों को 10 साल जेल

**दो साल पहले ISI बिल्डिंग पर हमले मामले में अदालत ने सुनाया फैसला**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक अदालत ने गुरुवार को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के 166 नेताओं और कार्यकर्ताओं को 10-10 साल की जेल की सजा सुनाई।

यह सजा 9 मई, 2023 को पंजाब प्रांत में आईएसआई बिल्डिंग और अन्य सैन्य ठिकानों पर हमले के मामले में दी गई है। सजा पाने वालों में नेशनल असेंबली और सीनेट में विपक्ष के नेता और कई सांसद शामिल हैं। यह फैसला उस समय आया है जब पीटीआई 5 अगस्त से पूरे देश में इमरान खान को रिहा करो आंदोलन शुरू करने की तैयारी कर रही थी। पीटीआई ने फैसलाबाद की आतंकवाद निरोधी अदालत (एटीएस) के इस फैसले की कड़ी निंदा की है। पार्टी का कहना है कि यह फैसला उनके सांसदों को संसद से अयोग्य घोषित करने और शांतिपूर्ण विरा. ध प्रदर्शन को रोकने की साजिश का हिस्सा है। 9 मई, 2023 को इमरान खान की गिरफ्तारी के विरोध में पीटीआई कार्यकर्ताओं ने फैसलाबाद में आईएसआई बिल्डिंग, लाहौर में जिन्ना हाउस (कोर कमांडर हाउस), मियांवाली एयरबेस और रावलपिंडी में सेना मुख्यालय (जीएचआईक्यू) सहित कई सैन्य ठिकानों पर हमला किया था। फैसलाबाद की एटीसी ने आईएसआई बिल्डिंग हमले के मामले में 185 में से 108 लोगों को दोषी ठहराया और 77 को बरी कर दिया।

## कनाडा भी देगा फलस्तीन को मान्यता, ट्रम्प को चढ़ा गुस्सा

### प्रधानमंत्री कॉर्नी ने किया ऐलान, सितम्बर में संयुक्त राष्ट्र महासभा में औपचारिक घोषणा होगी

**ओटावा।** कनाडा भी फ्रांस और ब्रिटेन की तरह फलस्तीन को एक स्वतंत्र और संप्रभु राष्ट्र के तौर में मान्यता देगा। प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने बुधवार को इसका ऐलान किया। यह मान्यता औपचारिक रूप से सितम्बर 2025 में होने वाली संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजहए) के दौरान दी जाएगी। इसके साथ ही कनाडा, फ्रांस और ब्रिटेन के बाद जी-7 का तीसरा देश बन गया है जिसने हाल ही में फलस्तीन को मान्यता देने का ऐलान किया है।

गाजा पट्टी में इजरायल और हमास के बीच करीब दो साल से जंग जारी है। वहां में पानी और खाद्य संकट और रिफ्यूजी शिविरों की हमलों से मानवीय संकट गहरा गया है। इसके चलते इजरायल पर लगातार अंतर्राष्ट्रीय दबाव बढ़ रहा है। यूएन की इंटीग्रेटेड फूड सिक्योरिटी फेज क्लासिफिकेशन की एक नई रिपोर्ट के मुता. बिक गाजा में अकाल से भी बुरी स्थिति है। प्रधानमंत्री कार्नी ने मान्यता के लिए कुछ शर्तें भी रखी हैं। इन्हें फलस्तीन को पूरा करना होगा। अगले वर्ष चुनाव कराना अनिवार्य होगा, जो कि 2006 के बाद पहली बार होगा। चुनाव और शासन में हमास की कोई भागीदारी नहीं होगी। (हमास को आतंकी संगठन माना जाता है)। फलस्तीनी राज्य का डिमिलिटराइजेशन यानी यानी हथियारों और लड़ाकू क्षमताओं से मुक्त क्षेत्र बनाया जाएगा। कार्नी ने कहा कि उन्होंने फलस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास से सीधे बात की है और इन शर्तों पर सहमति मिल गई है। उन्होंने कहा कि गाजा में जो हो रहा है, वह मानवता के खिलाफ अपराध जैसा है। उन्होंने इजरायल पर आरोप लगाया कि वह अंतर्राष्ट्रीय संगठनों को राहत सामग्री देने नहीं दे रहा, जिससे हालात और बिगड़ गए हैं। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुता. बिक अब तक 60 हजार से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। इनमें 89 बच्चों सहित 154 लोगों की मौत भुखमरी से हुई है। हजारों लोग बेघर हो चुके हैं। कार्नी ने कहा कि गाजा में आम लोगों की पीड़ा अब बर्दाश्त से बाहर है। अब और देर करना, मानवता के साथ अन्याय होगा। कनाडा ने फलस्तीनी अथारिटी को 63 करोड़ रुपये देने का ऐलान किया है। इससे भविष्य में राज्य का ढांचा तैयार किया जाएगा। साथ ही, कनाडा ने 190 करोड़ रुपये की मानवीय सहायता देने की घोषणा की है।



**इजरायल ने कनाडा के फैसले की निंदा की, ब्रिटेन और फ्रांस पहले ही मान्यता देने का ऐलान कर चुके हैं**

### फलस्तीन पर कनाडा के फैसले से अमेरिका नाराज

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को कहा कि फलस्तीन को मान्यता देने के कनाडा के फ़ैसले से उसके साथ व्यापार समझौता करना मुश्किल हो जाएगा। ट्रम्प ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्रुथ पर कहा कि वाह! कनाडा ने अभी घोषणा की है कि वह फलस्तीन को राष्ट्र का दर्जा देने का समर्थन कर रहा है। इससे हमारे लिए उनके साथ व्यापार समझौता करना बहुत मुश्किल हो जाएगा। ओह कनाडा!!! जुलाई के मध्य में कार्नी ने कहा था कि इस बात के 'बहुत कम प्रमाण' हैं कि अमेरिका के साथ आयात शुल्क पर कोई समझौता हो सकता है। पिछले शुक्रवार को ट्रम्प ने इस वार्ता को लेकर निराशा जाहिर की थी। उधर कनाडा ने कहा कि अगर फलस्तीनी प्राधिकरण चुनाव कराने सहित कुछ बदलाव करने के लिए प्रतिबद्ध होता है, तो वह उसे राष्ट्र के रूप में मान्यता दे देगा।

## गाजा में कुपोषण से सात और लोगों की मौत

### गाजा संकट पर चर्चा करने के लिए इजरायल की यात्रा पर जाएंगे अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ

**दुबई।** गाजा पट्टी में पिछले 24 घंटों में कुपोषण से सात और लोगों की मौत हो गई है। फलस्तीनी क्षेत्र में हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी है।

बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार मंत्रालय ने बताया कि 2023 में इज़रायल-हमास युद्ध शुरू होने के बाद से कुपोषण से मरने वालों की कुल संख्या अब 154 हो गई जिसमें 89 बच्चे शामिल हैं। संयुक्त राष्ट्र समर्थित वैश्विक खाद्य सुरक्षा विशेषज्ञों ने मंगलवार को चेतावनी दी कि गाज़ा में अकाल की सबसे खराब स्थिति वर्तमान में चल रही है। इज़रायल ने कहा है कि वह गाज़ा में आने वाली सहायता पर प्रतिबंध नहीं लगा रहा है, लेकिन उसका ये दावा यूरोप में उसके करीबी सहयोगियों, संयुक्त राष्ट्र और गाज़ा में सक्रिय अन्य एजेंसियों द्वारा स्वीकार नहीं किया गया हैं। इस बीच अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ गुरुवार को गाजा संकट पर चर्चा करने के लिए इज़रायल की यात्रा पर जाएंगे। एक अलग घटनाक्रम में गाजा अस्पताल के सूत्रों ने बीबीसी को बताया कि बुधवार सुबह दक्षिणी गाजा के राफा इलाके में गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन (जीएचएफ) के सहायता वितरण केंद्र के पास छह फलस्तीनी मारे गए। सूत्रों ने बताया कि भीड़ ने वितरण केंद्र के खुलने से कुछ देर पहले ही उसमें घुसने की कोशिश की थी और एक इज़रायली टैंक ने उन पर हमला कर दिया। जीएचएफ ने आरोपों का खंडन करते हुए बीबीसी को बताया कि उसके केंद्रों पर या उसके आसपास कोई हत्या नहीं हुई। इज़रायली रक्षा बल (आईडीएफ) ने भी बीबीसी को बताया कि 'प्रारंभिक समीक्षा से पता चलता है कि हताहतों की संख्या आईडीएफ के पास मौजूद जानकारी से मेल नहीं खाती।'



**2023 में इजरायल-हमास युद्ध शुरू होने के बाद से कुपोषण से मरने वालों की कुल संख्या अब 154 हो गई है**

## श्रीलंका में रिश्वतखोरी के आरोप में 34 गिरफ्तरी

**कोलंबो।** श्रीलंका में रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच आयोग ने घोषणा की कि 2025 के पहले छह महीनों में रिश्वत मांगने के आरोप में 34 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सीआईएबीओसी के अनुसार आयोग को एक जनवरी से 30 जून 2025 के बीच 3022 शिकायतें मिलीं। इस अवधि के दौरान अधिकारियों ने 27 छापे मारकर 34 लोगों को गिरफ्तार किया। सीआईएबीआ. सी ने कहा कि संदिग्धों में दस श्रीलंकाई पुलिस अधिकारी, न्याय मंत्रालय के पांच अधिक. ारी, स्वास्थ्य मंत्रालय के दो और श्रीलंका परिवहन बोर्ड के दो अधिकारी शामिल हैं।

## रूस में लगातार दूसरे दिन भी आया 6.5 का भूकंप

**कल कामचटका द्वीप पर 8.8 तीव्रता से धरती कांपी थी, ज्वालामुखी भी फटा**

**व्लादिवोस्तोक।** रूस में लगातार दूसरे दिन भूंकप आया है। रूस के पूर्वी इलाके में मौजूद कुरिल आईलैंड्स पर गुरुवार सुबह आए इस भूकंप की तीव्रता 6.5 थी। नेशनल सेंटर फार सिस्मोलाजी (एनसीएस) के मुताबिक, यह भूकंप भारतीय समयानुसार सुबह 10:57 पर दर्ज हुआ। इसकी गहराई महज 10 किलोमीटर थी। इससे पहले बुधवार को कुरिल द्वीपों के पास समुद्र में 8.8 तीव्रता का भीषण भूकंप आया था।

जो अब तक दर्ज किए गए सबसे शक्तिशाली भूकंपों में छठे नंबर पर है। हालांकि, इसमें अब तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। 8.8 तीव्रता के भूकंप के बाद रूस, जापान, चीन और अमेरिका तक सुनामी लहरें पहुंची थीं। रूस में ये लहरें 4 मीटर ऊंची, जबकि अमेरिका में 1 मीटर तक ऊंची थीं। कुरील में कल भी एक 6.3 तीव्रता का भूकंप आया था। इसके अलावा कामचटका में भूकंप के बाद ज्वालामुखी भी फटा। यूएस जियोलाजिकल सर्वे के मुता. बिक, 8.8 तीव्रता वाले मुख्य भूकंप के बाद बीते 16 घंटे में रूस के आसपास 125 से ज्यादा आफ्टरशाक्स आए हैं। इनकी तीव्रता 4.4 या उससे अधिक रही है। इनमें से तीन झटके 6.0 से अधिक तीव्रता के रहे, जिनमें सबसे जोरदार झटका 6.9 तीव्रता का था। यह मुख्य भूकंप के करीब 45 मिनट बाद महसूस हुआ। बुधवार को ही सुबह 11 बजे के करीब मुख्य भूकंप के केंद्र से 200 मील दक्षिण-पश्चिम में 6.4 तीव्रता का एक और आफ्टरशाक आया। बुधवार को आए 8.8 तीव्रता वाले भूकंप के कुछ ही घंटे बाद कामचाटका प्रायद्वीप पर क्लूचेवस्काया सोपका नाम का ज्वालामुखी फटा। पिछले कुछ दिनों से इस ज्वालामुखी में हलचल बढ़ रही थी। रात में इसके क्रेटर से रोशनी निकल रही थी और दिन में यह राख उगल रहा था। बुधवार को इसने करीब 3 किलोमीटर ऊंचाई तक राख का गुबार छोड़ा।

**D.A.V. COLLEGE, ARYA SAMAJ ROAD, MUZAFFARNAGAR**
**SHORT-TERM TENDER NOTICE**

Sealed tenders are invited from reputed and experienced Firms/ Suppliers for the supplying of following material for the session 2025-26.

| S | Particular of work | Approx Cost (in Lac) | Cost of Tender form | E.M.D. | Completion period |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Lab Equipments/ Chemical/ Glassware/ Polyware and other consumables | 10.00 | 1,000/- | 50,000/- | 30 Days from the date of order |
| 2 | Furniture | 5.00 | 1,000/- | 25,000/- | |
| 3 | Library Books | 2.00 | 1,000/- | 10,000/- | |
| 4 | Printing of College Magazine "VEENAPANI" Session 2024-25 | 5.00 | 1,000/- | 25,000/- | 45 Days from the date of order |

**NOTE**

1. Terms and Conditions are explained in Tender Documents. Description of Items to be purchased mentioned in Tender form.
2. The Tender form can be purchased from **Office Counter No. 03** between 10:30 am to 02:00 pm from 01st August to 7th August - 2025 at the cost of Rs. 1000/- by cash payment.
3. Tenders may be Submitted in **Office Counter No. 03** upto 7th August - 2025 upto 02:00 pm.
4. Tenders will be opened on 12th August 2025 at 02:30 pm in Principal Office.
5. The college reserves all the rights to reject any tender without explaining any reason.

**Dated: 30.07.2025** (Dr. Garima Jain)

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

ADMISSION OPEN
Session 2025-26
न्यू स्टेट नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कालेज
12 किमी. स्टोन, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर
Affiliated by: U.P. State Medical Faculty Lucknow and recognized by the U.P. Govt.
कोर्स
• डी० पी० टी० • ऑप्टोमैट्री • ओ० टी० टैक्नीशियन
कोर्स अवधि : 2 वर्ष
योग्यता : 12वीं पास बायोलोजी/गणित
हसन नर्सिंग होम

92, उत्तरी सरवट गेट, मुजफ्फरनगर
मो0: 8899777782
9897640744
अखबार की कटिंग साथ लाने वाले को 5000 की छूट